वर्ष 73 अंक 84 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 22 दिसंबर, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 02, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

> जो आप सच में करना चाहते हैं, उसे करने की कोशिश कभी मत छोड़िए। जहां प्रेम और प्रेरणा होती है, वहां मुझे नहीं लगता कि आप गलत राह पर जा सकते हैं।
> – **एला फिट्जगेराल्ड**

## रेल किराया बढ़ाः लंबी दूरी की यात्रा पर हर किमी 1-2 पैसे ज्यादा लगेंगे

**26 दिसंबर से लागू**

**अनुमानः** किराया बढ़ोत्तरी से रेलवे को सालाना 600 करोड़ की अतिरिक्त आय होगी।
**राहतः** 215 किमी से कम दूरी और मंथली सीजन टिकट पर कोई किराया बढ़ोत्तरी नहीं।

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी की यात्राओं के लिए रेल किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की है। नया किराया 26 दिसंबर 2025 से लागू होगा। इसके तहत 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर पर 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। इस बढ़ोतरी के बाद भोपाल से दिल्ली का सफर करने वाले यात्रियों को करीब 16 रुपये ज्यादा देने होंगे।

रेलवे का अनुमान है कि इस फैसले से उसे सालाना करीब 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। हालांकि, 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मंथली सीजन टिकट (एमएसटी) धारकों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, 215 किलोमीटर से कम की दूरी पर किराया पहले जैसा ही रहेगा। इसके अलावा, उपनगरीय (सब-अर्बन) ट्रेनें और मंथली सीजन टिकट की कीमतें भी अपरिवर्तित रखी गई हैं। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे महानगरों में लोकल ट्रेनों से रोजाना सफर करने वाले यात्रियों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा।

**साल में दूसरी बार बढ़ोत्तरीः** यह इस साल किराये में दूसरी बढ़ोत्तरी है। इससे पहले 1 जुलाई 2025 को नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में 1 पैसा प्रति किमी और एसी क्लास में 2 पैसे प्रति किमी की बढ़ोतरी की गई थी। इससे पहले यात्री किराया 2020 में बढ़ाया गया था।



### किराया बढ़ाने की वजह

रेलवे मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, यह बढ़ोतरी परिचालन लागत (ऑपरेशनल कॉस्ट) में वृद्धि और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट परियोजनाओं को फंड करने के लिए जरूरी थी। रेलवे नई ट्रेनों के संचालन, सेवाओं के सुधार और स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर लगातार निवेश कर रहा है। अतिरिक्त आय का उपयोग इन्हीं कार्यों में किया जाएगा।

## ट्रेन में जनरल टिकट का प्रिंट जरूरी नहीं

भारतीय रेलवे ने जनरल यानी अनरिजर्व्ड टिकट को लेकर फैले भ्रम को साफ कर दिया है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यूटीएस (अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम) मोबाइल ऐप से बुक किए गए जनरल टिकट का प्रिंटआउट रखना जरूरी नहीं है। यात्री सफर के दौरान अपने मोबाइल में ऐप के 'शो टिकट' विकल्प से टिकट दिखा सकते हैं और यह पूरी तरह वैध माना जाएगा। रेलवे की यह सफाई एक वायरल वीडियो के बाद आई है, जिसमें एक टिकट चेकिंग स्टाफ यात्री से यूटीएस ऐप से बुक किए गए टिकट की प्रिंटेड कॉपी मांगता नजर आया था। इस वीडियो के बाद यात्रियों में यह भ्रम फैल गया था कि क्या मोबाइल टिकट का भी प्रिंट निकालकर रखना अनिवार्य हो गया है। हालांकि, जिन यात्रियों ने खिड़की या किसी अन्य माध्यम से टिकट लेकर उसका प्रिंट निकाला है, उन्हें यात्रा के दौरान वही फिजिकल टिकट साथ रखना होगा। रेलवे ने यह भी साफ किया कि टीटीई द्वारा डिजिटल टिकट का प्रिंट मांगना गलत है और ऐसा कोई नियम नहीं है। रेल मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यूटीएस ऐप के 'शो टिकट' सेक्शन में दिखाया गया डिजिटल टिकट ही यात्रा के लिए वैध प्रमाण है। यात्री उसी मोबाइल डिवाइस पर टिकट दिखा सकते हैं, जिससे बुकिंग की गई हो।

### वंदे भारत ट्रेनों में अब मिलेंगे क्षेत्रीय व्यंजन

इसी बीच, यात्रियों के सफर को और बेहतर बनाने के लिए रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में क्षेत्रीय (रीजनल) और पारंपरिक व्यंजन परोसने की पहल शुरू की है। रेल मंत्रालय के अनुसार, इसका उद्देश्य यात्रियों को उनके रूट के अनुसार स्थानीय स्वाद उपलब्ध कराना है। नई व्यवस्था के तहत पटना-रांची वंदे भारत में चंपारण पनीर, पटना-हावड़ा रूट पर चंपारण चिकन, गुजरात रूट पर मेथी थेपला और मसाला लौकी, केरल रूट पर अप्पम, केरल पराठा और पालाडा पायसम, पश्चिम बंगाल रूट पर कोशा पनीर और आलू पोतोल भाजा, दक्षिण भारत की ट्रेनों में दोंडाकाया करम पोडी फ्राई और आंध्र कोडी कूरा और ओडिशा रूट पर आलू फूलकोपी परोसी जाएगी।

## अरावली के खनन पर रहेगी रोक सुको ने नई परिभाषा को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट ने जिस समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी है, उसके तहत संरक्षित क्षेत्र, इको-सेंसिटिव जोन, टाइगर रिजर्व, आर्द्रभूमि (वेटलैंड्स) और इनके आसपास के इलाकों में खनन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। केवल राष्ट्रीय हित में आवश्यक, रणनीतिक और गहराई में स्थित खनिजों के लिए ही सीमित छूट दी जा सकती है। हाल के दिनों में अरावली पहाड़ियों की नई परिभाषा को लेकर उठे विवाद और खनन को अनुमति मिलने के दावों को सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है।

**ऑफ बीट**

### चीन में रोबोट करने लगे डांस, वीडियो वायरल



*चीन में तकनीक और कला के मेल का एक अनोखा नजारा देखने को मिला है। एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान मशहूर सिंगर वांग लेहोम के साथ ह्यूमनॉइड रोबोट्स ने मंच पर डांस परफॉर्मेंस दी। रोबोट्स ने पेशेवर डांसरों की तरह तालमेल और स्टेप्स दिखाए, जिससे दर्शक हैरान रह गए। इस परफॉर्मेंस का मकसद यह दिखाना था कि आधुनिक तकनीक किस तरह कलाकारों की कला को और आगे बढ़ा सकती है। मंच पर रोबोट्स और इंसानों की जुगलबंदी ने यह संदेश दिया कि भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स मनोरंजन की दुनिया में नई संभावनाएं खोल सकते हैं।*

## हुमायूं कबीर आज करेंगे नई पार्टी की घोषणा

**कोलकाता, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता हुमायूं कबीर ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा ऐलान कर दिया है। हुमायूं ने कहा है कि वह नई पार्टी बनाकर राज्य की सभी 294 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और खुद को किंगमेकर की भूमिका में देख रहे हैं। हुमायूं कबीर सोमवार को मुर्शिदाबाद में अपनी नई राजनीतिक पार्टी का औपचारिक गठन करने जा रहे हैं। पार्टी के गठन से पहले ही उन्होंने साफ कर दिया है कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि फिलहाल उन्होंने अपनी पार्टी के नाम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन चुनाव आयोग में टेबल समेत तीन चुनाव चिन्हों के लिए आवेदन कर दिया है।

**वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह में राज्यपाल और सीएम रहे मौजूद**

## व्यक्ति नहीं, विचार और मिशन थे भारत रत्न अटल जीः उपराष्ट्रपति

**विशेष संवाददाता भोपाल।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि स्व अटल जी संवाद, समावेशी विकास और मानवीय सुशासन में विश्वास रखते थे। वे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और मिशन थे। उनके कर्म, आदर्श और सुशासन की दृष्टि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक प्रकाश हैं। उपराष्ट्रपति रविवार को इंदौर में आयोजित भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अटल जी की विरासत को आगे बढ़ा रहे है। जिससे देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है।

इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्व अटल जी की जन्म शताब्दी केवल पुण्य स्मरण का प्रसंग नहीं, बल्कि उनके विराट व्यक्तित्व, उच्च आदर्शों और दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरणा प्राप्त करने का पावन क्षण है। उन्हें अटल जी के सानिध्य में कार्य करने का अवसर मिला, जहां उनके महान आभामंडल में रहकर उन्हें करीब से देखने, समझने और उनसे प्रेरित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कुछ शब्दों में समेटना संभव नहीं है, वे एक विराट व्यक्तित्व और एक चलता-फिरता महाकाव्य थे।

**चार विभूतियों को अटल अलंकरणः** 'शून्य से शतक' कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि सत्यनारायण सत्तन, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, भारतीय क्रिकेट टीम की चयन समिति के पूर्व चयनकर्ता संजय जगदाले तथा पारंग शुक्ला (सागर) को 'अटल अलंकरण' से सम्मानित किया गया। इस दौरान अटल फाउंडेशन की श्रीमती माला तिवारी वाजपेई ने स्वागत भाषण दिया।



### अटल जी की राजनीतिक यात्रा लोकतंत्र की प्रेरक गाथाः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. अटलजी का जीवन विचारों की दृढ़ता, राष्ट्रधर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनका व्यक्तित्व ऐसा था जिसने हर काल और हर युग में भारतीय राजनीति को दिशा दी। उनकी राजनीतिक यात्रा भारतीय लोकतंत्र की प्रेरक गाथा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री रहते हुए देश को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने की अटल जी की दूरदृष्टि अद्वितीय रही है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की पवित्र भूमिका निभाई। 50 वर्ष तक इस भूमिका में रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल लागू करना लोकतंत्र का गला घोंटने वाली घटना थी। इस कठिन दौर में भी बगैर संकोच के साथ अटल जी ने लालकृष्ण आडवाणी के साथ अनेक मंचों यहां तक की अपनी कविताओं के माध्यम से दिए गए योगदान को यादगार बनाया। अटल जी के मन में सदैव पवित्रता का भाव रहता था। सरकार जाए तो चली जाए, लेकिन मूल्यों से वे कभी भी समझौता नहीं करते थे।

## बीएसएफ में अग्निवीरों को 50 फीसदी आरक्षण



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कांस्टेबल भर्ती को लेकर केंद्र सरकार ने अहम फैसला लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षण को 10 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। यह संशोधन बीएसएफ जनरल ड्यूटी कैडर भर्ती नियम में बदलाव कर लागू किया है। नोटिफिकेशन के अनुसार, पहले बैच के पूर्व अग्निवीरों को ऊपरी आयु सीमा में 5 साल तक की छूट मिलेगी। अन्य पूर्व अग्निवीरों को 3 साल की आयु छूट दी जाएगी। इसके अलावा, पूर्व अग्निवीरों को फिजिकल स्टैंडर्ड और फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट से भी छूट दी जाएगी। हर भर्ती वर्ष में 50 फीसदी पद पूर्व अग्निवीरों के लिए, 10 फीसदी पूर्व सैनिकों और 3 फीसदी पद कॉम्बैटाइज्ड कांस्टेबल के लिए आरक्षित रहेंगे।





## बीजेपी को किसान सम्मेलन करने का अधिकार नहीं: शिव सिंह

**रीवा।** देश के किसानों मजदूरों के खिलाफ लगातार कानून बनाने में प्रमुख भूमिका अदा करने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आगामी 25 दिसंबर को रीवा जिले के बसावन मामा गौवंश वन विहार में बीजेपी सरकार द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसका संयुक्त किसान मोर्चे के नेता व किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट शिव सिंह ने विरोध करते कहा कि जिस बीजेपी सरकार में किसानों के खिलाफ तीन काले कृषि कानून लाए गए, देश भर में जारी किसान आंदोलन दौरान सैकड़ों किसानों को शहादत देनी पड़ी। किसानों को तरह-तरह से प्रताड़ित कर तानाशाही पूर्ण तरीके से उन्हें रोका गया दमन किया गया तथा क्रूरता पूर्वक आंदोलन कुचलने का प्रयास किया गया लेकिन किसान आंदोलन की ताकत एवं देश भर से मिले समर्थन से सरकार को झुकना पड़ा। शिव सिंह ने यह भी कहा कि सरकार की नाकामी का परिणाम था कि खाद के लिए किसान को लाठी खानी पड़ी तथा आज भी धान की फसल बेचने बारदाना के अभाव में किसान समितियों में कड़ाके की ठंड में रात दिन गुजारने को मजबूर है, ऐसी स्थिति में बीजेपी को किसान सम्मेलन करने का कोई अधिकार नहीं है।

## अस्पताल गेट से नहीं हटा पा रहे अतिक्रमण



### सुबह से रात तक सजी रहती हैं दुकानें

**जागरण, रीवा।** गांधी मेमोरियल अस्पताल के गेट के सामने से अतिक्रमणकारियों का कब्जा नहीं हट रहा। यहां सुबह से शाम तक दुकानें सजी रहती हैं। जिससे अस्पताल आने-जाने वाले मरीज व उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार गेट के सामने सामने सजी दुकानों के कारण मरीजों को लाने-ले जाने वाली एम्बुलेंस को निकालने में चालक को पसीना आ जाता है। अतिक्रमणकर्ताओं को जहां खाली जगह मिलती है, ठेला, बरसाती लगाकर अपनी दुकानें सजा लेते हैं। अस्पताल चौराहे के साथ ही पूरा शहर अतिक्रमणकारियों की चपेट में है जबकि निगम द्वारा लाखों रुपए व्यय कर बनाए गए हॉकर्स कॉर्नर खाली पड़े हैं, निगम के जिम्मेदारों यहां पर ठेले व दुकानें नहीं लगवाई जा रही।

शहर में सुबह से निगम का अतिक्रमण हटाओ उड़नदस्ता वाहन में बैठकर घूमता रहता है, लेकिन शहर के विभिन्न चौराहे, सड़क, सार्वजनिक स्थल में अतिक्रमण बरकरार है। उड़नदस्ता वाहन में बैठे अधिकारी, कर्मचारी अतिक्रमण हटाने के नाम पर महज औपचारिकता निभा रहे हैं, जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं, उड़नदस्ते की लचर कार्य प्रणाली के चलते शहर में लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है।

# अबकी बार आसान नहीं होगी नए साल की कॉकटेल पार्टी, पुलिस की रहेगी सख्त नजर

### बिना अनुमति शराब परोसी तो होगी सीधी कार्रवाई, शराब पार्टी के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य



फाइल फोटो

जागरण, रीवा

दिसंबर माह बीतने के साथ ही साल 2025 का भी अंत होने वाला है। लिहाजा गुजरे साल की विदाई और नये साल 2026 के स्वागत के लिए लोगों ने अभी से तैयारिया प्रारंभ कर दी हैं। किसको कहां और कैसे पार्टी करनी है इसकी योजना बनने लगी है। नए साल का जश्न मनाने की तैयारी कर रहे शहरवासियों के लिए आवश्यक खबर यह है कि पुलिस प्रशासन ने भी नये साल के स्वागत के नाम पर होने वाली कॉकटेल पार्टियों में होने वाले उत्पात पर अंकुश लगाने के कमर कसना शुरू कर दिया है। बताया गया है कि अबकी बार नये साल की कॉकटेल पार्टियां करना बिल्कुल भी आसान नहीं होगा। इस पर पुलिस के साथ-साथ आबकारी पुलिस का भी सख्त पहरा होगा। बिना अनुमति और जानकारी होने वाली किसी भी पार्टी में शराबखोरी होने पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। आबकारी नियमों के मताबिक इसके लिए पहले से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। शहर के हर चौराहों और होटलों के साथ शहर की सीमाओं पर स्थित ढाबों पर नजर रखी जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों के मुताबिक इस बार 31 दिसंबर और 1 जनवरी की रात शराब पार्टी करना आसान नहीं होगा। घर, होटल, रेस्टोरेंट या फिर फार्म हाउस कहीं भी शराब परोसनी है तो पहले विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए गए हैं और स्पष्ट किया गया है कि बिना लाइसेंस शराब परोसने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। अवैध शराब की बिक्री और नशे में हुड़दंग की घटनाएं लगातार बढ़ती रही हैं। शहर में कहीं भी शराब परोसने, पार्टी आयोजित करने या किसी भी तरह की ड्रिंक पार्टी के लिए अनुमति लेनी ही होगी। यहां तक कि घर में दोस्तों के साथ होने वाली छोटी गेदरिंग को भी इस दायरे में रखा गया है। इस बार मैरिज गार्डन या फार्म हाउस पर होने वाली बड़ी पार्टी के लिए भी लाइसेंस का शुल्क निर्धारित किया गया है। होटल, रेस्टोरेंट और पार्टी प्लेस को साफ चेतावनी दी गई है कि बिना अनुमति शराब परोसने पर आबकारी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आबकारी नियमों के अनुसार होटल, मैरिज गार्डन और फार्म हाउस पर शराब पार्टी के लिए एक दिन का अस्थाई लाइसेंस जारी किया जाएगा। बिना लाइसेंस पार्टी करने वालों पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि पुलिस प्रशासन द्वारा राज्य सरकार की मंशा के अनुसार रीवा जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है और नशा सामग्री की तस्करी करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस द्वारा यह एडवायजरी जारी की गई है कि नये साल के नाम काकटेल पार्टियों में हंगामा करने वाले पहले से ही सभल जाय और अपनी ओछी हरकतो से बाज आयें। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी शहरी थानों के साथ-साथ कस्बाई थानों के प्रभारियों को साफ निर्देश दिये गये हैं कि नये में किसी भी प्रकार का हंगामा नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर नशा तस्करों और नशा सामग्री की आने वाली अवैध खेप पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

# हिंदू अत्याचार और हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन

### हिंदू महासंघ ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

### देश में छिपे बांग्लादेशी और पाकिस्तानियों को देश से बाहर निकालने की मांग



**जागरण, रीवा।** देश के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हिंदू भाइयों के साथ हो रहे अत्याचार और हत्याओं की घटना के विरोध में रविवार को नगर में हिंदू महासंघ के द्वारा बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। हिंदू संगठन के लोगों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदू भाइयों के साथ हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने और देश में घुसपैठिए बनकर छिपे बांग्लादेशी और पाकिस्तानियों को देश से बाहर निकालने की मांग की है। दरअसल यह विरोध प्रदर्शन रविवार रीवा शहर के मुख्य बाजार स्थित शिल्पी प्लाजा चौराहे में किया गया, जहां हिंदू महासंघ के बैनर तले बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का ना सिर्फ पुतला फूंका गया बल्कि बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। हिंदू संघ महासंघ के पदाधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों ने एक बार फिर सिर उठाते हुए हिंदू भाइयों के साथ अत्याचार की हद पार करते हुए नरसंहार जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। उन्होंने देश के केंद्रीय गृहमंत्री से मांग करते हुए कहा कि भारत सरकार जल्द से जल्द बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू भाइयों पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाए, साथ ही भारत देश में घुसपैठिया बनकर छिपे बांग्लादेशियों और पाकिस्तानियों को चिन्हित कर देश से बाहर निकल जाए।

# नाले को पाट कर खोल ली फर्नीचर की दुकान

### कब्जाधारी ने अच्छे-खासे नाले को पाइप डालकर बना दिया नाली



**जागरण, रीवा।** शहर के समान क्षेत्र में बने ओवर ब्रिज के नीचे से बाणसागर कॉलोनी जाने वाली सड़क किनारे बने नाले में एक फर्नीचर व्यवसायी ने नाले का भराव कर फर्नीचर की दुकान खोल ली। दुकानदार ने अच्छे-खासे नाले में एक पाइप डालकर उसे नाली के रूप में परिवर्तित कर दिया। नए बस स्टैंड के समीप मुख्य तिराहे पर अवैध रूप से किया गया कब्जा जिम्मेदारों को दिखाई नहीं दे रहा। कब्जाधारी यहां अपनी दुकान संचालित करने के साथ ही फर्नीचर का निर्माण भी यहीं कर रहा है।

आसपास के दुकानदारों ने बताया कि यहां नाला निर्माण किया गया था, काफी गहरा नाला बना है, किन्तु धीरे-धीरे इसका भराव करके यहां पर दुकान खोल ली गई है। कब्जाधारी ने भराव कर नाले को छिपाने का भरसक प्रयास किया, किन्तु नाले किनारे बनी दीवार को पूरी तरह छिपा नही पाया। शासन के नियमानुसार किसी भी नदी अथवा नाले से लगभग 30 मीटर की दूरी तक किसी प्रकार का निर्माण प्रतिबंधित है, किन्तु शहर में कब्जाधारियों के लिए सब जायज है। क्योंकि कब्जे का खुलासा होने के बाद भी कई बार इन पर कार्यवाही नहीं होती। शहर का सिर्फ यही नाला नहीं, बकि अन्य नालों पर भी अवैध कब्जा करने वालों की भरमार है। अमहिया क्षेत्र से जा रहे नाले पर कई स्थानों पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है, कहीं सड़क पर ही निर्माण हो गया है तो कहीं अवैध कब्जे के कारण नाला सिकुड़ गया है। धिरमा नाला के दोनों छोर पर निर्माण हो गया है, इसी नाले को आगे बंद भीकर दिया गया है, अवैध रूप से नाले पर किए गए कब्जे का मामला उजागर होने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा इन पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही।

# रीवा को विकास के शिखर पर पहुंचाना है: उप मुख्यमंत्री

### सामाजिक सद्भाव मिलन एवं विन्ध्य नायक सम्मान समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा को विकास के शिखर पर पहुंचाना है और आने वाली पीढ़ी को ऐसा रीवा सौंपना है जहाँ अधोसंरचना विकास के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की उपलब्धता हो। उप मुख्यमंत्री सामाजिक सद्भाव मिलन एवं विन्ध्य नायक सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। सिंधु भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक समरसता और जन सहयोग की भावना से समर्पित यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष और भी आकर्षक होता जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक राजन वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी लोगों के प्रति सद्भाव व विश्वसनीयता का ही परिणाम है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग से मुझे जो ताकत मिली है उसका मैं पूरा सदुपयोग करते हुए सबकी आशाओं और अपेक्षाओं में खरा उतरने की कोशिश करता हूं ताकि रीवा को एक पहचान मिल सके और रीवा देश का उत्कृष्ट जिला बने। उन्होंने कहा कि आगामी 25 दिसम्बर को अटल पार्क में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अटल जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस ऐतिहासिक पल के सभी लोग साक्षी बनें और अटल जी के प्रति अपनी श्रद्धा को प्रकट करें। श्री शुक्ल ने कहा कि 22 दिसम्बर से रीवा-इंदौर की नियमित वायु सेवा आरंभ हो रही है जिससे रीवा के विकास को नए पंख लगेंगे और रीवा के लोग देश व विदेश की यात्रा रीवा से ही टिकट कराकर कर सकेंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, आयोजक राजन वर्मा, पार्षद दीनानाथ वर्मा, राजेश पाण्डेय, प्रबोध व्यास, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, राजकिशोर कुशवाहा, कमल सचदेवा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# इतिहास से महापुरुषों के नाम विलोपित कर रही भाजपा



### कांग्रेस ने सिरमौर चौक में किया विरोध प्रदर्शन

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाये जाने को लेकर शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू की अध्यक्षता में सिरमौर चौराहा में राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष धरना पद्रर्शन किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू एवं सभी कांग्रेस जनों द्वारा माल्यार्पण कर धरना प्रदर्शन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि न केवल राष्ट्रपति वरन् स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले सभी महापुरुषों का नाम विलोपित किया जा रहा है। यह आर एस एस की सोची समझी साजिश है। आर एस एस एवं भाजपा के किसी नेता ने देश की आजादी दिलाने में भाग नहीं लिया। चूंकि यह पूरा आंदोलन कांग्रेस और उसके महापुरुषों द्वारा संचालित किया गया इसलिए इतिहास से उन सबका नाम हटाने के लिए यह कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इन इरादों को कभी सफल होने नहीं देगी। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरीश सिंह ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# सवारी वाहन का उपयोग हो रहा लोडिंग वाहन के रूप में

### बीच बाजार क्षमता से अधिक माल भरकर चौराहे पर बेखौफ दौड़ा रहे वाहन



**जागरण, रीवा।** शहर में सवारी वाहनों का उपयोग लोडिंग वाहन के रूप में किया जा रहा है, जो क्षमता से अधिक माल लोड कर भीड़ भरे बाजार में बेखौफ घुस आते हैं, ओवरलोड माल वाहनों के आगे और पीछे दोनों तरफ लटका रहता है, जिससे आवागमन तो बाधित होता है दुर्घटना घटने की भी आशंका बनी रहती है। रविवार को शिल्पी प्लाजा में एक ई-रिक्शा चालक क्षमता से अधिक पाइप भरकर बेधड़क अपना रिक्शा सड़क पर दौड़ा रहा था, रिक्शा के ऊपर लदे पाइप रिक्शा के आगे और पीछे लटक रहे थे, जिससे बार-बार रिक्शा का संतुलन बिगड़ रहा था, लेकिन इससे रिक्शा चालक को कोई फर्क नहीं पड़ रहा था, आगे-पीछे व आसपास से निकलने वाले वाहन चालक अपनी सुरक्षा स्वयं करते निकल रहे थे। लोडिंग रिक्शा चलाने वालों का कहना है कि सवारी वाहनों का उपयोग अधिकतर चालक लोडिंग वाहन के रूप में कर रहे हैं, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। यातायात पुलिस व परिवहन विभाग को इनके विरुद्ध कार्यवाही करना चाहिए, किन्तु फिलहाल तो ऐसे कोई आसार नहीं दिखाई दे रहे।

# बिछिया क्षेत्र में लगा जाम, बेतरतीब परिवहन बिगाड़ रहा व्यवस्था

### मुख्य चौराहे सहित भीड़ भरी सड़कों में रोज की समस्या



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया क्षेत्र में रविवार को जाम लगा रहा, जाम लगने से निकलने वाले वाहनों के चके थम गए, वाहन चालक हॉर्न बजाते रहे, किन्तु यहां व्यवस्था देखने वाला कोई नहीं था। यहां फंसे वाहन चालक आवागमन सुचारु करने में सहयोग की बजाय अपने वाहन लेकर घुसे चले आ रहे थे। कुछ वाहन चालकों ने ही पहल करते हुए किनारे फंसे वाहनों को हटवाया और आवागमन सुचारू करवाया। शहर की मुख्य सड़कों सहित विभिन्न चौराहे में दिनभर में अनेकों बार जाम लगना आम बात हो गई है। कुछ सड़कों को छोड़ दें तो बाकी की सड़कें काफी चौड़ी हैं, इसके बाद भी शहरवासियों को जाम का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर वाहन चालक अपनी साइड से वाहन न चलकर रॉग साइड ही चलते हैं, बाएं ओर से ओवरटेक करने की बजाय दोनों ओर से ओवरटेक करते हैं, जिसमें कई बार सामने से आ रहे या बगल से जा रहे वाहनों से टकरा भी जाते हैं, ऑटो चालकों के लिए कोई नियम ही नहीं है, इंडीकेटर अथवा हाथ दिए बिना ही कई वाहन चालक अपने वाहन अचानक मोड़ देते हैं, शहर में लगे सिग्नल को अधिकतर वाहन चालक तोड़ते हैं, जब तक इस प्रकार की समस्याएं बरकरार रहेंगी संभवतः जाम से निजात मिलना मुश्किल है।

# जातियों में छुपे स्वार्थी लोगों को चिन्हित करना होगा

### संत गाडगे चौक में आयोजित किया गया सामाजिक सद्भावना कार्यक्रम



**जागरण, रीवा।** ओबीसी महासभा और संत गाडगे विचार मंच के तत्वाधान में क्रांतिकारी मातादीन भंगी, बाबा साहब डॉ आंबेडकर, लौह पुरुष सरदार पटेल और संत गाडगे जी महाराज के परिनिर्वाण पखवाड़े के अवसर पर शहर के संत गाडगे चौक में सामाजिक सद्भावना के कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ओबीसी महासभा के संभागीय अध्यक्ष जेपी कुशवाहा ने कहा कि समाज को नई दिशा देने के लिए हर जातियों में छुपे स्वार्थी और दोगलों को चिन्हित करना होगा। उन्होंने कहा कि एवं शिक्षा को गर्व बनाना होगा घमंड नहीं, तभी आपस का भाईचारा बढ़ेगा, एकता बढ़ेगी और समाज प्रगति करेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फूलचंद वंशपाल मौजूद रहे। अध्यक्षता बाबूलाल बुनकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुष्पराज सिंह, इंजीनियर दीपक सिंह, अजेक्स जिला अध्यक्ष स्नेह लता चौधरी, एडवोकेट रामानुज सोधिया, पूर्व वार्ड पार्षद मुनुआ साकेत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दसमतिया साकेत, श्रवण नामदेव, जानकी सेन, नत्थूलाल सेन, कुशवाहा समाज के अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, पप्पू कनौजिया, लक्ष्मण साहू, धर्मेंद्र कुशवाहा, दिलीप भारती, राजीव विश्वकर्मा अमन भारतीय, महेश बंसल, दीपू बंसल, उमाशंकर कुशवाहा, सुदामा कुशवाहा, मुन्नी लाल जायसवाल, असीम सिंह, प्रीति सोंधिया, जागबाली कुशवाहा, कुंजीलाल सेन, रमाशंकर मौजूद रहे। मंच का संचालन रवि राज बंसल ने किया एवं कार्यक्रम के संयोजक छोटेलाल रजक रहे।


कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र.229 प्रवा./ भू-अर्जन / 2025 मऊगंज दिनांकः 04.11.2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है | अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 19 के अंतर्गत इसके दवारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है :-

|| अनुसूची ||

भूमि का विवरण :-

जिला - मऊगंज

तहसील - नईगढ़ी

ग्राम - चकरहा टीला 269

क्षेत्रफल - 0.001 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.मे.) |
|---|---|---|
| 1 | 22/1<br>22/2/1<br>22/2/2 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है - "बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण " में आने वाले निजी / शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु |

2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह) अनुविभागीय अधिकारी नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना उपसंभाग क्रमांक 2, मनगंवा जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा) कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन) कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

जी-22952/25



वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो

एफएसआईबी FSIB

भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था
निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
में
उप प्रबंध निदेशक

आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव/सेवा आवश्यकता और अन्य नियमों एवं शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत विज्ञापन देखें।

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या सीधे https://www.research.net/r/dmdnabard2025 पर जा करके आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि: 16 जनवरी, 2026 शाम 5:00 बजे तक**

नोट: शुद्धिपत्र सहित अतिरिक्त विवरण, यदि कोई हो, केवल ब्यूरो की वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाएंगे।

खुशखबरी! आज से अंतर्राष्ट्रीय वायुसेवा से जुड़ जायेगा विंध्य, 12 देशों की कर सकेंगे यात्रा

# रीवा से इंदौर विमान सेवा का आज होगा शुभारंभ, प्रतिदिन उड़ेगा इंडिगो का प्लेन







## उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास और आवास मंत्री की उपस्थिति में होगा शुभारंभ

जागरण, रीवा

विंध्यवासियों के लिए आज का दिन खुशखबरी वाला दिन है। खासकर उन लोगों के लिए जो देश के साथ विदेशी यात्राएं भी करते हैं। आज 22 दिसंबर को रीवा से इंदौर के लिए विमान सेवा शुरू होते ही विंध्य भी अंतर्राष्ट्रीय वायुसेवा से जुड़ जायेगा। रीवा इंदौर विमान सेवा शुरू होने के साथ ही दुनिया के 12 देशों के लिए एयर कनेक्टिविटी शुरू हो जायेगी। रीवा से ही इन 12 देशों के विभिन्न शहरों के लिए टिकट बुकिंग के साथ ही उन्हें गंतव्य देश के एयर पोर्ट में लगेज मिलेगा। उन्हें किसी तरह से परेशान नहीं होना पड़ेगा।

रीवा-भोपाल, रीवा-दिल्ली के बाद अब रीवा-इंदौर नियमित वायुसेवा का शुभारंभ होने जा रहा है। आज 22 दिसंबर को उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं नगरीय विकास, आवास और संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में रीवा एयरपोर्ट में रीवा-इंदौर विमान सेवा का शुभारंभ होगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आरंभ होगा। रीवा से इंदौर हवाई सेवा विन्ध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई गति देगा तथा विकास, व्यापार और पर्यटन के अवसरों को सशक्त बनाएगा। इससे विन्ध्य क्षेत्र के इंदौर में निवासरत हजारों नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इंदौर विमानतल से मुंबई, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, बैंगलोर आदि शहरों के साथ ही विदेशों के लिए भी सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इस हवाई सेवा से विन्ध्य क्षेत्र के सतना, सीधी, शहडोल, मऊगंज आदि क्षेत्रों के नागरिकों को भी व्यापार, व्यवसाय के साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा में सुविधा भी मिलेगी। रीवा से इंदौर के लिये एटीआर 72 विमान उड़ान भरेगा। इंडिगो एयरलाइंस की इस नियमित सेवा में वायुयान सुबह 11.30 बजे इंदौर से रवाना होकर दोपहर बाद 1.15 बजे रीवा आयेगा, तदुपरांत 1.35 बजे रीवा से इंदौर रवाना होगा।

### विदेशी पर्यटकों का आना-जाना भी शुरू

रीवा-दिल्ली विमान सेवा शुरू होते ही विदेशी पर्यटकों का रीवा आना जाना शुरू हो गया है। शनिवार को कई विदेशी पर्यटक रीवा आए और दिल्ली भी गए।

### नगर निगम ने शुरू की सिटी बस सेवा

रीवा से दिल्ली के बाद अब रीवा से इंदौर नियमित विमान सेवा शुरू होने के साथ ही नगर निगम रीवा ने एयरपोर्ट तक सिटी बस सेवा भी शुरू कर दी है। बताया गया है कि यह सिटी बस सिरमौर चौराहा से एयर पोर्ट तक जायेगी। इससे विमान यात्रियों को आने जाने में भी सुविधा होगी।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आयेंगे उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल जायेंगे





इंडिगो एयरलाइंस के विमान से नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने 40 से अधिक सदस्यीय दल के साथ इंदौर से रीवा आयेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल स्वयं इस विमान से 70 से अधिक यात्रियों के साथ इंदौर रवाना होंगे। उप मुख्यमंत्री इंदौर पहुंचकर उज्जैन रवाना होंगे तथा उज्जैन में रात्रि विश्राम करेंगे। उप मुख्यमंत्री 23 दिसम्बर को सुबह 4 बजे श्री महाकाल भस्म आरती दर्शन करने के उपरांत सुबह 6 बजे भोपाल रवाना हो जाएंगे। मंत्री श्री विजयवर्गीय स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दोपहर 2.30 बजे सतना के लिए प्रस्थान करेंगे। वह अपने साथ अए दल को चित्रकूट व मैहरधाम का भ्रमण करायेंगे।

### इन देशों से सीधे जुड़ा रीवा

रीवा-इंदौर वायुसेवा शुरू होने के साथ दुनिया के जिन 12 देशों से रीवा जुड़ रहा है उनमें फुकेट, कराबी(थाईलैड), रास अल खैमाह, अबूधाबी, शारजाह (संयुक्त अरब अमीरात), एथेंस ग्रीस, सिंगापुर, हनोई वियतनाम, बाली इंडोनेशिया, एम्सटर्डम नीदरलैंड, मैनचेस्टर इंग्लैंड, कोपेनहैंगन डेनमार्क से जुड़ जायेगा। इन शहरों के लिए बुकिंग भी शुरू हो गई है।

# पहले लैब सुविधा व स्टाफ हो तब करें गुणवत्ता को लेकर कार्रवाई

## फील्ड इंजीनियर्स ने एक पक्षीय कार्यवाही का किया विरोध

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश लोकनिर्माण विभाग में कार्यरत फील्ड इंजीनियरों के खिलाफ गुणवत्ता को लेकर की रही कार्यवाही को एक पक्षीय करार देते हुए फील्ड इंजीनियर्स ने विरोध जताया है। संघ ने कहा कि जब तक लैब सुविधा, पर्याप्त स्टाफ व निरीक्षण वाहन की सुविधा नहीं उपलब्ध करायी जाती तब तक इस तरह की कार्यवाही अनुचित है। संघ ने कहा कि फील्ड इंजीनियरों द्वारा निरीक्षण का कतई विरोध नहीं किया जा रहा है, बल्कि वे स्वयं यह मांग कर रहे हैं कि कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित कराने हेतु आवश्यक संसाधनों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। बिना समुचित संसाधनों के गुणवत्ता सुनिश्चित करना व्यावहारिक रूप से कठिन हो जाता है। यह भी देखने में आ रहा है कि निरीक्षणकर्ताओं द्वारा एक पक्षीय रूप से स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की जाती है, जबकि कार्य निष्पादन हेतु ठेकेदारों से अनुबंध किया जाता है, जिनकी यह जिम्मेदारी होती है कि वे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य संपन्न करें। यदि किसी कार्य में कमी पाई जाती है, तो प्राथमिक रूप से संबंधित ठेकेदार से सुधार कार्य कराया जाना चाहिए, न कि सीधे सहायक अभियंता अथवा कार्यपालन यंत्री अथवा फील्ड इंजीनियर के विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जाए। सुधार उपरांत पुनः कार्य का निरीक्षण कराया जा सकता है, जिस पर भी फील्ड इंजीनियरों को कोई आपत्ति नहीं है। उनकी एकमात्र मांग यह है कि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए। बता दें कि फील्ड इंजीनियरों द्वारा विरोध किया जा रहा है ताकि बल्कि न्यायसंगत, पारदर्शी एवं संसाधनयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# ट्रक ड्राइवर को कांच फोड़कर जान से मारने की दी धमकी



## मऊगंज बायपास पर गुंडागर्दी का तांडव, आरोपियों के हौसले बुलंद

**जागरण,रीवा।** मऊगंज जिले के एनएच-135 बायपास एक बार फिर दबंगई और खुलेआम गुंडागर्दी का गवाह बना। होटल/ढाबों के बीच सरेराह रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगना, गाली-गलौज, वाहन में तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी का यह पूरा घटनाक्रम 19 दिसंबर की रात करीब 10 बजे का है। एक ट्रक गैलेक्सी होटल के पास शर्मा कैफे के सामने पहुंचा तभी एक व्यक्ति ने सफारी वाहन क्रमांक यूपी 90 एन 6205 को बीच सड़क खड़ा कर रास्ता रोक लिया और ट्रक चालक को अभद्र गालियां देते हुए शराब पीने के लिए पैसे मांगे। खुद को लालता तिवारी बताते हुए उसने इलाके का गुंडा होने और बायपास की सारी प्रॉपर्टी मेरी है जैसी धमकियां दीं। पैसे देने से इंकार करने पर आरोपी और उसके साथी ने डंडे से ट्रक के आगे का कांच तोड़ दिया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इतना ही नहीं, भीड़ जुटती देख दोनों ने फरियादी को जान से खत्म करने की धमकी दी और मौके से रीवा की ओर फरार हो गए। घटना ने हाईवे सुरक्षा और बायपास क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फरियादी भूरा परमार ने बताया कि अपने साथी वीरपाल सिंह परमार के साथ गोरखपुर से माल खाली कर जबलपुर जा रहे थे, तभी एक व्यक्ति द्वारा बीच सड़क में गाड़ी लगाकर ट्रक के साथ तोड़फोड़ की गई, जो अपने आप को लालता तिवारी बता रहा था, वहीं फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

# कोदौ की रोटी खाने से पांच बीमार, एक महिला गंभीर



**जागरण, रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ढेकहा में शनिवार दोपहर कोदौ की रोटी खाने से पांच लोग बीमार हो गए, जिनमे से एक महिला की हालत गंभीर है। सभी बीमारों को संजय गांधी अस्पताल मे भर्ती किया गया है। ढेकहा निवासी चंद्रवती कोल ने बताया कि उनके घर पर शनिवार दोपहर 12 बजे सभी सदस्या ने कोदौ की रोटी खाई थी। खाना खाने के बाद अचानक पार्वती कोल को उल्टी-दस्त होने लगे और चक्कर आने के साथ ही आंखों में दिखना बंद हो गया, इसके बाद ममता कोल, चंद्रवती कोल, प्रियंका कोल व चन्दु कोल की तबियत बिगड़ गई। जिन्हें उपचार के लिए ढेकहा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां के डॉक्टर ने मना कर दिया तो उसके बाद उन्हें सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ले आए वहां से बीमारों को संजय गांधी अस्पताल भेजा गया, सभी बीमारों का संजय गांधी असपताल में उपचार किया जा रहा है। जिसमें पार्वती कोल की हालत गंभीर बनी हुई है।

# रात से छाया रहा घना कोहरा, जीरो रही विजिबिलिटी

## गिरा दिन का तापमान, सूर्यनारायण ने भी कुछ देर ही दिए दर्शन, धूप से नहीं मिली राहत





**जागरण, रीवा।** शहर में लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से रात का पारात तो 7 डिग्री के आसपास ठिठका हुआ लेकिन दिन का पारा लगातार लुढ़क रहा है। शनिवार रात से ही शहर सहित समीपस्थ क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा जो रविवार सुबह 10 बजे तक रहा। हालांत यह रही की विजिबिलिटी अधिकांश जगह जीरो रही। वाहन रेंगते रहे। सुबह 9 बजे के बाद कुछ कुहरा हल्का हुआ तो जीवन पटरी पर आया हालांकि दिन भर आसमान में धुध छायी रही। कोहरा छंटने के बाद भी वातावरण ठंडक भरा ही रहा, लोगों के घरों के अंदर दुबके होने के बाद भी ठंड लग रही थी। दोपहर 2 बजे के बाद कुछ देर के लिए सूर्य नारायण ने दर्शन दिए, सूर्यनारायण के प्रकट होते ही लोग छतों पर अथवा घरों के बाहर भागे, किन्तु धूप तेज न होने से ठंड से बचाव के लिए धूप असर नहीं कर पाई। जिसके चलते लोगों को फिर से घरों के अंदर भागना पड़ा। रविवार को अधिकतम तापमान भी 21 डिग्री सेल्सियस से घटकर 17 डिग्री सेल्सियस हो गया, जिससे गलाने वाली ठंड कह लोग मारे ठंड के ठिठुरते रहे। कुछ लोगों ने अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने का प्रयास भी किया, किन्तु शीतलहर ने उन्हें भी अधिक देर तक अलाव तापने का मौका नहीं दिया। रविवार को न्यूनतम तापमान 5.0 सेल्सियस रहा जबकि अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा।

# अस्पताल चौराहे में मारपीट करने वाले सोनू खान को अमहिया पुलिस ने भेजा जेल



**जागरण, रीवा।** शहर के अस्पताल चौराहे में दिन दहाड़े उत्पात मचा कर मारपीट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर अमहिया पुलिस ने जेल भेज दिया है। धोबिया टंकी निवासी सोनू खान पिता कल्लूखान अस्पताल चौराहे में गुण्डई करते हुए कई लोगों के साथ मारपीट कर रहा था। इसके कारण अस्पताल चौराहे में हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान कई लोगों ने इसे मना किया लेकिन वह नहीं माना। इसकी जब अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल को मिली तो उन्होंने तत्काल पुलिस भेज कर उसे गिरफ्तार करा लिया और अपराधिक प्रकरण दर्ज कर न्यायालय के आदेश से जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि अस्पताल चौराहा फुटपाथ में दुकान लागने को लेकर विवाद हुआ था।

# शादी के दो साल बाद पत्नी भागी प्रेमी के साथ

## पति ने धोया पत्नी का सिंदूर, प्रेमी की एक प्रेमिका पहले से

**जागरण, रीवा।** मऊगंज क्षेत्र में एक शादीशुदा महिला अपने प्रेमी के साथ भाग गई, जिस पर उसके पति ने पत्नी का सिन्दूर धोकर उसे मुक्त कर दिया। दोनों का विवाह दो वर्ष पूर्व हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज क्षेत्र में रहने वाली एक महिला का विवाह दो वर्ष पूर्व हुआ था कुछ समय पूर्व वह अपने प्रेमी सीताराम के साथ भाग गई थी, समाजजनों ने उसकी खोज की तो महिला ने अपने पति के साथ रहने से इंकार कर प्रेमी के साथ रहने की बात कही, जबकि उसके प्रेमी सीताराम की पूर्व से ही एक प्रेमिका है, जिसका कहना है कि वह उसे अपने साथ नहीं रहने देगी, जबकि महिला के प्रेमी के भाई ने भी इसका विरोध कर कहा कि वह उसे अपने घर पर नहीं रहने देंगे। परिजनों ने महिला को समझाया भी किन्तु वह प्रेमी के साथ ही जाने पर अड़ी हुई है।

# शहडोल जिले से बिना रोक-टोक 24 घंटे रीवा आ रही बालू की अवैध खेप

## जिले में अवैध रेत परिवहन से ट्रक मालिक परेशान, आंदोलन की दी चेतावनी



**जागरण, रीवा।** जिले के बाहर के ट्रक संचालकों द्वारा रीवा जिले में लगातार बालू की अवैध खेप बिना किसी रोक-टोक के आ रही है। इससे न केवल शासन को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है बल्कि स्थानीय ट्रक संचालकों भी परेशिनियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस एवं खनिज विभाग की मिलीभगत के कारण इस कोई अंकुश नहीं लगा पा रहा है। रीवा जिले की सीमा पर अवैध रेत (बालू) का परिवहन तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे नियमों का पालन कर वाहन चलाने वाले स्थानीय मोटर मालिकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। यह आरोप रीवा मीईनिंग मिनरल्स ट्रक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने विवेकानंद पार्क में पत्रकारों से चर्चा करते हुए लगाए हैं। उन्होंने बताया कि शहडोल जिले के बुढ़वा, सथनी, झीरिया और कुबरी क्षेत्रों से 24 घंटे अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा है। यह रेत वहां से निकलकर रीवा जिले की सीमा में प्रवेश कर चारों दिशाओं में भेजी जा रही है। इसके कारण रीवा जिले के लगभग 250 से 300 मोटर मालिक सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। ये ऐसे ट्रक मालिक हैं जो बिना किसी बेइमानी के एक नंबर में वाहन संचालन करते हुए धंधा कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने कहा कि बीते 10 दिनों से लगातार शासन-प्रशासन और संबंधित मोटर मालिकों को इस संबंध में समझाइश दी जा रही है, लेकिन बाहर से आने वाले वाहन संचालक नियम मानने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ट्रक चालक संगठन के पदाधिकारियों और मोटर मालिकों को धमकियां भी दे रहे हैं। श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि अवैध परिवहन के चलते शासन-प्रशासन को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। यदि जल्द ही इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो रीवा मीईनिंग मिनरल्स ट्रक एसोसिएशन अपने वाहनों का संचालन करने में असमर्थता जाहिर करेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अवैध रेत परिवहन पर शीघ्र रोक नहीं लगी, तो संगठन के सदस्य अपनी गाड़ियां लेकर रीवा कलेक्ट्रेट कार्यालय में खड़ा कर कलेक्टर के समक्ष वाहनों की चाबियां सौंपने के लिए बाध्य होंगे।

# फार्मासिस्ट एसोसिएशन की मांगों का प्राथमिकता से होगा निदान



**जागरण, रीवा।** प्रदेश के फार्मासिस्टों के प्रतिनिधि मंडल ने इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक मौर्य की अगुवाई में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से मुलाकात कर फार्मासिस्ट समुदाय की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने फार्मासिस्ट एसोसिएशन की मॉंगों का प्राथमिकता के साथ निदान करने का आश्वासन दिया। एसोसिएशन के संभागाध्यक्ष डॉ रविशंकर ने बताया कि उपमुख्यमंत्री से फार्मासिस्ट समुदाय की मुलाकात सार्थक व सारगर्भित रही। उप मुख्यमंत्री द्वारा सारी बातों को गंभीरता से सुना गया एवं जल्द ही रिस्पॉंस देने के लिये अपनी टीम को निर्देशित भी किया गया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से प्रभाकर पांडे, विवेक तिवारी, भास्कर, अमित सलिल, गौरव, सुधाकर सहित कई विषय विशारद फार्मासिस्ट शामिल रहे।

# पैरामिलिट्री पेंशनर्स कल्याण संगठन विंध्य क्षेत्र की पहली बैठक रीवा में संपन्न

## 80 साल की उम्र पार कर चुके रामसिया विश्वकर्मा हुए सम्मानित

**रीवा।** सरदार वल्लभभाई पटेल संस्थान के सभागार में पैरामिलिट्री पेंशनर्स कल्याण संगठन, विंध्य क्षेत्र की पहली बैठक 21 दिसंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में रीवा, सतना, मऊगंज एवं सीधी जिलों से संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिससे वातावरण में अनुशासन, एकता और राष्ट्रसेवा की भावना परिलक्षित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के उपाध्यक्ष ए. एल. पटेल के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने सभी आगंतुकों का अभिनंदन करते हुए संगठन की आवश्यकता और उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

### संगठन की रूपरेखा बनाने सदस्यों से मांगे सुझाव

बैठक के दौरान संगठन की भविष्य की कार्ययोजना, सदस्यता विस्तार, पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान तथा सामाजिक सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए कि किस प्रकार संगठन की आगे की रूपरेखा तैयार की जाए। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष के. बी. दुबे, संरक्षक एल. एम. मिश्रा, संयोजक लक्ष्मण सिंह पटेल तथा संगठन महामंत्री दिनेश प्रसाद मिश्रा ने अपने-अपने उद्बोधन में संगठन के उद्देश्यों, विचारधारा और भावी योजनाओं पर विस्तार से विचार रखे। वक्ताओं ने एकजुटता, अनुशासन और पारस्परिक सहयोग को संगठन की मजबूती का आधार बताया। कार्यक्रम के दौरान 80 साल की उम्र पार कर चुके राम सिया विश्वकर्मा को अध्यक्ष द्वारा श्रीफल एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन संगठन सचिव आर. एस. शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाते हुए सभी बिंदुओं को क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में रामजस पटेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया, जिसमें उन्होंने सभी आगंतुकों, पदाधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



### ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद खलील (उपाध्यक्ष), बद्री सिंह (कोषाध्यक्ष), सुरेंद्र चंद्र तिवारी (सह-कोषाध्यक्ष), वीर बहादुर सिंह (मीडिया प्रभारी), विनोद सिंह (संगठन मंत्री), रवि पटेल (मीडिया प्रभारी), आर. एल. मिश्रा (प्रबंधक), लक्ष्मण सिंह (अध्यक्ष, सतना), एम. पी. सिंह (सह सचिव) सहित सीआईएसएफ के 40, सीआरपीएफ के 62, बीएसएफ के 325, आईटीबीपी के 2 तथा अन्य पैरामिलिट्री पेंशनर्स कल्याण संगठन के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक को विंध्य क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# भारत-ओमान में व्यापारिक साझेदारी की नई राह

*ओमान के साथ भारत ने जिस तरह व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता किया है, वह आने वाले समय में न केवल दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक नया आयाम रचेगा, बल्कि बहुध्रुवीय दुनिया में विकल्पों के नए मोर्चे भी सामने आ सकते हैं।*

*बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत और ओमान के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को आर्थिक मोर्चे पर एक दूरगामी असर वाली साझेदारी के तौर पर देखा जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से दुनिया के कई विकसित और शक्तिशाली देश अपने इर्द-गिर्द एक ऐसा घेरा बनाने की कोशिश में हैं, जिसमें तीसरी दुनिया के देशों की उन पर निर्भरता बनी रहे और वे मन-मुताबिक अपनी सुविधा की शर्तें उन पर थोपते रहें। जबकि पारंपरिक रूप से सहयोगी रहे या फिर नए सिरे से संबंध विकसित करने में रुचि रखने वाले देशों के मामले में भारत का रुख पहले भी परिपक्व और उदार रहा है।*

*इस क्रम में अब ओमान के साथ भारत ने जिस तरह व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता किया है, वह आने वाले समय में न केवल दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक नया आयाम रचेगा, बल्कि बहुध्रुवीय दुनिया में विकल्पों के नए मोर्चे भी सामने आ सकते हैं। इससे पहले भी भारत ने ताकतवर देशों के प्रभाव में आने के बजाय अपनी जरूरत के मुताबिक सहयोग के मोर्चे पर कदम बढ़ाया है।*

*गौरतलब है कि भारत और ओमान के बीच पिछले करीब सात दशक से अच्छे और कूटनीतिक संबंध रहे हैं। उसी को और मजबूत करने तथा अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से भारत ने ओमान के साथ अब जिस मुक्त व्यापार समझौते को आकार दिया है, उसके सकारात्मक असर अगले कई दशक तक देखने को मिल सकते हैं।*

*इस करार के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को नई गति मिलने और खासतौर पर युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अवसर खुलने की उम्मीद की जा रही है। समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद और चमड़े के सामान सहित भारत के अट्ठानबे फीसद निर्यात को ओमान में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। वहां के प्रमुख सेवा क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों को विदेशी निवेश की अनुमति में भी बड़ी कामयाबी मिली है।*

*जाहिर है, इस सबसे श्रम की प्रमुखता वाले कई क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और लघु तथा मध्यम उद्योगों के साथ-साथ कारीगरों से लेकर महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, खाड़ी क्षेत्र में ओमान ऐसा देश है, जहां भारतीय सेना की तीनों शाखाएं नियमित संयुक्त अभ्यास करती हैं। इस लिहाज से देखें तो भारत को जिस तरह पहले से ही ओमान के दुक्म बंदरगाह पर जरूरत होने पर साजो-सामान के उपयोग की सुविधा मिली हुई है, उसमें नया समझौता सहयोग को और मजबूत करेगा।*

*दुक्म बंदरगाह भारत के लिए एक वैकल्पिक रणनीतिक ठिकाना है और यह भारतीय नौसेना को पश्चिमी हिंद महासागर में मजबूत आधार देता है। ऐसे में दोनों देशों के बीच हुए करार की अहमियत समझी जा सकती है। खासतौर पर पिछले कुछ महीने से जिस तरह अमेरिका ने मनमाने तरीके से शुल्क लगा कर अपनी सुविधा के मुताबिक नीतियां बनाने के लिए भारत पर दबाव डाला, वह एक तरह से व्यापार में वर्चस्व कायम करने की कोशिश थी। दूसरी ओर, चीन है, जिसे कारोबार के मामले में भारत के लिए वैकल्पिक रास्ते खुलने से निराशा होगी। मगर ओमान सहित अनेक देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं और उसे मजबूत करने के क्रम में विकल्प खुलते हैं, तो यह भारत की उपलब्धि है। अमेरिका और चीन जैसे देशों के लिए भी यह सोचने का मौका है कि बहुध्रुवीय विश्व और बदलते समीकरण के दौर में क्या कोई देश अपना वर्चस्व कायम करने की नीति पर ज्यादा देर टिक सकता है!*

# बांग्लादेश में अस्थिरता भारत के लिए चिंता की बात

अंतरराष्ट्रीय संबंध

**डॉ कृष्ण कुमार रत्तु**

बांग्लादेश में 'कट्टरपंथ' की विभीषिका चरम पर है। हिंसा के इस दौर में भारत विरोध और मीडिया हाउस निशाने पर हैं। निष्पक्ष लिखने वाले पत्रकारों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। वहां का हिंदू समुदाय, पत्रकार और मीडिया हाउस भय की स्थिति में हैं। हसीना सरकार के जाने के बाद जमात-ए-इस्लामी जैसे समूह सक्रिय हो गए हैं और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। भारत ने बार-बार इस पर विरोध जताया है। हादी जैसे भारत-विरोधी नेता, जो कभी 'ग्रेटर बांग्लादेश' जैसे विचारों से जुड़े थे, प्रदर्शनों में भारत को निशाना बनाकर इस भावना को प्रदर्शित करते रहे हैं।

वर्तमान में, बांग्लादेश की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति संवेदनशील हो चुकी है। दिसंबर के मध्य में घटित घटनाओं ने इस देश को नए उथल-पुथल की ओर धकेल दिया है। शरीफ उस्मान हादी, जो इंक़लाब मंच के प्रवक्ता और 2024 के छात्र आंदोलन के प्रमुख चेहरे थे, की मौत ने व्यापक विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया है। हादी, जो भारत-विरोधी बयानबाजी और शेख हसीना के कट्टर आलोचक के रूप में जाने जाते थे, की हत्या ने न केवल आंतरिक अस्थिरता को बढ़ावा दिया, बल्कि भारत के साथ संबंधों को और तनावपूर्ण बना दिया है।

पिछले दिनों ढाका और अन्य शहरों में हिंसक प्रदर्शन हुए, जिसमें प्रमुख मीडिया हाउस जैसे 'द डेली स्टार' और 'प्रथम आलो बांग्ला' समाचार पत्र के कार्यालयों पर हमले और आगजनी की घटनाएं घटीं। वहीं, भारत ने सुरक्षा चिंताओं के चलते अपने वीजा केंद्र बंद कर दिए, जो द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट का स्पष्ट संकेत है। इन घटनाओं से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार, जो नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में है, के सामने कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। कट्टरपंथी तत्वों का उदय और भारत-विरोधी भावनाएं क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर ख़तरा पैदा कर रही हैं।

इन सब घटनाओं की पृष्ठभूमि में 2024 का छात्र-नेतृत्व वाला आंदोलन एक महत्वपूर्ण मोड़ था। कोटा सिस्टम के खिलाफ शुरू हुआ यह आंदोलन जल्द ही शेख हसीना की सरकार के खिलाफ हो गया, जिसके परिणामस्वरूप अगस्त, 2024 में हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी। इस आंदोलन में इंक़लाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी जैसे छात्र नेताओं ने प्रमुख भूमिका निभाई थी।

शेख़ हसीना के जाने के बाद मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बनी, जिसने फरवरी, 2026 तक चुनाव कराने का वादा किया है। हालांकि, इस अवधि में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हमले तथा मीडिया पर दबाव भी पड़े हैं। पिछले दिनों शरीफ उस्मान हादी की मौत हो गई। यूनुस सरकार ने इसे सुनियोजित हमला बताया और जांच का भरोसा दिलाया है। हादी की मौत के चलते ढाका में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। यह प्रदर्शन जल्द ही हिंसक हो गया और प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख मीडिया हाउसों को निशाना बनाया। पहले बांग्ला दैनिक 'प्रथम आलो' के कार्यालय और उसके बाद 'द डेली स्टार' की इमारत पर हमला हुआ। इन दोनों अखबारों के प्रकाशन और ऑनलाइन ऑपरेशंस प्रभावित हुए हैं। प्रदर्शनकारी इन मीडिया हाउसों को 'भारत समर्थक' या 'यूनुस सरकार समर्थक' मानते थे। कुछ रिपोर्टों में तो प्रदर्शनकारियों ने भारत को हादी की हत्या का जिम्मेदार ठहराया। इससे भारत-विरोधी नारे और बढ़ गए। इस समय बांग्लादेश में मीडिया पर हमले, प्रेस की स्वतंत्रता पर खतरा और पत्रकारों को निशाना बनाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। बेशक अंतरिम सरकार ने इन हमलों की निंदा की है, जबकि विपक्षी दल इसे सरकार की नाकामी बता रहे हैं।



> **बांग्लादेश में मीडिया पर हमले, प्रेस की स्वतंत्रता पर खतरा और पत्रकारों को निशाना बनाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। हसीना सरकार के जाने के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। भारत ने बार-बार इस पर विरोध जताया है। कट्टरपंथी तत्वों का उदय और भारत-विरोधी भावनाएं क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर ख़तरा पैदा कर रही हैं। हादी, जो भारत-विरोधी बयानबाजी और शेख हसीना के कट्टर आलोचक के रूप में जाने जाते थे, की हत्या ने न केवल आंतरिक अस्थिरता को बढ़ावा दिया, बल्कि भारत के साथ संबंधों को और तनावपूर्ण बना दिया है।**

भारत के लिए चिंता का विषय है कि इन अख़बारों को अक्सर भारत समर्थक माना जाता है। यदि भारत-विरोधी तत्व मीडिया को निशाना बना रहे हैं, तो इससे द्विपक्षीय संबंध और भी तनावपूर्ण हो सकते हैं। भारत ने सुरक्षा कारणों से इन घटनाओं के बीच अपने वीजा आवेदन केंद्र बंद कर दिए हैं।

इधर, भारत ने बांग्लादेश के राजदूत को तलब कर चिंता जताई और कट्टर तत्वों की गतिविधियों पर आपत्ति दर्ज की है। भारत का कहना है कि अंतरिम सरकार मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असफल रही है। हजारों बांग्लादेशी जो मेडिकल, शिक्षा या परिवार से मिलने भारत आते हैं, प्रभावित हुए हैं।

हसीना सरकार के जाने के बाद जमात-ए-इस्लामी जैसे समूह सक्रिय हो गए हैं और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। भारत ने बार-बार इस पर विरोध जताया है। हादी जैसे भारत-विरोधी नेता, जो कभी 'ग्रेटर बांग्लादेश' जैसे विचारों से जुड़े थे, प्रदर्शनों में भारत को निशाना बनाकर इस भावना को प्रदर्शित करते हैं। इधर यूनुस सरकार इन तत्वों को नियंत्रित नहीं कर पा रही। चुनाव फरवरी, 2026 में हैं, लेकिन अस्थिरता से देरी हो सकती है। अस्थिरता के चलते इस समय भारतीय सीमा पर घुसपैठ, आतंकवाद या शरणार्थी संकट बढ़ सकता है।

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के हाथ से चीजें निकलती जा रही हैं। कट्टरपंथियों के बढ़ते प्रभाव और भारत विरोधी नीतियों ने दोनों देशों के रिश्तों को खराब कर दिया है। अल्पसंख्यकों पर हमले और पूर्वोत्तर को लेकर बयानबाजी चिंता का विषय है, जिससे भारत की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। बांग्लादेश में पिछले कुछ दिनों में जो भी हुआ, उससे साफ है कि अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के हाथ से चीजें निकलती जा रही हैं। जिन कट्टरपंथियों को उन्होंने शुरू में बढ़ावा दिया था, अब वे ही उनके काबू में नहीं हैं। उनकी भारत विरोधी नीतियों ने दोनों देशों के रिश्तों को सबसे खराब दौर में पहुंचा दिया है। शेख हसीना के खिलाफ पिछले साल जुलाई में आंदोलन शुरू हुआ था। अगस्त में उन्हें सत्ता से हटाया गया और तब से ढाका का रुख भारत के खिलाफ बना हुआ है। मौजूदा घटनाक्रम उसी की कड़ी है, जहां पहले भारतीय राजदूत को तलब किया गया और फिर दूतावास तक आक्रामक मार्च निकाला गया। इन घटनाओं ने बांग्लादेश में मौजूद भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अंतरिम सरकार समस्या को संबोधित भी नहीं करना चाहती। होना तो यह चाहिए था कि भारत ने जब बांग्लादेश के उच्चायुक्त को बुलाकर अपनी चिंताएं जाहिर कीं, तो ढाका से कोई आश्वासन भरा सकारात्मक संदेश आता। लेकिन, इसके उलट भारत विरोधी बयानबाजी और तेज हो गई। जिस तरह से पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर बयान दिए जा रहे हैं, उसे कोई भी संप्रभु देश बर्दाश्त नहीं कर सकता।

यूनुस सरकार का अपनी नाकामियों का ठीकरा भारत पर फोड़ना हकीकत की अनदेखी है और इससे स्थिति और बिगड़ेगी। सच यही है कि हसीना विरोधी आंदोलन आगे चलकर कट्टरपंथी तत्वों के नियंत्रण में आ गया। इसका सबूत अगस्त 2024 के बाद से अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुईं हजारों हिंसक घटनाएं हैं। अगले साल फरवरी में चुनाव की घोषणा होने के बाद से अपराध और बढ़ा है। बांग्लादेश की अस्थिरता भारत पर सीधा असर डालती है और इस नाते उसकी चिंता स्वाभाविक है। बल्कि यूरोपीय यूनियन और अमेरिका भी बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघनों का मामला उठा चुके हैं।

अंतरिम सरकार पर अपने ही देश के भीतर निष्पक्ष चुनाव कराने का जबरदस्त दबाव है। पिछले महीने शेख हसीना को जिस तरह सुनवाई का मौका दिए बिना सजा सुनाई गई, उसकी भी आलोचना हो रही है। यूनुस सरकार के जुलाई चार्टर को लेकर भी मतभेद हैं। इस चार्टर के जरिये 2024 के आंदोलन को संवैधानिक मान्यता देनी है और संविधान में कई बदलाव किए जाने हैं। भारत ने बांग्लादेश में स्वतंत्र, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव की जरूरत बताई है, जिसमें सबका हित है।

बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति 'उथल-पुथल' जैसी है। यह एक संक्रमण काल है, जहां छात्र आंदोलन से निकले नेता, कट्टरपंथी तत्व और पुरानी पार्टियां संघर्ष कर रही हैं। इस पर भारत को सतर्क रहकर कूटनीतिक समाधान तलाशना चाहिए। भारत को इस समय हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और प्रेस स्वतंत्रता पर ध्यान देना होगा, साथ ही बांग्लादेश की संवेदनशील स्थिति पर नज़र रखनी होगी।

# विभाजन रेखा की काली नदी को लेकर नेपाल उठा रहा सीमा विवाद

अंतरराष्ट्रीय सीमा विवाद

**जयसिंह रावत**

नेपाल ने लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और काला पानी को दर्शाने वाले मानचित्र के साथ अपना 100 रुपये का नया करेंसी नोट जारी कर भारत के साथ दो सदी से भी पुराने सीमा विवाद को एक बार फिर हवा दे दी है। मई 2020 में के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार ने भी एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया, जिसमें लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को नेपाल का क्षेत्र दिखाया गया था।

भारत और चीन के विदेश मंत्रियों के बीच नयी दिल्ली में गत 18 अगस्त को हुयी वार्ता में आपसी व्यापार के लिये जिन तीन नये रास्ते खोलने पर सहमति बनी है उनमें से एक लिपुलेख भी है जिस पर नेपाल ने आपत्ति जताई है।

जिस कूटी यांग्ती नदी को नेपाल काली बता रहा है वह पश्चिम से पूरब की ओर बहती है। जिसमें दो किनारों की विभाजक दिशाएं पूरब पश्चिम नहीं बल्कि उत्तर -दक्षिण हैं। इस कूटी घाटी के निचले आबादी वाले क्षेत्र में नदी के दोनों ओर भारत और नेपाल के गांव हैं। जबकि, भारत जिस नदी को काली मानता है वह उत्तर से दक्षिण की ओर बहती है। इसलिये संधि के हिसाब से पूरब में नेपाल के दार्चुला जिले के छांगरू, दिलीगाड़, तिंकर और कौआ गांव हैं, जबकि पश्चिम में भारत की गुंजी, नपलच्यू, रौंगकौंग, नाबी, कूटी, गर्ब्यांग और बुदी ग्राम सभाएं हैं।

नेपाल की नवीनतम आपत्ति इस बात को लेकर है कि दोनों देशों ने लिपुलेख से व्यापार खोलने पर संधि कर ली जबकि उसकी अपनी परिभाषा के अनुसार यह क्षेत्र नेपाल का भू भाग है।

भारत की ओर से लिपुलेख, शिप्की लॉ और नाथू लॉ से प्राचीन व्यापारिक मार्ग खुलने हैं। लेकिन इस सहमति के बाद नेपाल ने अड़ंगा खड़ा करने के लिये नये नोट पर विवादित मानचित्र छाप कर पुराने विवाद को हवा दे दी। भारत के लिये लिपुलेख दर्रा आर्थिक, सामरिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यन्त महत्व का है। यहीं से चीन के साथ व्यापार शुरू होने के साथ ही यही कैलाश मानसरोवर का रास्ता भी है। यही वह दर्रा है जो 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान सबसे मजबूत मोर्चा साबित हुआ था। इसलिये तभी से यहां पर भारत की सुरक्षा चौकियां स्थापित हैं। चीन भी ऐसे तत्वों को हवा देता रहेगा। सुगोली में 2 दिसम्बर 1815 को नेपाल के महाराजा विक्रमशाह बहादुर शमशेर जंग के प्रतिनिधि राजगुरू गजराज मिश्र और चन्द्रशेखर उपाध्याय तथा कंपनी की ओर से ले0 कर्नल ब्रैडशॉ ने जिस संधि पर हस्ताक्षर किये थे, उसमें सतलज से लेकर घाघरा और मेची के बीच का सारा भूभाग अंग्रेजों के अधीन मान लिया गया था। नेपाल इस संधि को तो मानता है, लेकिन वह कालापानी से 16 किमी दूर लिम्पिया धुरा से निकलने वाली उस नदी को काली नदी मानता है जिसे भारत कूटी यांग्ती मानता रहा हैं। अगर नेपाल का दावा मान लिया जाए तो न केवल लिपुलेख दर्रा और कालापानी अपितु उत्तराखण्ड राज्य के पिथौरागढ़ जिले की 7 ग्राम सभाएं भी नेपाल में चली जाती हैं। सुगोली की संधि की धारा 5 में साफ लिखा गया है कि काली नदी के पश्चिम वाला हिस्सा ईस्ट इंडिया कंपनी का अधिक्षेत्र होगा और उस क्षेत्र पर तथा क्षेत्र वासियों पर नेपाल का राजा या उसके उत्तराधिकारी कभी दावा नहीं करेंगे।



> **नेपाल ने सीमा क्षेत्र को दर्शाने वाले मानचित्र के साथ अपना 100 रुपये का नया करेंसी नोट जारी कर भारत के साथ दो सदी से भी पुराने सीमा विवाद को एक बार फिर हवा दे दी है। यह विवाद नेपाल पिछले 208 वर्षों से यदाकदा उठाता रहा हैं। भारत जिस नदी को काली नदी मानता है, नेपाल उसकी जगह कूटी यांग्ती को असली काली नदी बताता है। ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाल के बीच 2 दिसम्बर 1815 को सम्पन्न हुयी सुगोली की संधि में काली नदी को ही भारत और नेपाल के बीच विभाजन रेखा माना गया है।**

इन दोनों जलधाराओं का गुंजी के निकट मनीला में संगम होता है।

दरअसल, सुगोली की संधि के बाद से ही नेपाल अग्रेजों से ही काली नदी को लेकर विवाद करने लग गया। कारण यह कि संधि के समय उस क्षेत्र का कोई नक्शा ही नहीं था। वह क्षेत्र इतना दुर्गम था कि उस समय के शासकों के लिये उससे राजस्व की कोई उम्मीद ही नहीं थी। हिमालयन गजेटियर ( सन् 1884- वाल्यूम-2 पार्ट-2- 679-680) में ई.टी. एटकिन्सन लिखता है कि संधि के अनुसार टौंस से शारदा तक पूरा क्षेत्र ईस्ट इंडिया कंपनी के नियंत्रण में आ गया, मगर उत्तर में केवल एक छोटे तथा महत्वहीन क्षेत्र पर विवाद बना रहा। नेपाल ने कुमाऊं के कमिश्नर और नेपाल के रेजिडेंट ई0 गार्डनर को 4 फरबरी 1817 को परगना ब्यांस में काली के पूर्व में पड़ने वाले तिंकर और छांगरू गावों पर अपना दावा पेश करते हुये पत्र लिखा तो वे सचमुच काली नदी के पूरब में थे, इसलिये उन्हें डोटी के तत्कालीन सूबेदार बमशाह के अधिकार में दे दिया गया। इससे भी नेपाल सन्तुष्ट नहीं हुआ और उसने कूटी तथा नाभी की भी मांग करनी शुरू कर दी।

11अगस्त और 20 अगस्त 1817 को सौंपी गयी अपनी रिपोर्ट में वेब ने माना कि पवित्र कालापानी चश्मे से निकलने वाली, मगर कम पानी वाली जलधारा ही सदैव काली की मुख्य शाखा मानी जाती रही है। काला पानी के कारण ही उसका नाम काली रखा गया।

इस नदी का काली नाम तब तक रहता है जब तक वह पहाड़ों में बहती है और मैदान में उतरने पर वह शारदा नदी हो जाती है। इसलिये ब्रिटिश सरकार ने नेपाल का दावा खारिज कर नाभी और कूटी गावों को अपने पास ही रखने का निर्णय लिया और तब से ये गांव ब्रिटिश ब्यांस के ही हिस्से रहे। ब्यांस घाटी के ये सभी गांव रं भोटिया जनजाति के हैं।

हालांकि, नेपाल का यह सपना कभी साकार होने वाला नहीं है फिर भी नेपाल में भारत विरोधी तत्व सदैव काली नदी के विवाद को दोनों देशों के बीच तनातनी का मुद्दा बनाये रखेंगे। चीन भी ऐसे तत्वों को हवा देता रहेगा।

उलटबांसी

# नेशनल लेवल पर शुरू हो स्कूलों में नाश्ता

राजस्थान, केरल, छत्तीसगढ़, गुजरात और दिल्ली समेत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने केंद्र सरकार को मिड-डे मील स्कीम में नाश्ता जोड़ने का एक अच्छा प्रस्ताव दिया है, जो आंगनवाड़ी और सरकारी स्कूलों में निचली क्लास के बच्चों को मुफ़्त खाना देती है। मेन्यू में नाश्ता शामिल करने से न्यूट्रिशन और सीखने में बराबरी काफी बेहतर हो सकती है। कर्नाटक समेत राज्यों की तरफ से मिड-डे मील प्रोग्राम को क्लास 12 तक बढ़ाने का भी प्रस्ताव आया है। हालांकि स्कीम में नाश्ता शामिल करने की सिफारिश नई नहीं है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में यह प्रस्ताव दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि पौष्टिक नाश्ता बच्चों के लिए खास तौर पर फायदेमंद होगा। 2021-22 में, शिक्षा मंत्रालय ने पीएम पोषण स्कीम में नाश्ते को शामिल करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन फाइनेंस मिनिस्ट्री ने इसे ठुकरा दिया। शिक्षा पर पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमिटी ने भी एक रिपोर्ट में इसका जिक्र किया है और कहा है कि इस मामले पर आगे काम किया जा रहा है।

> **नाश्ता देने से स्कीम का दायरा बढ़ेगा और बच्चों की रोजाना की न्यूट्रिशनल जरूरतें पूरी होंगी। यह प्रस्ताव भारत में लाखों गरीब परिवारों के लिए जो फायदा लाएगा, उसे कम करके नहीं आंका जा सकता,**

हेल्थ और न्यूट्रिशन को पॉलिसी के तौर पर जरूरी मानते हुए, मिड-डे मील स्कीम भारत की एक बड़ी पहल रही है, जिसका लाखों बच्चों और समाज पर लंबे समय तक चलने वाला अच्छा असर पड़ा है। नाश्ता देने से स्कीम का दायरा बढ़ेगा और बच्चों की एक बड़ी आबादी की रोजाना की न्यूट्रिशनल जरूरतें पूरी होंगी। यह प्रस्ताव भारत में लाखों गरीब परिवारों के लिए जो फायदा लाएगा, उसे कम करके नहीं आंका जा सकता, जो 2025 के वर्ल्ड हंगर इंडेक्स में 123 देशों में से 102वें नंबर पर है। देश में कुपोषण, बच्चों का कद छोटा होना और बच्चों का कमजोर होना बहुत ज़्यादा है। बच्चों को नाश्ता देने को एक टारगेटेड वेलफेयर स्कीम के तौर पर देखा जाना चाहिए; इसके नतीजे सरकारों द्वारा दी जाने वाली कई छूटों से ज़्यादा कीमती होंगे।

शिक्षा मंत्रालय ने कथित तौर पर अनुमान लगाया है कि ब्रेकफास्ट प्रपोजल पर लगभग 4,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह 50 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा के सालाना खर्च वाले देश में बहुत कम बजट है। इस इन्वेस्टमेंट के बदले मिलने वाला रिटर्न आने वाली पीढ़ियों और देश के लिए बहुत बड़ा बदलाव लाने वाला होगा। पहले से मौजूद ह्यूमन और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए, इस प्रपोजल में ज़्यादा बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। तमिलनाडु और तेलंगाना की सरकारों ने बच्चों के लिए ब्रेकफास्ट प्लान शुरू किए हैं। केरल में लोकल बॉडी, पेरेंट-टीचर एसोसिएशन और हलह्न यह स्कीम चला रहे हैं। कर्नाटक दूध दे रहा है, और आंध्र प्रदेश पीएम पोषण मेन्यू के हिस्से के तौर पर बच्चों को रागी माल्ट ड्रिंक दे रहा है। इसके फायदों को देखते हुए, ब्रेकफास्ट प्रोग्राम को नेशनल लेवल पर पहचान मिलनी चाहिए और यह पीएम पोषण स्कीम में शामिल होने के लिए एक मजबूत मामला है।



॥गीता॥



**श्लोक**

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥

**भावार्थ**

अपने मन की शक्ति से अपना आत्म उत्थान करो और अपना पतन मत होने दो; क्योंकि नियंत्रित मन आपका सबसे अच्छा मित्र बन सकता है, जबकि अनियंत्रित मन आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाएगा।

जीवन दर्शन

# धीरे चलकर पाएं तनाव से मुक्ति और मन की शांति

यह दुनिया तेजी से भाग रही है तो आपने भी भागना शुरू कर दिया, लेकिन अगर आप इसे अपनी गति में चलने दें तो वह सब महसूस कर पाएंगी, जो तेजी के चक्कर में कहीं पीछे रह जाता है। सुबह का समय था। सड़क पर गाड़ियां हॉर्न बजा रही थीं और लोग बेचैन दिख रहे थे, जैसे हर रुकावट उनकी जिंदगी की हार हो। इसी भीड़ में मेरी नजर एक नौजवान पर पड़ी, जो साइकिल पर धीरे-धीरे चल रहा था। पीठ पर बैग, हैंडल पर लंच बॉक्स और चेहरे पर शांत मुस्कान, जैसे उसे कहीं पहुंचने की कोई हड़बड़ी न हो। रेड लाइट आते ही उसके बगल में कार लगाते हुए मैंने पूछा, इतनी अफरा-तफरी में भी इतने आराम से कहां जा रहे हो? उसने कहा, कभी अपनी गति में चलकर देखिए, सब समझ आ जाएगा। उस क्षण मुझे लगा, सच में हम सब बिना वजह भागे चले जा रहे हैं और अपनी मदमस्त चाल में चलना भूल गए हैं।



आज हम सुबह से लेकर रात तक घड़ी की सुइयों से लड़ते रहते हैं। ऑफिस पहुंचना है, बच्चों को स्कूल छोड़ना है, मीटिंग अटेंड करनी है और मेल से लेकर सोशल मीडिया तक हर अपडेट जाननी है। हर कोई मानो प्रतियोगिता में है और मंजिल? पता ही नहीं। हम सोचते हैं कि जितनी तेजी से दौड़ेंगे, उतनी जल्दी सफलता पा लेंगे। मगर यह जल्दी हमें क्या दे रही है? थकान, तनाव और बस अधूरापन। फिर जब-जब ठहरकर पीछे देखते हैं तो पाते हैं कि जीवन के सबसे खूबसूरत पल तो हमारी उंगलियों से फिसल चुके हैं।

धीरे चलना आलस्य नहीं, बल्कि हर पल का स्वाद लेने की कला है। जैसे चाय को धीरे-धीरे चखने पर उसका असली स्वाद मिलता है, वैसे ही जीवन को भी ठहर कर जीने में आनंद है। प्रकृति भी यही सिखाती है- सूरज धीरे उगता है, बीज समय लेकर पेड़ बनता है, नदी शांत गति से समुद्र तक पहुंचती है। यदि प्रकृति भी हड़बड़ी करती तो शायद जीवन ही असंभव हो जाता। अपनी मदमस्त चाल में चलना हमें सिखाता है कि हर क्षण को उसके पूरे सौंदर्य के साथ जीना चाहिए।

धीरे, सजग और पूरे मन से चलना केवल काम पूरा करना नहीं, बल्कि जीवन को महसूस करने का तरीका है। बच्चों की बातें सुनना, रास्ते के पेड़-पौधों और आसमान को देखना और भोजन को स्वाद लेकर खाना- ये छोटी-छोटी बातें हमें जीवन से जोड़ती हैं। आज की युवा पीढ़ी तेजी से सफलता चाहती है, मगर बिना संतुलन की सफलता भीतर से खोखला कर देती है। इसलिए धीरे चलने का अभ्यास आवश्यक है। यह हमें याद दिलाता है कि हम मशीन नहीं, संवेदनशील इन्सान हैं, जिन्हें सीखने, महसूस करने और जुड़ने की जरूरत होती है।

# श्रेष्ठ परीक्षा-2026 का हुआ आयोजन

## 37 छात्रों ने दी परीक्षा



**रीवा।** सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित की जाने वाली अति महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील परीक्षा श्रेष्ठ परीक्षा-2026 का 21 दिसम्बर को आयोजन किया गया जिसमें 37 छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा के लिए कुल 44 छात्रों का पंजीयन किया गया था जिसमें से 7 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सिटी क्वार्डिनेटर डॉ डीके पाठक ने बताया कि रविवार को आफ लाइन मोड में शहर के एक परीक्षा केन्द्र सेन्ट्रल एकेडमी, सिविल लाइन्स में परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा में 9वीं कक्षा के लिए 32 छात्रों का पंजीयन किया गया था जिसमें से 27 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 5 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं 11वीं कक्षा के लिए 12 छात्रों का पंजीयन किया गया था जिसमें 10 छात्र परीक्षा में शामिल हुए एवं 2 छात्र अनुपस्थित रहे।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599, 9399312433

# टाटा इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव 'उड़ान' में दिखी इंद्रधनुषी छटा



**रीवा।** ग्राम पंचायत सगरा स्थित टाटा इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव उड़ान थीम के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रघुराज किशोर तिवारी प्रोफेसर एजी कॉलेज, एड. अखण्ड प्रताप सिंह पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बार काउंसिल मध्यप्रदेश, इंजी आर बी सिंह मैनेजिंग डायरेक्टर टाटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बहुत ही सराहनीय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, साथ ही विज्ञान मेला भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने कई प्रकार के मॉडल बनाकर यह प्रस्तुत किया कि हमें अपने पर्यावरण, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा के प्रति जागरुकता एवं प्रदूषण से बचाव हेतु जागरूक होना आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय की संचालक डॉ अंजू सिंह बघेल, टाटा शिक्षा महाविद्यालय के संचालक डॉ सज्जन सिंह बघेल, प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह, वंदना सिंह, प्रवीण कुमार एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। टाटा ग्रुप के संचालक डॉ सज्जन सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावक एवं उपस्थित ग्राम वासियों का आभार व्यक्त करते हुए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## बच्चों ने एक से बढ़कर एक दी प्रस्तुति



उड़ान कार्यक्रम में बच्चों ने एक बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। रामायण की थीम पर लघुनाटिका का प्रदर्शन रोमांचकारी रहा। आकर्षक परिधान में सजे एलकेजी के बच्चे स्वर्ग से उतरी परियों से लग रहे थे।

# बच्चों में शिक्षा, संस्कार के साथ आत्मविश्वास की भावना जागृत करने का कार्य करें: उप मुख्यमंत्री

## किड्स वर्ल्ड विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री





जागरण, रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि बच्चों को शिक्षित, संस्कारित बनाने के साथ ही उनमें आत्मविश्वास की भावना जागृत करने की जरूरत है ताकि यह बच्चे आगे चलकर देश को आर्थिक महाशक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। उप मुख्यमंत्री किड्स वर्ल्ड विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में विद्यालयीन शिक्षा में निजी विद्यालयों का स्टैंडर्ड है। बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियाँ यह दर्शाती हैं कि उनमें कितनी प्रतिभा है। श्री शुक्ल ने कहा कि यह बच्चे ऐसे समय के विद्यार्थी हैं जब देश काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन्हीं बच्चों को ही 2047 में जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा तब विश्वगुरु बनकर देश का नेतृत्व करने में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियाँ उनके आत्मविश्वास को प्रदर्शित कर रहीं थीं। बच्चों को गढ़ने में अध्यापक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। बच्चों में दया, करुणा व परोपकार के भाव जागृत करें ताकि यही बच्चे समाज में अपना उत्कृष्ट स्थान बना सकें। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वह धैर्य रखकर अपने मंजिल की तरफ बढ़ें। कार्यक्रम में नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, दीपक मदान, मीनू मदान, प्राचार्य जगत बहादुर सहित विद्यालय के अध्यापक, विद्यार्थी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### इटार पहाड़ क्षेत्र में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**रीवा।** इटार पहाड़ क्षेत्र के लोगों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने मरीजों की जाँच कर उचित परामर्श व उपचार प्रदान किया। शिविर में डॉ. प्रतिभा सिंह दंत चिकित्सक, डॉ. जयपाल सिंह दंत चिकित्सक, डॉ. सना अंसारी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. वीरेंद्र शुक्ला शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. उमेश पटेल (एमडी मेडिसिन)एवं डॉ. शंतनु सिंह हड्डी रोग जैसे विशेषज्ञ विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे। इस अवसर पर रूबी सिंह (जनपद सदस्य) एवं दुआरी सरपंच श्री बृजभान की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस जनकल्याणकारी पहल को अपना सहयोग व समर्थन दिया। स्थानीय लोगों ने शिविर का भरपूर लाभ उठाया और इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

### नशा मुक्त समाज बनाने के लिए सभी को लेना होगा संकल्प



**रीवा।** ग्राम लौआ लक्ष्मणपुर स्थित चिन्मय सेवा आश्रम में नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत चिन्मय मिशन के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उक्त आयोजन में संदीप मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा, उदित मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), अंकिता मिश्रा थाना प्रभारी सगरा की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में नैतिक जीवन तथा नशा मुक्त समाज के स्थापना के सम्बन्ध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा द्वारा आम जन मानस को प्रेरणा दी गई साथ ही उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उदित मिश्रा भी नशा मुक्त के संबंध में सारगर्भित उद्बोधन दिया आयोजन में चिन्मय आश्रम के प्रमुख व्यवस्थापक विजय सिंह कर्चुली द्वारा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन को स्वामी प्रशातानन्द जी के स्मृति में वस्त्र वितरण किया गया। प्रांतीय कलाकार संघ के संयोजक राजेश शुक्ला द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में वयोवृद्ध समाजसेवी डॉ सज्जन सिंह, मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय, समाज सेवी लालबहादुर सिंह, डॉ ज्योति सिंह, युगुलकिशोर कनौडिया, प्रो. श्रीकांत मिश्रा, पवन तिवारी, सौरभ तिवारी, डीपी सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही।

### शिक्षकों ने समस्याओं के निराकरण हेतु सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




**रीवा।** राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रान्तीय आह्वान पर प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों के साथ रीवा जिला मुख्यालय में भी संघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सोहगौरा के नेतृत्व में विवेकानन्द पार्क के धरना प्रदर्शन आयोजित कर मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार हुजूर को सौंपा गया। धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से राघवेन्द्र सोहगौरा, सुभाष त्रिपाठी, जीतेन्द्र कुमार मिश्रा, सुधाकर तिवारी, उमेश सिंह, रामायण सिंह, संतोष सिंह राजपूत, हेमलाल चौरसिया, रजनीश गौतम, पुष्पेन्द्र सिंह, वीणा पटेल, अरूण कुमार तिवारी, रामनारायण सोनकर, राजेश मिश्र, अर्चन सिंह, सुदर्शन कुमार शुक्ल, सुरेश वर्मा, विश्वनाथ प्रसाद पनिका, राजकुमार सिंह, राजेश तिवारी, संतोष सिंह, रामजीत यादव, सीतला तिवारी, प्रभाकर सिंह, राजेश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

# छात्रों को एनएसएस के उद्देश्यों के बारे में बताया




## एजी कॉलेज का एनएसएस जागरुकता कार्यक्रम

**रीवा।** कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर के अधिष्ठाता डॉ एसके त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एनएसएस यूनिट के स्पेशल कैंप के छठे दिन सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल खैरा में छात्रों के बीच एनएसएस के उद्देश्यों के बारे में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राहुल सिंह परिहार ईटीआई को-ट्रेनर बथुला यूनिवर्सिटी भोपाल थे। डॉ. परिहार ने भारत के एनएसएस के मुख्य उद्देश्य के बारे में बताया कि यह सेवा के माध्यम से शिक्षा है। उन्होंने यह भी बताया कि इसका उद्देश्य छात्र स्वयंसेवकों, व्यक्तित्व और सामाजिक परिणामों को समुदाय की ज़रूरतों के अनुसार विकसित करना और छात्रों में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व और नागरिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। डॉ. अभिमन्यु प्रसाद सिंह एनएसएस जिला कार्यक्रम समन्वयक भी कार्यक्रम में मौजूद थे और उन्होंने एनएसएस की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। डॉ. मनीषा द्विवेदी एनएसएस इंचार्ज ने बताया कि कैसे एनएसएस ने स्टूडेंट्स की पर्सनैलिटी को डेवलप किया और उन्हें समुदाय को समझने में मदद की। डॉ. राधा सिंह ने बताया कि हम समुदाय के संबंध में खुद को कैसे समझ सकते हैं। डॉ. वी. के. सिंह ने बताया कि एनएसएस स्टूडेंट्स में प्रॉब्लम सॉल्विंग प्रैक्टिकल स्किल्स कैसे प्रदान करता है और बनाता है, डॉ. दिव्या सिंह ने स्टूडेंट्स और वॉलंटियर्स के बीच सामाजिक और नागरिक कर्तव्य की भावना विकसित करने में एनएसएस की भूमिका बताई। सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल खैरा के प्रिंसिपल बिहारी मिश्रा ने भी स्टूडेंट्स में लीडरशिप क्वालिटी और लोकतांत्रिक मूल्यों को हासिल करने में एनएसएस की भूमिका बताई। स्कूल के स्टूडेंट्स और कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर के एनएसएस वॉलंटियर्स ने उत्साह के साथ प्रोग्राम में हिस्सा लिया। इस प्रोग्राम में सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल खैरा का स्टाफ भी मौजूद था।

# मेधावी छात्रों एवं विशिष्टजनों का हुआ सम्मान

## वृन्दावन गार्डेन में वैश्य महासम्मेलन का आयोजन




**रीवा।** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई द्वारा आजीवन सदस्यों, मेधावी छात्रों एवं विशिष्टजनों का सम्मान समारोह रविवार को वृन्दावन गार्डेन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला इकाई की प्रदेशाध्यक्ष ज्योति जैन, कोतमा के पूर्व विधायक सुनील सराफ, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन, महिला इकाई की संभागीय अध्यक्ष गायत्री गुप्ता, तथा युवा इकाई के संभागीय प्रभारी सुमित गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रीवा नरेन्द्र कुमार गुप्ता ने की । संचालन जिला महामंत्री एड. श्रीकृष्ण गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैश्य कुलदेवी माता महालक्ष्मी जी के चित्र के समक्ष आंमत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर हुआ। तत्पश्चात् वैश्यगान हुआ। तथा आमंत्रित अतिथियों एवं उपस्थित वैश्य बन्धुओं का तिलक लगाकर एवं अंग वस्त्र भेट कर स्वागत किया गया। सम्मेलन में वरिष्ठजन इं. के.सी. जैन, चन्द्र जैन, मंगल प्रसाद गुप्ता, महेश खण्डेलवाल, गणेश प्रसाद गुप्ता, गुलाबकली अग्रवाल, गोकुल प्रसाद गुप्ता, प्रकाशचन्द्र गुप्ता, रामजी गुप्ता, हीरालाल गुप्ता, प्रतिभावान छात्रों में विख्यात गुप्ता, श्लोक गुप्ता, संजीव गुप्ता, हर्ष गुप्ता, गरिमा गुप्ता, आयुष्मान गुप्ता, श्रुति गुप्ता, श्रुति खंताल, सुमित गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, वैदेही गुप्ता, स्वेजल गुप्ता का सम्मान किया गया । इसी प्रकार देहदान के लिए रामगोपाल ताम्रकार, ओम प्रकाश गुप्ता, नेत्रदान के लिए राम बिहारी गुप्ता, राम बाई गुप्ता, विशिष्ट क्षेत्र सफलता के लिए लेफिनेन्ट कमाण्डर सुनील गुप्ता, विशेष सहयोग के लिए जुगुल किशोर कनौडिया, डॉ. धर्मेश पटेल, डॉ. निधि गुप्ता, वीरेन्द्र राय, आशुतोष गुप्ता, मंयक अग्रवाल, दिव्यांश प्रधान को सम्मानित किया गया । साथ ही उपस्थित वैश्य घटक के अध्यक्षों का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रभारी संजय गुप्ता ने आमंत्रित अतिथियों एवं उपस्थित वैश्य बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में विधि प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष एड. संतोष अवधिया, अवधिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सर्राफ, कार्यकारी अध्यक्ष वंशी साहू, जिलामंत्री जगन्नाथ साहू, अतिशय जैन, नारायण ताम्रकार, युवा इकाई के जिला प्रभारी संजय गुप्ता, जिलाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, महिला इकाई की पूर्व प्रदेश मंत्री कल्पना गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष गीता पुरवार, नगर अध्यक्ष रश्मि पुरवार, विभिन्न तहसील के पदाधिकारी गण हजारों की संख्या में वैश्य बन्धु उपस्थित रहे।

# महाराजा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न




**रीवा।** महाराजा पब्लिक स्कूल उपवन नगर एवं अमहिया का संयुक्त वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शहर के मध्य स्थित स्वयंवर द अर्बन ग्रिल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप पुलिस महानिरीक्षक हेमंत सिंह चौहान उपस्थित हुए। बतौर वशिष्ठ अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, महाराजा ग्रुप के चेयरमैन देवेंद्र सिंह, पूर्व गवर्नर लायंस डिस्ट्रिक्ट क्लब सज्जी जॉन, समाजसेवी वीरेंद्र आर्य, महाराजा पब्लिक स्कूल बेला के डायरेक्टर आनंद सिंह, साईं पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विक्रमादित्य तिवारी, महाराजा पब्लिक स्कूल बेला के प्राचार्य थॉमस परुआ, उपवन नगर की प्राचार्य मनीषा सिंह, अमहिया ब्रांच के प्राचार्य मंजर खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराजा पब्लिक स्कूल उपवन नगर के डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह ने की। आए हुए अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेट कर किया गया। सभी अतिथियों ने माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रवलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। तदोपरांत छात्रों द्वारा नृत्य, गायन, एवं नाट्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के समापन में संपूर्ण सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनू जॉन, सोमा बनर्जी, निशा तिवारी, संध्या मिश्र, सरिता द्विवेदी, प्रकृति माझी, रुचि पाण्डेय, श्रुति पांडे, स्नेहा गौतम, प्रज्ञा मिश्रा, प्राची मिश्रा, स्वाति मिश्रा, शिप्रा सिंह सहित अभिभावक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई का निर्वाचन संपन्न

## जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने




**रीवा।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी संघ की अधिसूचना द्वारा बनाए गए निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र उपाध्याय एवं सह निर्वाचन अधिकारी सी एल सिंह बघेल के द्वारा 21 दिसम्बर को भारतीय मजदूर संघ के रीवा कार्यालय में जिला इकाई का निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष रामनारायण श्रीवास्तव, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमित अवस्थी, जिला सचिव, डॉ. अरविंद भारती एवं जिला कोषाध्यक्ष अरुण मिश्रा का निर्वाचन सर्व सम्मति से निर्विरोध घोषित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य गजराज तिवारी, विभाग प्रमुख रमाशंकर तिवारी, जिला मंत्री विकास शुक्ला,मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ रीवा संभाग के संभागीय सचिव डॉ. जी. एन. श्रीवास्तव, संभागीय कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष पी. के. निगम,सुरेश द्विवेदी,पूर्व संभागीय सचिव गिरीश तिवारी,सतना इकाई के जिलाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी,सतना बीएमएस विधि सलाहकार पद्मधर द्विवेदी सहित जिले की समस्त विकासखंड एवं तहसील इकाइयों के पदाधिकारी तथा काफी संख्या में बीएमएस एवं राज्य कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने किया क्षेत्र भ्रमण

## दुग्ध समृद्धि और बकरी पालन पर दिया जोर



**रीवा।** दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सतना जिले उचेहरा विकासखंड का सघन दौरा कर क्षेत्रीय पशुपालकों को आधुनिक पद्धतियों से जुड़ने का आह्वान किया। संयुक्त संचालक पशुपालन डीएस बघेल तथा उप संचालक सतना ने भ्रमण के दौरान ग्रामीणों और पशुपालकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान अधिकारियों ने पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और नस्ल सुधार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उन्नत तकनीक अपनाकर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है, जिससे पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। भ्रमण की कड़ी में अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में संचालित 'रेनबो गोटरी फार्म' का औचक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फार्म में पशुओं के आहार, आवास की स्वच्छता और स्वास्थ्य प्रबंधन की बारीकियों को परखा। व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के पश्चात संयुक्त संचालक ने फार्म संचालकों को आवश्यक जानकारी प्रदान की, ताकि बकरी पालन को एक लाभकारी और वैज्ञानिक व्यवसाय के रूप में और बेहतर तरीके से स्थापित किया जा सके। इस दौरान विभागीय अमला और स्थानीय पशुपालक उपस्थित रहे।

# लक्ष्मणपुर में चलाया गया आप का मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान




**रीवा।** रीवा विधानसभा के लक्ष्मणपुर गड्डी रोड में आम आदमी पार्टी का मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान कार्यक्रम और विशाल जनसभा का आयोजन रीवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर दीपक सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पार्टी सदस्यता ग्रहण की। इं.दीपक सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि लक्ष्मणपुर एक तरह से ग्राम पंचायत नहीं अपितु शहर का एक हिस्सा हो गया फिर भी गर्मियों में यहां प्रमुख रूप से पानी की समस्या व्याप्त है, लोग के बीच पानी को लेकर हाहाकार मचा है। भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है, किसान आज भी अपने उगाए फसल के समर्थन मूल्य के लिए रो रहा है, वहीं सरकारी स्कूल और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमराई हुई हैं। घर घर पैकारी और कोरेक्स बिक रही है, पूरा युवा नशे की चपेट में है, और मोहन सरकार कुंभकरण की नीद सो रही है, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से परिवर्तन पटेल पुष्पेंद्र सिंह, महेंद्र त्रिपाठी, लखन कोल, प्रकाश सिंह, रोहित पटेल, दीपू बंसल, गुड्डू बंसल, विमल सोधिया, उमेश यादव, भूपेंद्र पटेल गणेश चौधरी, मोहम्मद फारुख,संदीप पटेल, रवि कुमार, अजय पटेल,अंकित सोधिया समेत अन्य सम्मिलित रहे।

# जल संरक्षण अभियान के तहत किया गया बोरी बंधान



**रीवा।** जनअभियान परिषद के मार्गदर्शन और नवांकुर बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी के नेतृत्व में विकासखंड रीवा अंतर्गत सेक्टर बनकुइयां अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम छिजवार में करियारी नदी में 132 बोरी का बोरी बंधान किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद अमित अवस्थी,नवांकुर संस्था बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला और उनकी टीम के अनमोल साधना ज्योति नीलम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति केछिजवार केअध्यक्ष सनिलसिंह और प्रस्फुटन समिति मद्दपुर के सचिव मुनेंद्र सिंह , प्रस्फुटन समिति के सदस्य व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोगों को जल संरक्षण अभियान अंतर्गत पानी बचाने और बहते हुए जल को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। अमित अवस्थी द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई कि बहते जल को बचाएंगे जल को व्यर्थ नहीं बहाएंगे जिससे भूमि गत जल का स्तर बढ़े और गर्मी के समय जल का स्तर भी कम न होने पाए।

महिला संबंधी सभी समस्याओं का उपचार
अनियमित माहवारी, P.C.O.D, बांझपन, ऑपरेशन, डिलीवरी, गर्भाशय की गांठ
डॉ. एच.एन.सिंह
MBBS, DGO
वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ, एल.टी.टी. सर्जन
दिन- बुध, गुरू, शुक्र, शनि एवं रविवार को रीवा में
दिन- सोम एवं मंगल को मऊगंज में
लगभग 1 लाख LTT ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध परामर्श
• मीनोपाज
• परिवार नियोजन
• यूरिन संक्रमण
• गर्भधारण संबंधी समस्या
• किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्या
आयुष्मान मेडिकल स्टोर
उप्पल मोटर्स नेहरू नगर रोड, नया बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9074442005

## संक्षिप्त खबरें

### डोंगला में वैदिक परंपरा पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज

**विसं, भोपाल।** राष्ट्रीय गणित दिवस पर सोमवार को उज्जैन जिले के डोंगला में सोमवार 22 दिसंबर को भारत की वैदिक गणित परंपरा पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ऐतिहासिक डोंगला पुनः भारतीय ज्ञान परंपरा, खगोल विज्ञान एवं गणितीय अनुसंधान के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह आयोजन मेपकास्ट द्वारा प्रदेश के 170 से अधिक संस्थानों में मनाया जाएगा। जिसका मुख्य कार्यक्रम डोंगला में होगा। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक विरासत को पुनर्जीवित करने की दिशा में सतत प्रयास कर रही है।

### आज आईसर में क्वांटम मटेरियल्स पर कार्यशाला

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईसर) में सोमवार से 24 दिसंबर तक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन क्वांटम मटेरियल्स एंड इमर्जिंग कॉन्सेप्ट्स का आयोजन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिक, शिक्षाविदों और युवा शोधकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन में टोपोलॉजिकल इंसुलेटर्स, सुपरकंडक्टर्स, लो-डायमेंशनल मैग्नेट्स, स्ट्रॉन्गली कोरिलेटेड सिस्टम्स जैसे अत्याधुनिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही स्पिन-ऑर्बिट कपलिंग, टोपोलॉजिकल फेज और क्वांटम डिवाइसेज में हो रहे विकास पर भी विशेषज्ञ अपने शोध निष्कर्ष साझा करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य क्वांटम कंप्यूटिंग, संचार और ऊर्जा जैसे उभरते क्षेत्रों में नए शोध अवसरों को बढ़ावा देना, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

### पेंच से राजस्थान भेजी गई 3 साल की बाघिन

**विसं, भोपाल।** पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी मध्यप्रदेश से 3 वर्ष आयु की एक बाघिन का राजस्थान के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व में सफलतापूर्वक स्थानांतरण किया गया है। यह स्थानांतरण भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर के माध्यम से सुरक्षित रूप से संपन्न हुआ। स्थानांतरण अभियान विगत एक माह से सुव्यवस्थित योजना एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के तहत संचालित किया जा रहा था। पेंच टाइगर रिज़र्व प्रबंधन द्वारा उपयुक्त बाघिन की पहचान कर उसे उन्नत एआई आधारित कैमरा ट्रैप एवं मोशन सेंसर कैमरों के माध्यम से निरंतर ट्रैक एवं मॉनिटर किया गया। इस उद्देश्य से क्षेत्र में लगभग 50 कैमरे स्थापित किए गए थे। अभियान का समन्वय राजस्थान वन विभाग के साथ निकट सहयोग में किया गया।

### अब 100 नहीं 125 दिन मिलेगा रोजगारः शिवराज

**जागरण,रेहटी।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जी वीबीजी राम जी योजना के नाम पर गुमराह करने का आरोप कांग्रेस पर लगाया है। रविवार को सलकनपुर प्रवास के दौरान क्षेत्र के विकास के लिए 73 करोड़ रूपये से भी अधिक के विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए हुए बदलाव के बारे में बताया और कहा कि मनरेगा योजना अब विकसित भारत वीबीजी राम जी योजना बनाई गई है। इस नई योजना के तहत अब ग्रामीणों को साल में 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। इसके लिए सरकार ने 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट प्रस्तावित किया है।राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होते ही यह योजना अगले 6 माह में पूरे देशभर में लागू हो जाएगी। विकास कार्यों का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग के 70 करोड़ 1 लाख रुपये की लागत से 11 प्रमुख सड़कों और बुनियादी ढांचों का निर्माण होगा।

# लापरवाही ने बढ़ाई परियोजनाओं की लागत, सिंचाई का लक्ष्य अधूरा

## प्रदेश में सिंचाई का रकबा 1 करोड़ हेक्टेयर करने का संकल्प, बड़ी-मध्यम व सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं संचालित, पर पिछड़ रहा काम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में कई ऐसी बड़ी सिंचाई परियोजनाएं हैं, जिनकी अधिकारियों की लापरवाही की वजह से लागत बढ़ी है और तय समय में निर्धारित रकवा क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य भी पूरा नहीं हुआ है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आने वाले पांच साल में मध्यप्रदेश में सिंचाई का रकवा 1 करोड़ हेक्टेयर करने के संकल्प के साथ पूरी ताकत से काम कर रहे हैं, लेकिन सिंचाई विभाग के कुछ अधिकारियों की लापरवाही की वजह से कई परियोजनाएं अपने अंतिम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पा रही है। इसकी वजह से परियोजनाओं की जहां लागत लगातार बढ़ रही है, तो वहीं सरकार द्वारा निर्धारित सिंचाई रकवा में भी पानी नहीं पहुंच पा रहा है। प्रदेश में बड़ी, मध्यम और सूक्ष्म कई सिंचाई परियोजनाएं चल रही हैं लेकिन कई ऐसी परियोजनाएं भी हैं, जो निर्माणाधीन हैं। इनमें से कुछ परियोजनाएं विभागीय लापरवाही व दूसरे कारणों की वजह से लंबित हैं और जिनकी लागत भी बढ़ गई है। इनमें जैसे चितरंगी, जावद नीमच परियोजनाओं को 2025-26 तक पूरी होना है, लेकिन वास्तविक स्थिति को आंकलन कर ये समय पर पूरी नहीं हो पाएंगी। उल्लेखनीय है कि सरकार को वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश में सिंचाई का रकबा 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाना है,लेकिन यह लक्ष्य पूरा हो पाएगा,इस पर कहां नहीं जा सकता है। बताया गया है कि कुछ परियोजनाएं पूरी होने के बाद भी, तकनीकी या प्रबंधन कारणों से उनका पूरा लाभ नहीं मिल पाता।



### माइक्रो इरिगेशन परियोजनाओं पर भी ध्यान नहीं

बताया गया है कि सरकार ने माइक्रो -इरिगेशन पर जोर देते हुए ड्रॉप मोर क्रॉप्ट के तहत 133 बृहद और मध्यम माइक्रो-इरिगेशन परियोजनाएं प्रारम्भ कराई है,इनका उद्देश्य जिससे पानी का बेहतर उपयोग हो सके। लेकिन इनमें भी कई परियोजनाएं अभी भी पूरी नहीं हुई हैं या पाइपलाइन में हैं।

### ये हैं अधूरी परियोजनाएं, किसानों को हो रहा नुकसान

मप्र में कई सिंचाई परियोजनाएं अधूरी हैं, जिनमें मुख्य रूप से बिंजलवाड़ा (खरगोन), नागलवाड़ी (बड़वानी), और कई उद्वहन सिंचाई परियोजनाएँ शामिल हैं, जहां किसानों को पानी नहीं मिल रहा और जबकि कुछ परियोजनाओं (जैसे मोहनपुरा) में भी पानी वितरण को लेकर शिकायतें हैं। हनोता (सागर), मां रेवा (देवास), सीतापुर-हनुमना (रीवा/मऊगंज) जैसी नई परियोजनाओं के लिए केंद्र की मंजूरी या वन-भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया चल रही है, जिससे देरी हो रही है पर विभाग की कोशिश है कि वर्ष 2029 तक कई बड़ी परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य बना रही है। मध्य प्रदेश में कई सिंचाई परियोजनाएं लापरवाही के कारण अधूरी हैं, जिससे लागत में भारी वृद्धि हुई है और किसानों को नुकसान हुआ है। इसमें त्योंथर परियोजना भी शामिल है। 254 करोड़ रुपये की इस परियोजना को 3 साल में पूरा होना था, लेकिन 6 साल बाद भी अधूरी है। इससे 1715 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय कृषि उत्पादन का नुकसान हुआ, और लागत बढ़ी है।

इसी तरह राजगढ़ जिले की 1375 करोड़ रुपए की सुठालिया परियोजना का काम भी 6 महीने से रुका हुआ है, जिससे देरी और लागत में वृद्धि हुई है। इसी तरह मोहनपुरा और कुंडलिया परियोजनाओं की लागत 3866 करोड़ और 3448 करोड़ रुपये थी, जिन्हें पूरा होने में देरी हुई और लागत बढ़ी । यह परियोजना वर्ष 2016 में स्वीकृत की गई थी,जिसे 2021-22 में पूरी होनी थी। जानकारों का कहना है कि परियोजनाओं के बिलंब होनी के वजह से जहां मूल लागत में वृद्धि होती है,जिससे सरकार पर आर्थिक भार आता है, तो इन परियोजनाओं के लिए रेखांकित रकबा क्षेत्र में समय पर सिंचाई न मिलने से कृषि उत्पादन को भारी नुकसान होता है।

### अधिकारियों ने हाथ किए खड़े

इस संबंध में विभाग के कई अधिकारियों से वास्तविक स्थिति जानने की कोशिश की, लेकिन सभी ने हाथ खड़े कर दिए। जबकि प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा से भी संपर्क नहीं हो सका।

# गोल्डन जुबली सेलिब्रेशनः केंद्रीय मंत्री चौहान ने मॉडल स्कूल पहुंचकर याद किए बीते दिन

## खट्टी मीठी यादों को ताजा करते स्कूल की शैतानियां और मित्रों के अपनेपन को याद किया

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मॉडल स्कूल में रविवार को गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन का कार्यक्रम रखा गया। इसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान रहे। इस अवसर पर उन्होंने वृक्षारोपण कार्य कर, विद्यालय में प्रवेश कर निरीक्षण किया। अपने कक्षाओं के बारे में जानकारी ली उसके अंदर जाकर अपने पुराने दिनों को याद किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में अपने स्कूल की खट्टी मीठी यादों को ताज करते हुए शिक्षा से लेकर भोपाल, गोवा की यात्रा, स्कूल की शैतानियां और मित्रों के साथ जो अपनापन था। वह सब बहुत ही भावनात्मक रूप से याद किए। स्कूल में हर तरीके के सहयोग करने का आपने स्पष्ट आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रेखा शर्मा ने उनको स्कूल की तरफ से स्मृति चिन्ह और स्वागत किया। गोल्डन जुबली समिति की तरफ से पूर्व पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी, समन्वयक सत्य प्रकाश त्रिवेदी, अजय



श्रीवास्तव नीलू संयोजक शेखर दुबे, पंकज हाथवले, आलोक श्रीवास्तव, कौशलेंद्र कुलश्रेष्ठ प्रवीण बरगले, नितिन नांदगांवकर, तिवारी, करण वर्मा आदि ने उनको शाल कमल जैन, आलोक चतुर्वेदी विजय श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### अतिक्रमण से मुक्त कराया था मॉडल स्कूल, डिजिटल डायरेक्टरी का भी विमोचन

कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के संयोजक अजय श्रीवास्तव नीलू ने बताया कि केंद्रीय मंत्री चौहान ने अपने मुख्यमंत्री काल में मॉडल स्कूल के भवन को अतिक्रमण से मुक्त कराया था। उन्होंने यथासंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डिजिटल डायरी डायरेक्टरी का विमोचन किया। जिसमें पुरानी यादें ताजा हुई। परिवारिक परिचय सम्मेलन हुआ संपन्न हुआ।

# पांचवीं-आठवीं बोर्ड में शामिल होंगे 24 लाख परीक्षार्थी

## 20 फरवरी से शुरू होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के लिए जारी किए गए दिशा-निर्देश,एक केंद्र पर 250 से ज्यादा विद्यार्थी नहीं बैठेंगे

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश में पांचवीं-आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू होंगी। राज्य शिक्षा केंद्र ने बोर्ड परीक्षाओं के टाइम टेबिल के साथ दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए हैं। दोनों परीक्षाओं में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। जनशिक्षा केंद्र पर अधिकतम पांच केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा केंद्र स्कूल से तीन किमी के दायरे में होंगे। हर केंद्र पर 250 से ज्यादा विद्यार्थी नहीं होंगे। विशेष परिस्थितियों में राज्य शिक्षा केंद्र को सूचित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अनुमति से परीक्षा केंद्र बढ़ाए जा सकते हैं। परीक्षा के लिए राज्य और जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी बनाया जाएगा, जिसमें परीक्षा संबंधी शिकायतें दर्ज होंगी। परीक्षा में फेल होने पर विद्यार्थियों को दो माह बाद दोबारा से परीक्षा देने का मौका मिलेगा। दूसरी परीक्षा में भी विद्यार्थी फेल होता है, तो उसे डिटेंशन पालिसी में शामिल किया जाएगा। हर विषय की 60 अंक की लिखित परीक्षा के लिए 20 लाना अनिवार्य है। इससे कम अंक आने पर विद्यार्थी को दूसरी परीक्षा में शामिल होना होगा। इसके बाद भी पास नहीं होता है तो फेल करार कर कक्षा में रोक लिया जाएगा। विद्यार्थी परीक्षा के दौरान नकल करते या नकल सामग्री के साथ पकड़ा जाता है, तो उसकी परीक्षा निरस्त कर दी जाएगी। उनकी कापियों का मूल्यांकन भी रोक दिया जाएगा। परीक्षा में निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय के अलावा लेखक की सुविधा भी दी जाएगी। स्कूलों में आयोजित की गई गतिविधियों पर विद्यार्थियों की उपलब्धि पर कक्षा के शिक्षकों द्वारा ग्रेड दिया जाएगा। इसमें नियमितता, समयबद्धता, सहयोग की भावना, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी का आंकलन भी होगा।

### पांचवीं-आठवीं का टाइम टेबिल

- **आठवीं:** परीक्षा बीस से 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम साढ़े चार बजे तक रहेगा। 20 फरवरी को प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी का पेपर होगा। 21 फरवरी को गणित अथवा संगीत (दृष्टिबाधितों के लिए), 23 फरवरी को द्वितीय भाषा अंग्रेजी तथा हिंदी, 25 फरवरी को विज्ञान, 26 फरवरी को तृतीय भाषा संस्कृत, हिंदी, उर्दू, मराठी, 28 फरवरी को सामाजिक विज्ञान का पेपर रहेगा।
- **पांचवीं:** परीक्षा 20 से 26 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम चार बजे तक का रखा गया है। 20 फरवरी को प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी का पेपर रहेगा। 21 फरवरी को गणित अथवा संगीत, 23 फरवरी को दितीय भाषा अंग्रेजी अथवा हिंदी, 25 फरवरी को पर्यावरण अध्ययन, 26 फरवरी को अतिरिक्त भाषा हिंदी, संस्कृत, उर्दू का पेपर होगा।

# अगले वित्तीय वर्ष के बजट को लेकर आज होगा संवाद

## विषय-विशेषज्ञ देंगे राय, देवड़ा रहेंगे मौजूद

**विसं, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार एक बार फिर से अगले वित्तीय वर्ष के बजट को लेकर विशेषज्ञों और अन्य लोगों की राय जानेगी। इसके लिए वित्त विभाग ने 22 दिसम्बर को भोपाल में संवाद का आयोजन किया है, जिसमें वित्तीय बजट कैसा होना चाहिए, इस पर विशेषज्ञों द्वारा अपनी राय रखी जाएगी। वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये बजट तैयारी के संबंध में बजट पर संवाद सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग कल्याण संचालनालय होगा। जिसमें उपमुख्यमंत्री देवड़ा विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर आगामी बजट को अधिकाधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बनाए जाने के लिए बहुमूल्य सुझाव प्राप्त करेंगे। गौरतलब है कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में मध्यप्रदेश की भागेदारी बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा लगातार पिछले पांच वर्षो से वित्तीय बजट में विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। देवड़ा के निर्देशन में वित्त विभाग बजट की तैयारी कर रहा है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों जैसे बैंकिंग, ग्रामीण-विकास, जनजाति, आर्थिक एवं वाणिज्यिक, जेंडर बजट, पर्यावरण के विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त करने के लिये बजट पर संवाद किया जा रहा है। कार्यक्रम में बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वित्त आयोग, उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्यान, चिकित्सा, चार्टर्ड एकाउंटेंसी, फिल्म, में सफलता पूर्वक कार्य कर रहे हितधारकों को भी सुझाव देने के लिये आमंत्रित किया जा रहा है।



# गांधीजी का अपमान कर रही भाजपा सरकारः कांग्रेस

## कांग्रेस ने मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ किया प्रदर्शन, गांधीजी की प्रतिमा के सामने की नारेबाजी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में रविवार को कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के नाम एवं स्वरूप में किए जा रहे बदलाव के विरोध में प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलना महात्मा गांधी का अपमान है। जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में रविवार को मिंटो हॉल (कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर) स्थित गांधी जी की प्रतिमा के सामने जमकर विरोध किया गया। शहर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महात्मा गांधी के नाम, उनके आदर्शों और गरीब-मजदूरों के अधिकारों पर लगातार प्रहार कर रही है। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना के नाम और स्वरूप से छेड़छाड़ कर सरकार गरीबों के रोजगार के अधिकार को कमजोर करना चाहती है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने और योजना के स्वरूप से खिलवाड़ करने का फैसला वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन को और तेज करेगी।




### ये नेता रहे मौजूद

विरोध प्रदर्शन में सेवा दल के प्रदेश मुख्य संगठक अवनीश भार्गव, प्रदेश सचिव योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान, प्रदेश सचिव राजकुमार सिंह, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ब्लॉक कांग्रेस अशोक मारण, फहीमबख्श, राहुल सिंह राठौड़, रवि शंकर मिश्रा, अमित मीणा, महेश मेहरा एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मंत्री ने स्वीकारा घोषणाएं पूरी करना संभव नहींः पटवारी

इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया में पोस्ट के जरिए भाजपा सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि बिना किसी का नाम लिए लिखा कि मंत्री स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि चुनाव के समय वोटरों को लुभाने के लिए 'मोदी की गारंटी' के नाम पर कई घोषणाएं कर दी गईं, जिन्हें अब पूरा करना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पर पहले से ही 4.65 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है और यह स्थिति तब है, जब 95 प्रतिशत से भी अधिक चुनावी वादे अधूरे पड़े हैं। लाड़ली बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने ,किसानों को 2700 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं और 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदने और प्रत्येक परिवार को एक रोजगार देने का वादा किया है। इसी तरह लाड़ली बहनों को 3000 रुपये प्रतिमाह और पक्के मकान देने एवं आदिवासी परिवारों के लिए 3 लाख करोड़ रुपये के पैकेज की बात कही थी। उन्होंने आगे लिखा कि इसी तरह कई अन्य वादे भी किए गए थे, जिन्हें दिखाकर भाजपा ने चुनाव में वोट मांगे, लेकिन इनमें से आज एक भी वादा धरातल पर नहीं उतरा है।यानि कि झूठी 'मोदी की गारंटी' दिखाकर प्रदेश की जनता के साथ छल किया गया।

**उपलब्धियों** — दो साल का रिपोर्ट कार्ड रखा मंत्री तोमर ने, कहा-मध्यप्रदेश में सरप्लस बिजली

# मप्र में 1 करोड़ उपभोक्ताओं को 100 रुपए बिलः तोमर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि मप्र ऐसा राज्य है, जहां के उपभोक्ताओं को बिना कटौती के 24 घंटे और किसानों को 10 घंटे बिजली दी जा रही है। प्रदेश में वर्तमान में एक करोड़ ऐसे घरेलू उपभोक्ता हैं, जिन्हें 100 यूनिट बिजली की खपत पर 100 रुपए बिल के रूप में लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को लाभ प्रदाय कर रहा है। मंत्री तोमर रविवार को अपने विभाग के दो साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड को लेकर पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने रिकॉर्ड मांग के बावजूद बिना कटौती बिजली सप्लाई कर देश में उदाहरण पेश किया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 12 दिसंबर को प्रदेश के इतिहास में पहली बार 19,113 मेगावाट की सर्वाधिक बिजली मांग बिना किसी कटौती के पूरी की गई। यह सरकार की कुशल कार्ययोजना और बेहतर बिजली प्रबंधन से संभव हो सका है। हम इसी तरह अपने प्रयास जारी रखेंगे, क्योंकि राज्य में हर साल बिजली की खपत बढ़ रही है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश सरप्लस बिद्युत राज्य की स्थिति में है, क्योंकि राज्य की कुल अनुबंधित विद्युत क्षमता 25,081 मेगावाट है, जबकि मांग इससे कम है। इसके चलते मप्र सरप्लस राज्य की स्थिति में है। हालांकि 2011 के बाद बिजली कंपनियों में नियमित भर्तियां नहीं होने से व्यवस्थागत कठिनाइयां बढ़ीं और पूरा भार संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों पर आ गया। इस मामले में आम जनता ने शिकायत दर्ज कराई तो मंत्री परिषद ने बिजली कंपनियों में 50 हजार से अधिक नियमित पदों पर भर्ती को स्वीकृति दी है। अब तक 11 सौ पदों पर भर्ती हो चुकी है और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्वयं नियुक्ति पत्र सौंपे हैं।



### स्मार्ट मीटर के गिनाए फायदे

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर कुछ लोगों ने भ्रम फैलाने की बात की, लेकिन हकीकत यह है कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को बहुत फायदा है। इनके माध्यम से समय पर और सही बिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वितरण केंद्र स्तर पर प्रभारी अधिकारी प्रतिदिन पांच उपभोक्ताओं से फोन पर सीधे संवाद कर रहे हैं, तो स्मार्ट मीटर के जरिए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मिलने वाली सस्ती बिजली का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। इस अवधि में की गई खपत पर 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर माह एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट की खपत पर मात्र 100 रुपए बिल दे रहे हैं। इसी तरह किसानों को मात्र 7 प्रतिशत राशि का भुगतान दो किस्तों में लिया जाता है। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के एक हेक्टेयर तक भूमि वाले और पांच एचपी पंपधारक किसानों को मुफ्त बिजली दी जा रही है।

### 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि बकाया

घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को हर साल करीब 26 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। उद्योगों को भी रियायती दरों पर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे सालाना लगभग 2,000 करोड़ रुपये की छूट दी जा रही है। तोमर ने कहा कि बिद्युत उपभोक्ताओं को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी,क्योंकि हम भी कंपनियों से बिजली खरीदकर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराते है। समय पर बिजली बिलों का भुगतान नहीं होने से वितरण कंपनियों पर आर्थिक बोझ पड़ता है। अब तक 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक बकाया राशि हो चुकी है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हमने समाधान योजना के जरिए उपभोक्ताओं को सरचार्ज में छूट प्रदान की है। यह प्रथम चरण में 31 दिसम्बर तक जारी रहेगा। इसमें ऐसे उपभोक्ताओं के मामलों का समाधान किया जा रहा है,जिनके बिजली बिल भुगतान नहीं होने की वजह से बिद्युत कनेक्शन काटे गए है।

# संभाग स्तर के पीडब्ल्यूडी अधिकारी जिलों में करेंगे कार्यों का निरीक्षण

## जांच दलों की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** लोक निर्माण विभाग के तहत प्रदेश में चल रहे निर्माण कार्यों को निरीक्षण करने पर संभाग स्तर पर दो-दो सदस्यीय कमेटी गठित की गई है, जो जिला स्तर पर उतर कर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेगी। ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि पूर्व में निर्माण कार्यों में निकली खामियों के चलते जिन्हें नोटिस देकर जवाब तलब किया गया था, उन्होंने जवाब देना तक जरुरी नहीं समझा है। यहां तक निलंबन के आदेश तक जारी नहीं हो सके हैं। इसके अलावा निरीक्षण दलों पर भी भेदभाव के आरोप लगाए जा रहे हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि टीम वहीं निरीक्षण करने जाती हैं। जहां स्थिति बेहतर बनी हुई हैं। जिलों के जर्जर पुल और सड़कों पर टीम की नजरें नहीं पहुंच पा रही हैं। यहां तक अंतिम रिपोर्ट तैयार होने के पहले ही अधिकारी ठेकेदार से सांठगांठ कर रहे हैं। इससे शासन द्वारा निरीक्षण की व्यवस्था फेल होती दिखाई दे रही है। जबकि शासन के आदेश के मुताबिक टीम को देना है कि निर्माण कार्यों की क्वालिटी में कोई गडबड़ी तो नहीं आ रही है। यहां तक निर्माण कार्य में कोई ढिलाई तो नहीं बरती जा रही है। इसके लिए बीस नवंबर को टीमें संभाग स्तर पर पहुंचकर निरीक्षण करेंगी। विभाग के सभी इंजीनियर सड़कों पर उतर कर निरीक्षण करेंगी।

### ये होंगे निरीक्षण दल

भोपाल परिक्षेत्र के रायसेन में मुख्य अभियंता राकेश जैन और योगेंद्र सिंह, जबलपुर परिक्षेत्र के सियोनी में वीएस मीणा और संजय मस्के, ग्वालियर परिक्षेत्र के मुरैना में आरएस वर्मा और गोपाल सिंह, इंदौर परिक्षेत्र के बुरहानपुर में वीसी वर्मा और बीपी बौरासी, रीवा परिक्षेत्र के रीवा में संजय डेहरिया और केएस यादव, उज्जैन परिक्षेत्र के उज्जैन में वीके आरख और एससी वर्मा तथा सागर परिक्षेत्र के छतरपुर में सीएस बरख और वीके झा शामिल हैं। उक्त दल रेंडम आधार पर अपने अपने परिक्षेत्र में निरीक्षण करेंगे और यहां चल रहे निर्माण की जांच पड़ताल कर कार्रवाई तक करेंगे।

## मॉर्चुरी वैन नहीं मिली, सब्जी के थैले में घर ले जाना पड़ा बच्चे का शव

**चाईबासा, जेएनएन।** एक सब्जी का थैला। झारखंड के वेस्ट सिंहभूम जिले के एक आदिवासी हो परिवार को एम्बुलेंस न होने से अपने मृत चार महीने के बच्चे को घर ले जाने के लिए इसी थैले का इस्तेमाल करना पड़ा। 19 दिसंबर को चाईबासा के पास बाला बारीजोरी गांव के डिम्बा चातोम्बा और उनकी पत्नी रॉयबारी चातोम्बा को अपने बच्चे की बॉडी सब्जी के थैले में घर ले जाने के लिए कहा गया। यह एक बार फिर दिखाता है कि कैसे बहुत ज्यादा गरीबी, आखिरी मील तक खराब कनेक्टिविटी, भारत के हेल्थकेयर सिस्टम में बड़ी कमियां परिवारों को मौत के बाद भी खुद का ख्याल रखने पर मजबूर करती हैं। इस घटना से गुस्सा फैल गया, जिसके बाद राज्य सरकार ने सुधार के उपाय घोषित किए। डिम्बा के मुताबिक, इस महीने की शुरुआत में जब ४ महीने के बच्चे का बॉडी टेम्परेचर बढ़ गया और उसने पांच दिनों तक खाना नहीं खाया, तो लोकल हेल्थकेयर वर्कर्स ने परिवार से बच्चे को डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल ले जाने को कहा और एम्बुलेंस का इंतजाम किया। 19 दिसंबर को सदर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। हालांकि, मौत की वजह नहीं बताई गई। इसके बाद परिवार ने मॉर्चुरी वैन मांगी, लेकिन उन्हें बताया गया कि कोई वैन अवेलेबल नहीं है।

### असम में प्रधानमंत्री मोदी ने किया अमोनिया-यूरिया प्लांट का उद्घाटन, बोले-

# देश में बांग्लादेशी घुसपैठिए कांग्रेस ने ही बसाए, इसलिए एसआईआर का विरोध

**डिब्रूगढ़, जेएनएन।** असम दौरे के दूसरे दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ में अमोनिया-यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन होगी। यह यूनिट 2030 तक चालू हो जाएगी। इस दौरान जनसभा में पीएम मोदी ने कहा,



पहले किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं। जो काम कांग्रेस को उस समय करना था, उसने नहीं किया। इसलिए मुझे एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया है और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। एसआईआर का विरोध कर रही है। तुष्टिकरण और वोट बैंक के इस कहर से हमें असम को बचाकर रखना है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर खड़ी है। इससे पहले पीएम ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर 25 बच्चों के साथ करीब 45 मिनट परीक्षा पे चर्चा भी की। मोदी ने नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्प लिमिटेड के मौजूदा परिसर में नए फर्टिलाइजर यूनिट की आधारशिला रखी।

## बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक इसलिए मुश्किल हालात में

**कोलकाता, जेएनएन।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे हमले पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, वहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं, इसलिए हालात मुश्किल हैं। हिंदुओं को अगर बांग्लादेश में सुरक्षित रहना है तो एकजुट रहना होगा। दुनियाभर के हिंदुओं को उनकी मदद करनी चाहिए। मोहन भागवत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 साल पूरे होने पर कोलकाता में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में रविवार को बोल रहे थे।



भागवत ने कहा-भारत को अपनी सीमाओं में रहकर जितनी हो सके उतनी मदद करनी चाहिए। हमें वह सब कुछ करना होगा जो हम कर सकते हैं, क्योंकि हिंदुओं के लिए एकमात्र देश भारत ही है। भारत सरकार को इस पर ध्यान देना होगा। उन्हें कुछ करना होगा। हो सकता है वे (सरकार) पहले से ही कुछ कर रहे हों। कुछ बातें बताई जाती हैं, कुछ नहीं बताई जा सकतीं। कभी नतीजे मिलते हैं, कभी नहीं मिलते, लेकिन कुछ तो करना ही होगा। भागवत ने कहा, हिंदुस्तान एक हिंदू राष्ट्र है। इसे साबित करने की जरूरत नहीं, जैसे सूरज पूरब से उगता है। हमें नहीं पता कि यह कब से हो रहा है। तो, क्या इसके लिए भी हमें संवैधानिक मंजूरी चाहिए? जो भी भारत को अपनी मातृभूमि मानता है और भारतीय संस्कृति की सराहना करता है वह भारत को एक हिंदू राष्ट्र मानता है।

### केंद्रीय मंत्री का सोनिया को पत्र

## 2 साल बाद भी आपकी राज्य सरकार ने वादे पूरे नहीं किए

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने रविवार को कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी को पत्र लिख पूछा, तेलंगाना विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के घोषणा-पत्र में किए गए 6 वादे राज्य में सरकार बनने के दो साल बाद भी पूरे क्यों नहीं किए गए? रेड्डी ने जानना चाहा कि जब तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी हाल ही में दिल्ली में सोनिया गांधी से मिले और उन्हें तेलंगाना राइजिंग-2047 विजन डॉक्यूमेंट पेश किया तो क्या सोनिया गांधी ने उन पुराने वादों की स्थिति की समीक्षा की थी? तेलुगु में लिखे पत्र में केंद्रीय मंत्री ने कहा-मैं तेलंगाना सरकार द्वारा 'तेलंगाना राइजिंग-2047' कार्यक्रम के संदर्भ में यह पत्र लिख रहा हूं, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी हाल ही में दिल्ली गए थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से आपको 'तेलंगाना राइजिंग-2047 विजन डॉक्यूमेंट' पेश किया था।

# अरुणाचल में जासूसी का भंडाफोड़, पाक कनेक्शन

### जासूसी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली,जेएनएन।** असम, अरुणाचल प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में ३ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में वायुसेना का एक रिटायर्ड कर्मचारी भी शामिल हैं। 10 दिनों में हुई इन गिरफ्तारियों से पूर्वोत्तर की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पकड़े गए पाकिस्तान से जुड़े संदिग्ध जासूसों की संख्या 5 हो गई है। एजेंसियों का मानना है कि यह पूर्वोत्तर में सक्रिय एक बड़े जासूसी नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है। पुलिस, जांच एजेंसियों के मुताबिक, शुरुआती जांच में इस नेटवर्क के चीन से जुड़े होने के संकेत भी मिले हैं। सुरक्षा एजेंसियां हाइब्रिड वॉर रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं, जिसमें जासूसी, घुसपैठ, सैन्य दबाव को एक साथ इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस ने साफ कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और जासूसी में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।



**एजेंसियां अलर्ट और जांच**

- सभी आरोपियों पर ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट और अन्य सख्त धाराओं में केस दर्ज
- असम और अरुणाचल में काउंटर-इंटेलिजेंस ऑपरेशन तेज
- सुरक्षा एजेंसियां इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मान रही हैं
- भारत, चीन, पाकिस्तान से जुड़े सुरक्षा हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है

## बांग्लादेशी गौतस्करों ने बीएसएफ जवान का किया अपहरण

**कोलकाता/ढाका।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर शनिवार तड़के कुछ बांग्लादेशी गौतस्करों ने एक बीएसएफ जवान का अपहरण कर लिया। गौतस्कर घनी धुंध का फायदा उठाकर जवान को साथ ले गए। हालांकि, बाद में बदमाशों ने जवान को बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के हवाले कर दिया। दोनों देशों के बीच बातचीत के बाद जवान को लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। घटना पश्चिम बंगाल के कोचबिहार जिले के मेखलीगंज इलाके में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुबह 4.45 बजे हुई।

## जोहान्सबर्गः बार में अंधाधुंध फायरिंग, ९ लोगों की मौत



**जोहान्सबर्ग, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हमले का मकसद फिलहाल स्पष्ट नहीं है। गौतेंग प्रांत की पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर ब्रेंडा मुरीडिली ने बताया कि कुछ पीड़ितों को सड़कों पर अचानक गोली मारी गई। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। यह गोलीबारी बेकर्सडाल के एक शराबखाने के पास हुई। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह इस महीने दक्षिण अफ्रीका में दूसरी बड़ी गोलीबारी की घटना है। इससे पहले 6 दिसंबर को राजधानी प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में हुई फायरिंग में 12 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ३ साल का बच्चा भी शामिल था। पुलिस के मुताबिक, उस हॉस्टल में अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी।

## मुंबई में 16 साल पुराने बलात्कार का खुलासा, सीरियल रेपिस्ट गिरफ्तार

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई में 16 साल पुराने रेप मामले का अब खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी महेश पवार को 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी रविवार को सामने आई। पीड़ित मूक-बधिर है। वह बोल और सुन नहीं सकती। पुलिस के मुताबिक घटना 2009 की है, जब पीड़ित नाबालिग थी। वर्तमान में वह शादीशुदा है और मुंबई के वेस्टर्न सबर्ब में रहती है। जांच के दौरान पता चला कि वह इकलौती नहीं है, जिसके साथ आरोपी ने दरिंदगी की। आरोपी एक सीरियल रेपिस्ट है और उसके निशाने पर मूक-बधिर महिलाएं ही होती थीं। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में सात महिलाओं के शोषण के सबूत मिले हैं, लेकिन पीड़ितों की संख्या 24 से ज्यादा हो सकती है।

**24 से ज्यादा मूक-बधिर महिलाओं को शिकार बनाया**

# कोहरे में छिपा सूर्य, दस जिलों में सुबह के वक्त विजिबिलिटी जीरो




**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** साल खत्म होते होते अब मौसम के तेवर भी बदलने लगे हैं। बीते दो दिन से प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड के साथ घना कोहरा छा रहा है। रविवार सुबह प्रदेश के दस जिलों में विजिबिलिटी जीरो दर्ज की गई। रविवार को ग्वालियर, निवाड़ी, टीकमगढ़ सहित करीब दस जिलों में सुबह 8:30 बजे विजिबिलिटी जीरो रही। इसके तीन घंटे बाद सुबह 11:30 बजे कुछ जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर से कम दर्ज की गई। विजिबिलिटी कम होने का सीधा असर ट्रेन और सड़क यातायात पर देखने को मिल रहा है। उत्तर भारत की ओर से भोपाल आने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनें रविवार को कई घंटों की देरी से चल रही हैं। रविवार को प्रदेश के ऊपरी हिस्सों खासकर पश्चिमी हिस्से में हल्के बादल देखे गए हैं। जिनके समय के साथ ज्यादा घने होने का अनुमान है। लेकिन बारिश जैसी कोई स्थिति नहीं बन रही।

**कश्मीर में चिल्लई-कलां शुरू**

कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में दो इंच बर्फ जमी है। सोनमर्ग में सुबह से बर्फबारी जारी है। कश्मीर में 40 दिनों के भीषण सर्दी का दौर, चिल्लई-कलां रविवार से शुरू हो गया है। चिल्लई-कलां हर साल 21 दिसंबर से 31 जनवरी तक रहता है। इस दौरान सबसे ज्यादा बर्फबारी होती है।

**दिल्ली में गंभीर श्रेणी में पहुंचा एक्यूआईः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को वायु प्रदूषण का स्तर तेजी से बहुत ज्यादा बढ़ गया। घना स्मॉग, कड़ाके की ठंड और कोहरे ने उत्तर भारत के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। हालात इतने बिगड़ गए कि प्रदूषण 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। एक्यूआई रात 11 बजे तक बढ़कर 410 तक पहुंच गया, जो सीधे तौर पर 'गंभीर' श्रेणी में आता है।

**आज 22 जिलों में कोहरा**

पूर्वानुमान के मुताबिक सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा। ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी में घने कोहरे के आसार हैं।

**कई ट्रेनें लेटः** रविवार को भोपाल स्टेशन पर एक दर्जन से अधिक ट्रेनें 5 से लेकर 8 घंटे तक देरी से पहुंची। इनमें शताब्दी, पंजाबमेल, झेलम, सचखंड, दक्षिण, मालवा, अमृतसर एक्सप्रेस आदि शामिल हैं।

# खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025: स्थानीय कलाकारों ने बांधा शमां




**खजुराहो।** खजुराही इंटरनेशमान फिल्म फेस्टिवल 2025 के चौथे दिन का कार्यक्रम कला, संस्कृति और सिने-सूजन का एक शानदार संगम साबित हुआ। शनिवार की शाम को यहा आयोजित विभिन्न प्रस्तुतियों और सन्मान समारोहों ने दर्शकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दिन की शुरुआत रंगारंग नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों से हुई, जिनके साथ ही वातावरण अत्साह और उमंग से भर गया। स्थानीय कत्ताकारों और प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। पूरा स्थल उत्सव के रंगों से सराबोर था, और प्रजुराहों की जानी-पहचानी सास्कृतिक ऊर्जा हर ओर महसूस हो रही थी।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक था मुख्य अतिथि अभिनेत्री पूनम ढिल्लों जी का सम्मान। उन्हें चढ्ढस्रस्त्र के संस्थापक श्री राजा बुंदेला जी द्वारा फेस्टिवल में उनके योगदान और लंबे फिल्मी सफर के सम्मान में पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके तुरंत बाद प्रख्यात निर्देशक एन. चंद्रा को भी राजा बुंदेला द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मंच पर एक के बाद एक रंगारंग प्रस्तुतियों का सिलसिला जारी रहा। इनमें ओम शांति ओम जैसी लोकप्रिय फिल्मों के प्रतिष्ठित सांग और गीतों को प्रभावशाली तरीके से रिक्रिएट किया गया, जिनकी दर्शकों ने खूब सराहना की। कलाकारों की ऊर्जा और प्रस्तुति की गुणवत्ता ने पूरे माहौल को और भी रोमांचक बना दिया।

दिन के उत्तरार्ध में फेस्टिवल के महत्वपूर्ण खंड टापरा टॉकीज के तहत 17 फिल्मों की स्क्रीनिंग आयोजित की गई। देश भर के विभिन्न शहरों से आई इन फिल्मों ने अपनी विशिष्ट विषयवस्तु और रचनात्मकता से दर्शकों को प्रभावित किया। स्क्रीनिंग के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए। विशेष रूप से, इंदौर के पेस्टीज इंस्टीट्यूट के प्रेस्टिज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन फिल्म एंड डिजिटल कम्युनिकेशन लम्युनिकेशन के छात्र अनुराग शरण की बेस्ट डायरेक्टर केटेगरी के लिए निर्देशित थियूमेंट्री 'समाचार पत्र' की समानित किया गया। इसी के साथ प्रेस्टीज के अन्य छात्र-छात्राओं को भी उनकी फिल्यों और डॉक्यूमेंट्री के लिए सम्मानित किया गया। इनसभी विद्यार्थियों ने डॉ. जुबैर खान के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट फिल्मे और डॉक्यूमेंट्री तैयार की थीं। इसके पश्चात फेस्टिवल में उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया।

शाम का समापन और भी मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिन्होंने चौथे दिन के इस गव्य आयोजन की अविस्मरणीय बना दिया। इसी आकर्षण और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ खजुराही इंटरनेशनत्र फिल्म फेस्टिवल 2025 के चौथे दिन का शानदार समापन हुआ।

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव में एनडीए को 213 सीटें

**मुंबई,जेएनएन।** महाराष्ट्र निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को बंपर जीत हासिल हुई है। रविवार आए 288 सीटों (246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों) के रिजल्ट में महायुति को 213 सीटों पर जीत मिली। गठबंधन में भाजपा 118 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी। एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 58, जबकि एनसीपी अजित को 37 सीटें मिलीं। विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी के हिस्से सिर्फ 51 सीटें ही आईं। इसमें कांग्रेस 31, शिवसेना उद्धव को 9, शरद पवार की एनसीपी को सिर्फ 10 सीटें मिलीं। 24 सीटें अन्य को मिली हैं, जिन्होंने स्थानिक अघाड़ी (लोकल अलायंस) बनाया था। महाराष्ट्र 288 नगर परिषदों और नगर परिषदों के लिए दो चरणों में चुनाव हुआ था। पहले चरण में 2 दिसंबर को 263 निकायों में मतदान हुआ था। बाकी 23 नगर परिषदों और कुछ खाली पदों पर 20 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। धुले की डोंडाइचा नगर परिषद, सोलापुर की उंगर नगर पंचायत में अध्यक्ष, सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हुआ था।

**भाजपा** 118
**शिंदे सीटें** 58
**उद्धव सीटें** 58

**चुनाव में पैसों की बारिश हुईः राउत**

शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय राउत ने कहा-बीजेपी को 120-125 सीटें मिलीं, शिंदे को 54 और अजित पवार को 40-42 सीटें मिलीं। ये नंबर असेंबली वाले ही हैं, है ना? वही मशीन, वही सेटिंग और वही पैसा। यही हमारी डेमोक्रेसी है। नंबरों में बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। बीजेपी ने मशीनें उसी तरह सेट की हैं। इसीलिए वही नंबर दिख रहे हैं। उन्हें कम से कम नंबर तो बदलने चाहिए थे। इस इलेक्शन में पैसों की बारिश हुई। बीजेपी और शिंदे ग्रुप 30 करोड़ के बजट वाली म्युनिसिपैलिटी पर 150 करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं।

# एसपीएम समेत देशभर की दर्जनभर इकाइयों पर छापा

### बड़ा मेडिकल क्लेम घोटाला हुआ उजागर

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** सिक्योरिटी पेपर मिल (एसपीएम) में बड़ा मेडिकल क्लेम घोटाला उजागर हुआ है। सीबीआई ने नोट बनाने वाली पेपर मिल पर रेड की। मध्य प्रदेश समेत देशभर में दर्जनभर इकाइयों पर सीबीआई ने शनिवार को छापा मारा है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय मुद्रा का कागज बनाने वाली संवेदनशील ईकाई एसपीएम में बड़ा मेडिकल क्लेम घोटाला सामने आने के बाद शनिवार को सीबीआई ने देशभर में करीब एक दर्जन से स्थानों पर छापा मारा है। सीबीआई ने घोटाले से जुड़े सबूत जुटाने के लिए संदेहियों से घंटों पूछताछ की। छापेमारी में मध्य प्रदेश के इंदौर, देवास, महाराष्ट्र का नासिक, भोपाल, नर्मदापुरम, इटारसी समेत अन्य स्थान शामिल थे। जिन लोगों पर कार्रवाई की गई, उनमें मिल से जुड़े कुछ अधिकारी-कर्मचारी के अलावा थोक दवा व्यापारी और मेडिक्लेम फील्ड से जुड़े लोग शामिल थे। एसपीएम के इस मामले की शिकायत कुछ दिन पहले सीबीआई मुख्यालय में की गई थी। एजेंसी की भोपाल ईकाई ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

**आरोपियों ने ऊंचे दाम पर बिल पास कराए**

जानकारी के अनुसार मेडिकल क्लेम घोटाले से जुड़ा मामला वित्तीय वर्ष 2022-23 का है। इस दौरान चिकित्सा दावों में जमकर अनियमितता हुई। आरोप है कि मिल के कुछ कर्मचारियों ने एक पूर्व संविदा चिकित्सा अधिकारी और निजी दवा विक्रेताओं (केमिस्ट) के साथ मिलकर फर्जी और बढ़ा-चढ़ाकर मेडिकल बिल पेश किए। सीबीआई द्वारा की गई जांच में सामने आया है कि बिना किसी ठोस चिकित्सीय जरूरत के महंगी दवाइयां लिखी गईं और नियमों को ताक पर रखकर चुनिंदा दवा कारोबारियों के माध्यम से ऊंचे दाम पर बिल पास कराए गए।

**अंग्रेजी नववर्ष पर महाकाल के दर्शन करने उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भारी भीड़**

जागरण, उज्जैन। अंग्रेजी नववर्ष 2026 के मौके पर भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सामान्य दर्शन, भस्म आरती दर्शन, लड्डू प्रसाद, पूछताछ केंद्र, पार्किंग, जूता स्टैंड, पेयजल, प्रकाश तथा सुरक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, दर्शनार्थियों के लिए सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था तय की गई है। श्रद्धालु चारधाम मंदिर पार्किंग से प्रवेश कर शक्ति पथ, त्रिवेणी संग्रहालय, नंदी द्वार और श्री महाकाल महालोक होते हुए मानसरोवर भवन, फैसिलिटी सेंटर-01 और नवीन टनल-01 से गणेश मंडपम पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन करेंगे।

# ट्रंप की एपस्टीन के साथ वाली फोटो गायब

### मेलानिया भी थीं तस्वीर में, हटाई 16 फाइलें

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका के कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलों को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। एपस्टीन से संबंधित 16 फाइलें शनिवार देर रात सरकारी वेबसाइट से गायब पाई गईं। इन फाइलों में एक वह तस्वीर भी शामिल थी, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एपस्टीन, मेलानिया ट्रंप और उसकी सहयोगी गिजलेन मैक्सवेल एक साथ नजर आ रहे थे।

यह तस्वीर फाइल नंबर 468 में थी, जिसे अब वेबसाइट से हटा दिया गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि ये फाइलें जानबूझकर हटाई गई हैं या फिर किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण गायब हुई हैं। न्याय विभाग ने एपस्टीन केस से जुड़े करीब तीन लाख दस्तावेज सार्वजनिक किए थे। इनमें कई मशहूर हस्तियों और राजनेताओं की तस्वीरें शामिल थीं।



**भारतीयों के जाने के सबूत नहींः रिपोर्ट**

अमेरिकी डेटा एनालिटिक्स कंपनी नियर इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के मुताबिक, एपस्टीन के निजी आइलैंड 'लिटिल सेंट जेम्स' पर किसी भी भारतीय के जाने का कोई सबूत नहीं मिला है। पहले चर्चा थी कि एपस्टीन फाइल्स में कई भारतीयों के नाम सामने आ सकते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने भी ऐसे दावे किए थे। हालांकि, डेटा विश्लेषण में किसी भारतीय के मिलने का कोई संकेत नहीं मिला है।

**परेशानी**

### कालेजों ने अपने स्तर पर भी नहीं किया विद्यार्थियों का सत्यापन

# पीजी के प्रॉविजनल एडमिशन सत्यापित नहीं कर पा रहे विवि

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का डाटा विश्वविद्यालयों को भेज दिया है। डाटा में एक दर्जन विश्वविद्यालयों को नामांकन करने में समस्या आ रही है। खासकर पीजी में हुए प्रवेश में। क्योंकि पीजी में विद्यार्थियों को द्वितीय वर्ष के आधार पर प्रवेश दिए गए हैं। कालेज स्तर पर विद्यार्थियों का सत्यापन ही नहीं हो पाया है। इससे विश्वविद्यालयों को पीजी की परीक्षाएं कराने नामांकन जारी नहीं कर पा रहे हैं। विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म खोलने में विश्वविद्यालयों को समस्या आ रही है। प्रदेश के 1200 निजी और सरकारी कालेजों में यूजी और पीजी में करीब पांच लाख विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इसमें यूजी में तीन लाख 76 हजार और पीजी में एक लाख 32 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। विभाग ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों की कमाई रोकते हुए स्वयं नामांकन करने की व्यवस्था बनाई थी। यह व्यवस्था विश्वविद्यालयों को भारी पड़ रही है। क्योंकि प्रवेश के बाद विभाग द्वारा विवि भेजे गए डाटा में कई खामियां हैं, जिनकी पूर्ति करने में विश्वविद्यालय के अधिकारियों को पसीना छूटना शुरू हो गया है। विभाग ने रिजल्ट के अभाव में द्वितीय वर्ष की अंकसूची पर पीजी में प्रवेश करा दिए हैं। अब उक्त विद्यार्थियों का सत्यापन ही नहीं हो पाया है कि वे फेल हो गए हैं, तो उनका प्रवेश निरस्त किया जाएगा। यहां तक कालेज स्तर पर प्राचार्यों को पीजी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को सत्यापन करना था, जो नहीं किया गया है। विवि को हरेक विद्यार्थी का नामांकन नंबर तैयार करने में काफी समस्या आ रही है।



**कम होगी प्रवेश की स्थिति**

प्रदेश के कालेजों में एक लाख 32 हजार विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है। इसमें से कई विद्यार्थियों को प्रॉविजनल प्रवेश दिए गए हैं। वह यूजी के अंतिम वर्ष और अंतिम सेमेस्टर में फेल हो जाते हैं, तो पीजी का प्रवेश का ग्राफ नीचे आ जाएगा।

**गलत नामांकन किया दर्ज**

पीजी में प्रवेश लेते समय विद्यार्थियों ने आवेदन फार्म में यूजी का गलत नामांकन डाल दिया है, जिसके कारण विवि को उन्हें सत्यापित कर दोबारा से आवेदन तैयार करना पड़ रहा है। पीजी के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा फार्म नहीं खुल पाएगा। उसे ठीक कराने की सूचना विद्यार्थी तक भेजने के लिए विभाग और विवि के पास कोइ इंतजाम नहीं हैं। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म जमा करते समय कठिनाई जरूर आएगी।

**यूजी-पीजी की स्थिति**

| | |
|---|---|
| यूजी सीटें | 5,54,901 |
| यूजी प्रवेश | 3,76,000 |
| रिक्त सीटें | 1,78,901 |
| पीजी सीटें | 1,94,825 |
| पीजी प्रवेश | 1,32,000 |
| रिक्त सीटें | 62,825 |
| यूजी-पीजी की सीटें | 7,49,726 |
| यूजी-पीजी प्रवेश | 5,08,000 |
| यूजी-पीजी की रिक्त सीटें | 2,41,726 |

# 4 दिन में मस्क की संपत्ति 150 बिलियन डॉलर बढ़ी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति इलॉन मस्क की संपत्ति पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल की जीडीपी से ज्यादा हो गई है। 4 दिन में उनकी नेटवर्थ 150 बिलियन डॉलर (13.46 लाख करोड़) बढ़कर 750 बिलियन डॉलर (67.18 लाख करोड़) पार कर गई है जबकि तीनों देशों की कुल जीडीपी करीब 555 बिलियन डॉलर है। चार दिन में पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल की जीडीपी से ज्यादा का इजाफा हुआ है। मस्क नेटवर्थ का यह आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने हैं। इससे पहले 16 दिसंबर को मस्क की संपत्ति 600 बिलियन (डॉलर 54 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंची थी। उनकी संपत्ति में यह बढ़ोतरी डेलावेयर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से आई, जिसने मस्क का 56 बिलियन डॉलर का टेस्ला पे पैकेज बढ़कर 139 बिलियन डॉलर हो गया। मस्क की नेटवर्थ इस समय 649 बिलियन डॉलर दिख रही है। ये भारत के टॉप 40 सबसे अमीरों की कुल वेल्थ के बराबर है। मस्क की वेल्थ उनके बाद आने वाले दुनिया के रिचेस्ट टेक बिलियनेयर्स (लैरी पेज 252.6 बिलियन, लैरी एलिसन 242.7 बिलियन, जेफ बेजोस 239.4 बिलियन) की संपत्ति से ज्यादा है। 2018 में टेस्ला ने मस्क को 56 डॉलर बिलियन का स्टॉक ऑप्शन पैकेज दिया था। 2024 में लोअर कोर्ट ने कैंसल कर दिया, लेकिन दिसंबर 2025 में डेलावेयर सुप्रीम कोर्ट ने इसे वापस बहाल कर दिया।

- पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल की जीडीपी से ज्यादा का हुआ इजाफा

# मोदी जी ने खेल-खिलाड़ी और खेल मैदानों का समग्र विकास किया : जनार्दन मिश्रा

## जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन



**मऊगंज ब्यूरो।** सांसद जनार्दन मिश्रा ने मऊगंज पीएम श्री कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन करते हुए कहा कि पूरे देश के अंदर आज खेलों को लेकर युवाओं में उत्साह है। मऊगंज जिले में ब्लॉक विधानसभा और जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने खेलों को बढ़ावा देने के विश्वस्तरीय खेल अधोसंरचनाओं खड़ा करने का काम किया है। सांसद खेल महोत्सव खेल विकास के क्षेत्र में एक प्रभावी मॉडल बन रहा है। रीवा सांसद ने खेल उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश आज देश के अग्रणी खेल राज्यों में शामिल है और राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रदर्शन के आधार पर देश में तृतीय स्थान पर है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने खेल, खिलाड़ियों और खेल मैदानों के समग्र विकास के लिए निरंतर एवं योजनाबद्ध प्रयास किए जिससे प्रतिभाओं को बेहतर अवसर और सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं जिसके कारण आज पूरे देश में खेल के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को खेल अधोसंरचना, आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों एवं खेल सुविधाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो रहा है जिससे खिलाड़ियों के कौशल विकास और प्रदर्शन में गुणात्मक सुधार संभव हो सकेगा। सांसद खेल महोत्सव में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, जिला अध्यक्ष भाजपा मऊगंज राजेंद्र मिश्रा, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री संतोष सिंह सिसोदिया, खेल अधिकारी श्री धौलपुरे, वंशगोपाल तिवारी, संदीप सिंह, प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं मंडल अध्यक्ष गण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने रचे कई कीर्तिमान

## भाजपा का सिरमौर विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न



**आंचलिक डेस्क।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के विकास और सेवा को समर्पित स्वर्णिम 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को सिरमौर में सिरमौर विधानसभा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में अभ्युदय मध्यप्रदेश की कल्पना साकार हो रही है। जिला प्रभारी अरुण द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना में रुपये 21630 करोड़ की 30900 किमी. सड़कों को स्वीकृत देकर मुख्यमंत्री जी ने अभ्युदय मप्र. की संकल्पना को साकार करने का काम किया।

जिला संयोजक नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि युवा विकास और कल का बेहतर विश्वास को लेकर मप्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने युवाओं की शिक्षा आधुनिक तकनिकों में योग्यता एवं कौशल निर्माण के साथ सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन प्रारंभ किया है। सम्मेलन में सिरमौर विधानसभा के विधायक दिव्यराज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अरुण द्विवेदी, पूर्व जिला महामंत्री नरेन्द्र शर्मा, पुष्पराज सिंह, जनपद अध्यक्ष रवीना साकेत, जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा तिवारी, मंडल अध्यक्षगण सुदामा कोल, शालिकराम साहू, अखिलेश, राजेंद्र अग्निहोत्री, चंद्रशेखर कुशवाहा, जिला मंत्री रविराज विश्वकर्मा जी सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घर की फोटो लेकर मीटर रीडर भेज रहे हैं बिल



## राकिम महासंघ की ग्राम इकाई धुंधकी में मासिक बैठक सम्पन्न

**सिरमौर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की ग्राम पंचायत धुंधकी में दीनानाथ पटेल सरपंच की अध्यक्षता में सम्पान्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से चन्द्रशेखर प्रसाद पटेल को ग्राम इकाई अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई। बैठक में विशिष्ट अतिथि भक्त प्रहलाद जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ उपस्थित रहे एवं ग्राम इकाई अध्यक्ष माड़ौ जीतेन्द्र सिंह, ग्राम इकाई अध्यक्ष हर्दीकला वीरेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य कृषक रहे । बैठक में कृषको द्वारा चर्चा की गई कि मप्र. प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केन्द्र बैकुण्ठपुर द्वारा विद्युत बिल लोड बढ़ाकर मनमानी ढंग से भेजा जा रहा है। मीटर रीडर द्वारा जिन उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगा है, उसकी रीडिंग लेने कभी नहीं आते। घर की फोटो लेकर बिल भेज रहे हैं जो अवैधानिक है। सम्बंधित अधिकारियों को बार-बार ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराये जाने के बावजूद भी नहरों की सफाई एवं मरम्मत नहीं की गई जिसके कारण पानी के बहाव में परेशानी हो रही है। शासन से अपेक्षा की जाती है कि नहर की सफाई एवं मरम्मत शीघ्र कराई जायेगी। बैठक में भक्त प्रहलाद जिलाध्यक्ष, दीनानाथ पटेल, बैजनाथ शुक्ला अध्यक्ष ब्लाक इकाई सिरमौर, वीरेन्द्र प्रताप सिंह परिहार ग्राम इकाई अध्यक्ष हर्दीकला, जीतेन्द्र सिंह अध्यक्ष ग्राम इकाई माड़ौ, चन्द्रशेखर प्रसाद पटेल ग्राम इकाई अध्यक्ष धुधकी, वीरेन्द्र पटेल सिरमौर, रावेन्द्र प्रताप सिंह, मंगलेश्वर सिंह परिहार, अनूप कुमार सिंह, मनमोहन त्रिपाठी, गोकरण प्रसाद त्रिपाठी, शेषमणि रजक, मुन्नालाल रजक, रामरूप वर्मा, महादेव कोल, सहदेव पटेल, रवि रजक, रामसिया पटेल, रामरहीश पटेल, राजेश प्रसाद रजक उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के दो वर्ष प्रगति और विकास की सुनाई गाथा

## मऊगंज विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ता कार्यशाला संपन्न



**आंचलिक डेस्क।** मध्य प्रदेश सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने एवं 25 दिसंबर को भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित होने बाले कार्यक्रमों एवं 26 दिसंबर को आयोजित होने वाले वीर बाल दिवस कार्यक्रम के निमित्त मऊगंज विधानसभा में बूथ पर्यन्त कार्यकर्ता कार्यशाला का आयोजन संभाग प्रभारी विजय दुबे

के मुख्यआतिथ्य भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल, जिला प्रभारी के के तिवारी, एस आई आर प्रभारी वीरेंद्र गोयल के विशेष आतिथ्य में खटखरी मंडल के देवरा में सम्पन्न हुआ। मध्य प्रदेश क

ी डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सेवा और विकास के दो वर्ष प्रदेश के हर नागरिक के विकास और प्रगति की गाथा है और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से प्रदेश के हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं । उक्त बात कार्यशाला के मुख्य वक्ता रीवा संभाग प्रभारी विजय दुबे ने विधानसभा की आयोजित कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सफलता पूर्वक कार्य कर रही है। मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने अपने सम्बोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वे युगदृष्टा और महानवक्ता थे जिन्हें सुनने जनता लालायित रहती थी । वीर बाल दिवस के आयोजन के जिला प्रभारी के के तिवारी ने विस्तृत जानकारी देते हुए गुरुगोविंद सिंह जी के चार शहजादों के बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन हमें सच्चाई, धर्म, देशभक्ति और आत्मसम्मान के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, विपिन मिश्रा, प्रकाश चौरसिया, नीलम सिंह, वंशगोपाल तिवारी, बी आर शैलानी, नागिता गुप्ता, जिला महामंत्री महेंद्र सिंह प्रमोद यादव महेश साकेत, जिला मंत्री स्वदीप सिंह, चंद्रकांत मिश्रा, प्रियंका पटेल, राधा कोल, सावित्री कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष मुरलीधर द्विवेदी, सुनील शुक्ला, अमित सिंह, मुंन्द्रिका पटेल मोतीलाल बैगा, बरिष्ठ नेत्री संतोष सिंह सिसोदिया, डॉ एस एस तिवारी, विजयनारायण तिवारी, शिवदत्त मिश्रा, विनोद सिंह, अजय मिश्रा, सहित बूथपर्यंत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मनगवां विधानसभा में स्वास्थ्य केन्द्रों का हो रहा बेहतर संचालन : विधायक

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मनगवां में हुआ आयोजन




**आंचलिक डेस्क।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 02 वर्ष के सफलतम एवं उत्कृष्ट कार्यकाल की परिपूर्णता के अवसर पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग मनगवां के तत्वावधान में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मनगवां इन्जीनियर नरेन्द्र प्रजापति रहे। विधायक मनगवां ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। 02 वर्ष के सफलतम एवं उत्कृष्ट कार्यकाल की परिपूर्णता पर विधायक ने सभी नागरिकों को बधाइयाँ एवं शुभकामनायें दीं, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में राजेन्द्र शुक्ला के द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनगवां में नई एक्स रे मशीन का उद्घाटन भी किया। विधायक श्री प्रजापति ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में विधानसभा मनगवां में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों का बेहतर संचालन हो रहा है एवं नये स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है, और कई निर्माणाधीन हैं। जैसे कि गढ़ में, रामपुर में, रघुनाथगंज में, लालगाँव में, बेलवापैकान में, घोपी सहित कई ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। शिविर का आयोजन विहान अस्पताल रीवा के द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मनगवां मंडल के अध्यक्ष अरुणेन्द्र मिश्रा, जिला सलाहकार समिति के सदस्य लवकुश गुप्ता, विहान अस्पताल की डायरेक्टर कल्पना पटेल, विधायक प्रतिनिधि प्रियंका तिवारी, विधायक प्रतिनिधि पंकज त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि जनपद सदस्य एवं महामंत्री गणेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि मोहन तिवारी, विधायक प्रतिनिधि अनीता तिवारी, आशा तिवारी, सुदर्शन जायसवाल, महेन्द्र तिवारी, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अखिल सोनी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रह। सभी ने स्वास्थ्य शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया।

# छात्रावास में निवासरत छात्रों का निवाला गटक रहा अधीक्षक

## छात्रावास में छात्रों की संख्या 11 जबकि रजिस्टर में 48 छात्र दिखाये जाने के आरोप




**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले में हनुमना विकासखंड के अंतर्गत पिपराही बालक सीनियर छात्रवास में अधीक्षक रामानुज यादव द्वारा भारी भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लगे हैं। छात्रावास के बालकों ने संवाददाता को बताया कि छात्रों को रुचिकर भोजन एवं साबुन, तेल भी उपलब्ध नहीं कराया जाता। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अधीक्षक द्वारा छात्रावास में रह रहे छात्रों के लिए सुविधाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण नहीं किए जाने के कारण छात्रावास के अधीक्षक के हौसले बुलंद हैं। अधीक्षक की शिकायत करने पर भी उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। बच्चों ने अपना नाम न बताने की शर्त में संवाददाता को बताया कि छात्रावास के अधीक्षक का अगर कोई बालक विरोध करता है तो उसे डरा धमकाकर यह कहा जाता है कि अधिक बात करोगे तो छात्रावास से बाहर निकाल देंगे, तुम्हारे पूर्वजों का छात्रावास नहीं है, जो मिल रहा है उसे इस्तेमाल करो, नहीं तो अपने घर से भोजन साबुन तेल लेकर आया करो, अधीक्षक द्वारा 48 बच्चों की एंट्री की जाती है जबकि छात्रावास में 11 ही बच्चे निवासरत हैं और अपनी मर्जी से 37 बच्चों का पैसा अधीक्षक द्वारा भ्रष्टाचार की बलि चढ़ाने के आरोप लगे हैं। संवाददाता द्वारा अधीक्षक से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन अधीक्षक महोदय ने फोन ही रिसीव नहीं किया। छात्रावास के छात्रों सहित ग्रामीणों ने छात्रावास का औचक निरीक्षण किए जाने की मांग मऊगंज सीईओ, मंडल संयोजक, क्षेत्रीय संयोजक एवं जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह से की है।

# वनपाडर एवं कुलबहेरिया में किया गया बोरी बंधान



**आंचलिक डेस्क।** म.प्र.जन अभियान परिषद् द्वारा जल संचय अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों द्वारा विकासखंड-मऊगंज के सेक्टर-ढेरा अंतर्गत ग्राम-कुलबहेरिया के ओड्डा नदी उद्गम स्थल पर जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान 21 दिसंबर को किया गया। यह बोरी बंधान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, वनपाडर एवं कुलबहेरिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया जो गाँव में पानी की कमी को दूर करने और भूजल स्तर को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन विकासखंड समन्वयक-मऊगंज अजय चतुर्वेदी के निर्देशानुसार प्रस्फुटन समितियों, परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी के स्टूडेंट्स एवं ग्रामीण जनों की सक्रिय भागीदारी से संपन्न हुआ। इस श्रमदान कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता साधना चौरसिया, पूजा मिश्रा, ज्योति तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति वनपाडर के अध्यक्ष सिद्धमुनी शर्मा, प्रस्फुटन समिति कुलबहेरिया के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, सचिव दयाशंकर मिश्र, सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट्स हर्षित पाण्डेय, निकिता तिवारी, अमर सिंह, अरविन्द मिश्र, ज्योत्सना पटेल, प्रवीणा पाण्डेय, सिमरन तिवारी, विनीता तिवारी, रोहित विश्वकर्मा, अमीशा पटेल, शहनाज अंसारी, रुक्मिणी साकेत, नेहा साहू, प्रियांशी भारती आदि ने सहभागिता किया।

# ब्रह्मलीन वेदांती महाराज को दी गई श्रद्धांजलि



**आंचलिक डेस्क।** पूज्य पाद ब्रह्मलीन पूर्व सांसद डॉ राम विलास वेदांती जी महराज अयोध्या धाम को रविवार को बांस मोड़ भठवा में अपरान्ह 3 बजे शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में जिला पंचायत सदस्य केडी शुक्ला, वरिष्ठ संविदाकार शिवेंद्र तिवारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा शीतला तिवारी, एड बसंत सिंह, एड सतीश मिश्रा, एड विनोद मिश्रा, समाज सेवी वेद व्यास उपाध्याय,पूर्व जनपद सदस्य विनोद विश्वकर्मा, बोरिंग ठेकेदार शिवेंद्र सिंह भैया, अनुराग पांडेय, रामेश्वर गौतम, सीबी शुक्ला,सूर्य नारायण सिंह, अनिल गुप्ता,प्रमोद सिंह मौजूद रहे। शोकसभा का संचालन कवि आशीष निर्मल ने किया। इस अवसर पर 200 से अधिक लोगों पूज्य वेदांती जी को श्रद्धांजलि देकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से किया जागरूक

## सीएससी एवं वीजा प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम



**आंचलिक डेस्क।** सीएससी के द्वारा संचालित वीजा सीएसआर के अंतर्गत ग्राम सोनौरी त्योंथर जिला रीवा में सीएससी वीएलई लवकुश पांडेय के द्वारा ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड के बचने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्रामीणों को बताया गया कि कैसे किसी अनजाने कॉल में बैंक ओटीपी मांगने पर क्या करना चाहिए, और डिजिटल अरेस्ट कैसे किया जाता है एवं इससे कैसे बचा जा सकता है। आजकल साइबर फ्रॉड बहुत तेजी से ग्रामीण अंचल पर भी हो रहा है। इसीलिए वीजा सीएसआर के द्वारा सीएससी के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है।

# ज्योतिषाचार्य पंडित वाल्मीक प्रसाद मिश्र का निधन

**आंचलिक डेस्क।** रीवा जनपद



अंतर्गत सगरा निवासी ज्योतिषाचार्य पंडित वाल्मीक प्रसाद मिश्र का रविवार को निधन हो गया। वाल्मीक प्रसाद पिछले कुछ दिनों से उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। पंडित वाल्मीक ने 96 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। पंडित वाल्मीक अपने पीछे 5 पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को गृह ग्राम सगरा में होगा। उनके निधन पर संतोष मिश्र, रामचरित मिश्र, नरेंद्र मिश्र, भास्कर सहित अन्य सभी ग्राम वासियों ने शोक व्यक्त किया है।

# संतोष कुमार भुजवा भाजपा सिरमौर विधानसभा आईटी सेल संयोजक बने



**डभौरा नि.प्र.।** वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष कुमार भुजवा को भारतीय जनता पार्टी आईटी सेल संयोजक सिरमौर विधानसभा बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका ईमानदारी निष्ठा के साथ पूरा किया जाएगा, उनकी नियुक्ति पत्र सांसद प्रतिनिधि चंद्रमणि मिश्रा, मंडल अध्यक्ष डभौरा राजेंद्र अग्निहोत्री, जिला कार्य समिति सदस्य दिनेश मिश्रा, महामंत्री धीरेंद्र सिंह चौहान, नगर विधायक प्रतिनिधि संजय गुप्ता, वन विभाग विधायक प्रतिनिधि संजीव सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, मनीष द्विवेदी, भूपनारायण मिश्रा, विधायक निज सचिव राम मित्र शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष श्याम सिंह बघेल, शक्ति केंद्र संयोजक देवेंद्र त्रिपाठी, अमित बारी कोषाध्यक्ष जितेंद्र केसरवानी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरिलाल नामदेव, कन्हैयालाल वर्मा, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री अनिकेत केसरवानी, व्यापारी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष केसरवानी, मंडल कार्यसमिति सदस्य पूर्णानंद मिश्रा, भाजपा कार्यकर्ता सूर्य प्रकाश आदिवासी, संजय मानक, संपत केशरवानी, संदीप पाल, उमेश कुमार मिश्रा, घनश्याम केशरवानी सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डॉ मुकेश मिश्रा बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**गढ़, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने डॉक्टर एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ का गठन किया जिसमें गढ़ निवासी डॉक्टर मुकेश मिश्रा को प्रदेश का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अभी तक डॉक्टर मुकेश मिश्रा मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश महासचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वर्तमान में डॉक्टर मुकेश मिश्रा अपनी सेवाएं चिकित्सक के रूप में भोपाल में दे रहे हैं एवं आयुर्वेदिक महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

# चाकघाट में भारी अव्यवस्था के बीच संपन्न हुआ महिला नसबंदी शिविर

## ठंड से ठिठुरती रहीं महिलाएं, देर से पहुंचे डॉक्टर



**चाकघाट, नि.प्र.।** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अव्यवस्था और लापरवाही का शिकार होता जा रहा है। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि इस अस्पताल में गत 20 दिसम्बर को महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें सुबह 10:30 बजे से ही नसबंदी के लिए महिलाओं का आना प्रारंभ हो गया था किंतु इस कार्य के विशेषज्ञ सर्जन का उन्हें देर शाम तक इंतजार करना पड़ा। ऑपरेशन के विशेषज्ञ डॉक्टर का चाकघाट अस्पताल में 5:30 बजे शाम के लगभग आना हुआ। उसके पश्चात ही ऑपरेशन कार्य प्रारंभ हो सका। सुबह से आई महिलाओं उनके साथ छोटे-छोटे बच्चों के लिए यहां पर किसी तरह भोजन दूध पानी आदि की व्यवस्था नहीं थी। देर रात तक ठंड से ठिठुरते हितग्राही महिलाओं के लिए न तो अलाव की व्यवस्था थी और न ही उनके बैठने के लिए कहीं भी दरी, चद्दर कंबल आदि की कोई व्यवस्था नहीं थी। ठंड से गलते हुए फर्श पर देर शाम तक लोग बैठने के लिए मजबूर थे। परिवार कल्याण योजना का लाभ लेने के लिए आई हुई महिलाओं के साथ कई छोटे बच्चे एवं अन्य पारिवारिक महिलाएं भी थी जिनके लिए कहीं भी ठंड से बचाव का कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। मरीजों ने संवाददाता को बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इतना बड़ा कैंप लगा लेकिन स्थानीय कर्मचारियों का अभाव दिखाई दिया। त्योंथर के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी एसडी कोल से दूरभाष पर बात की गई तब उन्होंने बताया की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर नीरज चतुर्वेदी बताते हैं कि यहां सब ठीक-ठाक है और लगभग 40 ऑपरेशन इस समय तक हो चुके हैं। जबकि मरीजों को संवाददाता ने बताया कि बिस्तरों से चद्दर गद्दे थे। इस तरह कैम्प में दूर-दराज से सरकार की महत्वपूर्ण परिवार कल्याण कार्यक्रम योजना का लाभ लेने के लिए आई महिलाओं को यहां ठंड में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों मरीजों ने आग्रह किया है कि महिला नसबंदी के नाम पर सरकार द्वारा सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं तो उसका उपयोग उनके हित में किया जाए न की नसबंदी के नाम पर महिला हितग्राहियों को परेशान किया जाए।

# ईपीएल : हालैंड ने रोनाल्डो को पीछे छोड़ा



## प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर ने वेस्ट हैम को हराया

जेएनएन, लंदन

एर्लिंग हॉलैंड ने दो गोल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने आसान जीत दर्ज करके अपनी जीत का सिलसिला पांच मैच तक पहुंचा दिया। इस मैच में मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम यूनाइटेड को 3-0 से शिकस्त दी।

मैनचेस्टर सिटी को इस जीत तीन अंक मिले, लेकिन यह आर्सेनल को क्रिसमस के दिन प्रीमियर लीग में शीर्ष पर रहने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। आर्सेनल ने विक्टर ग्योकेरेस के पहले हाफ में पेनल्टी पर किए गोल की बदौलत एवर्टन पर 1-0 की जीत हासिल की, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि आर्सेनल 25 दिसंबर को प्रीमियर लीग में पांचवीं बार पहले स्थान पर रहेगा। इससे पहले जब चार अवसरों पर आर्सेनल क्रिसमस तक शीर्ष पर रहा था तब वह खिताब नहीं जीत पाया था। आर्सेनल के बाद मैनचेस्टर सिटी दूसरे स्थान पर है। वह आर्सेनल से केवल दो अंक पीछे है। लिवरपूल ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही टॉटनहम की टीम को 2-1 से हराया, जबकि चेल्सी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद न्यूकैसल के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला।

**104** गोल सिर्फ 114 मैचों में हालैंड ने हासिल किए, जबकि रोनाल्डो को 103 गोल के लिए 236 मैच लगे थे। इससे हालैंड ईपीएल में 104 गोल करने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बने (122 मैच कम में)।

■ हॉलैंड ने दोनों हाफ में एक-एक गोल करके इस सत्र में 17 मैचों में 19 गोल कर लिए हैं। इस तरह से उन्होंने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया। हॉलैंड के प्रीमियर लीग में 104 गोल हो गए, जो रोनाल्डो से एक अधिक है। हॉलैंड ने इस सत्र में सिटी और नॉर्वे के लिए कुल 28 मैचों में 38 गोल किए हैं।

# एमबाप्पे ने रोनाल्डो के 13 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की, रियाल मैड्रिड के लिए दागा 59वां गोल

जेएनएन, बार्सिलोना

स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने अपने 27वें जन्मदिन पर साल 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल करके एक साल में सबसे अधिक गोल करने के क्लब रिकॉर्ड की बराबरी की, जो कि अब तक क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज था। फ्रांस के स्ट्राइकर एमबाप्पे के लिए यह उपलब्धि हासिल करना लगभग असंभव रहा था, क्योंकि रियाल मैड्रिड का यह इस साल का आखिरी मैच था। एमबाप्पे ने हालांकि मैच खत्म होने से चार मिनट पहले पेनल्टी किक को गोल में बदलकर रोनाल्डो की बराबरी की, जिससे रियाल मैड्रिड ने सेविला पर 2-0 से जीत दर्ज की। रोनाल्डो ने 2013 में यह रिकॉर्ड बनाया था। रियाल मैड्रिड की तरफ से जूड बेलिंगहैम ने 38वें मिनट में हेडर से पहला गोल किया था। वैलेंसिया में लेवांटे और रियल सोसिएदाद के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा, जबकि एंटे बुदिमिर ने लगभग दो महीने बाद लीग में अपना पहला गोल करके ओसासुना को अलावेस पर 3-0 से जीत दिलाने में मदद की।

■ एमबाप्पे रियाल मैड्रिड के इतिहास में सबसे कम मैचों में 50 गोल का आंकड़ा छूने वाले खिलाड़ियों की एलीट लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

"क्रिस्टियानो ने जो किया, वह अविश्वसनीय है। वह मेरे आदर्श हैं। वह रियाल मैड्रिड के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। मेरा यह जश्न उनको समर्पित है। मेरा उनसे बहुत अच्छा रिश्ता है। वह मेरे दोस्त हैं। मैं उन्हें और रियाल मैड्रिड के सभी प्रशंसकों को क्रिसमस और नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।
- काइलियन एमबाप्पे


एमबाप्पे ने रिकॉर्ड गोल करने के बाद रोनाल्डो के अंदाज में ही जश्न मनाया।

## एक फोन कॉल और वर्ल्ड कप टीम से बाहर हो गए शुभमन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की टी-20 वर्ल्ड कप 2026 टीम से शुभमन गिल का बाहर होना, जहां भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए चौंकाने वाला था, वहीं यह फैसला खुद गिल के लिए भी किसी झटके से कम नहीं रहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिल को अपने चयन न होने की जानकारी टीम के आधिकारिक ऐलान से कुछ ही मिनट पहले दी गई थी, जिससे पूरा मामला और भी अप्रत्याशित हो गया। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम के ऐलान से कुछ देर पहले गिल को फोन कर इस फैसले से अवगत कराया गया। इतनी देर से आई सूचना के कारण गिल के पास न तो तैयारी का समय था और न ही स्थिति को समझने की कोई स्पष्टता। रिपोर्ट में बताया गया है कि गिल उस समय अहमदाबाद से चंडीगढ़ लौट रहे थे। वह पहले ही शहर छोड़ चुके थे, जब उन्हें टीम से बाहर किए जाने की सूचना मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि किस अधिकारी ने उन्हें यह जानकारी दी, लेकिन इतना तय है कि गिल को यह खबर यात्रा के दौरान मिली और सार्वजनिक घोषणा से ठीक पहले उन्हें अपने भविष्य का पता चला। गिल का बाहर होना इसलिए भी हैरान करने वाला रहा, क्योंकि वह टी-20 वर्ल्ड कप और न्यूजीलैंड सीरीज दोनों के लिए खुद को तैयार मान रहे थे। इतना ही नहीं, वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें और आखिरी टी-20 में खेलने के लिए भी उत्सुक थे। लखनऊ में खेले जाने वाले चौथे टी-20आई से वह दाहिने पैर में हल्की चोट के कारण बाहर हो गए थे, हालांकि वह मैच बाद में रद्द हो गया। इसके बावजूद, गिल जरूरत पड़ने पर दर्द के साथ खेलने को भी तैयार थे। हालांकि गिल को बाहर किए जाने की वजह सिर्फ टाइमिंग नहीं थी। बीते कुछ महीनों में टी-20 में उनका प्रदर्शन लगातार सवालों के घेरे में रहा है। एशिया कप (सितंबर) से टी-20आई टीम में वापसी के बाद गिल ने 15 मैचों में 291 रन बनाए हैं। उनका औसत करीब 24.25 और स्ट्राइक रेट लगभग 137 रहा, लेकिन वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए।



# ऑस्ट्रेलिया ने जीत की हैट्रिक के साथ घर में जीती लगातार चौथी एशेज टेस्ट सीरीज

## तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 82 रन से हराया

जेएनएन, एडिलेड

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को आखिरी चार विकेटों में से तीन विकेट लेकर इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने 82 रन से जीत दर्ज करके दो टेस्ट शेष रहते हुए एशेज बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की। इंग्लैंड ने 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 207 रन से आगे बढ़ाई। उसे तब जीत के लिए 228 रन चाहिए थे, जबकि ऑस्ट्रेलिया को एशेज को बरकरार रखने के लिए चार विकेट की जरूरत थी। इंग्लैंड की टीम हालांकि लंच के बाद 352 रन पर आउट हो गई और इस तरह से उसकी अप्रत्याशित जीत दर्ज करके विश्व रिकार्ड बनाने और एशेज में बने रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 371 रन का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 286 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ और ब्रिस्बेन में पहले दो टेस्ट मैच आठ विकेट के समान अंतर से जीते थे। इन दोनों मैच में स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की थी और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने तीसरे टेस्ट मैच में फिर से ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। स्टार्क ने सुबह के सत्र में एकमात्र विकेट लिया। उन्होंने जेमी स्मिथ को 60 रन पर आउट किया। इंग्लैंड ने पहले सत्र में 102 रन जोड़कर अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। इंग्लैंड की शानदार वापसी ने आखिरी दिन दोपहर के भोजन तक एशेज का रोमांच बनाए रखा। इंग्लैंड ने लंच तक सात विकेट पर 309 रन बनाए थे। स्टार्क ने विल जैक्स (47) और जोफ्रा आर्चर (03) के विकेट लिए, जबकि स्कॉट बोलैंड ने जोश टोंग (01) को आउट करके मैच खत्म किया।


■ ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार चौथी एशेज सीरीज जीती है। यह सिलसिला 2013-14 की सीरीज से शुरू हुआ। इन चारों मौकों पर ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीनों टेस्ट जीतकर तीसरे टेस्ट में ही सीरीज अपने नाम कर ली। घर में ऑस्ट्रेलिया की इससे लंबी लगातार एशेज सीरीज जीत सिर्फ एक बार रही है। 1990-01 से 2006-07 के बीच पांच सीरीज। दरअसल, 2000 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में खेली गई सात में से छह एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट तक 3-0 की बढ़त लेकर सीरीज जीत ली है।

**190.1** कुल ओवर एडिलेड में इंग्लैंड ने खेले। ब्रेंडन मैक्कुलम के हेड कोच बनने के बाद यह किसी भी टेस्ट मैच में इंग्लैंड द्वारा खेली गई सबसे ज्यादा ओवरों की संख्या है। इससे पहले इस साल हेडिंग्ले में भारत के खिलाफ उन्होंने 182.4 ओवर बल्लेबाजी की थी।

**18** टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया में जीत हासिल नहीं कर सकी। यह सिलसिला 2013-14 की एशेज में 5-0 की हार से शुरू हुआ था। अब यह ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट के इतिहास में किसी भी टीम का सबसे लंबा बिना जीत का दौर बन गया है, जो न्यूजीलैंड के 1985 से 2011 के बीच चले 18 मैचों के सिलसिले के बराबर है। ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड की आखिरी टेस्ट जीत 2011 में सिडनी में आई थी।

# टेस्ट इतिहास में पहली बार सलामी बल्लेबाजों के दोनों पारियों शतक

**माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड), जेएनएन।** कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने लगातार दूसरी पारी में शतक जड़कर टेस्ट इतिहास में अपना नाम विशिष्ट सूची में शामिल किया, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत के लिए 462 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। लैथम ने 101 और कॉनवे ने 100 रन की पारी खेली। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 192 रन की साझेदारी की थी, जिससे न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी दो विकेट पर 306 रन पर समाप्त घोषित की। न्यूजीलैंड ने पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए थे। उसने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए हैं और इस तरह से वह अभी लक्ष्य से 419 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय ब्रैंडन किंग 37 और जॉन कैंपबेल दो रन पर खेल रहे थे। केन विलियमसन 40 रन बनाकर नाबाद रहे। रचिन रविंद्र ने नाबाद 46 रन बनाए। इससे पहले वेस्टइंडीज ने सुबह पहली पारी छह विकेट पर 381 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन वह चौथे दिन अपने स्कोर में 39 रन ही जोड़ पाया और इस बीच उसने चार विकेट गंवाए। जैकब डफी (86 रन देकर चार विकेट) ने दो विकेट लेकर चौथे दिन के पहले घंटे में ही वेस्टइंडीज को ऑल आउट करने में अहम भूमिका निभाई। कैवेम हॉज 123 रन बनाकर नाबाद रहे। यह उनका दूसरा टेस्ट शतक और सर्वोच्च स्कोर है।



■ कॉनवे ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे और इस तरह से वह एक टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले दुनिया के केवल 10वें और न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। 2025 में टेस्ट में यह कारनामा करने वाले कॉन्वे दूसरे बल्लेबाज बने हैं, उनसे पहले गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में 269 और 161 रनों की पारी खेली थी।

■ लैथम ने पहली पारी में 137 रन बनाए थे। उन्होंने एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतकीय साझेदारी करके पिता रॉड की बराबरी की, जिन्होंने 1992 में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में मार्क ग्रेटबैच के साथ शतकीय साझेदारी की थी।

■ लैथम और डेवन कॉन्वे प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में दोनों पारियों में शतक जड़ने वाली पहली सलामी जोड़ी बने हैं। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा सिर्फ चौथी बार हुआ है, जब दो बल्लेबाजों की जोड़ी ने दोनों पारियों में शतक जड़ा है। इससे पहले धनन्जय डी सिल्वा और कामिंडु मेंडिस की जोड़ी ने 2024 में सिलेट में बांग्लादेश के खिलाफ दोनों पारियों में शतक जड़ा था।

## सागर के अर्धशतक से ग्रीन पैराडाइज ने राफेल एकादश को 19 रन से हराया

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच सागर शुक्ला के शानदार अर्धशतक की बदौलत ग्रीन पैराडाइज एकादश ने स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में राफेल एकादश को 19 रन से हराया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर ग्रीन पैराडाइज एकादश ने पहले खेलते हुए 9 विकेट खोकर 202 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सागर शुक्ला (82) ने अर्धशतक जड़ा। मनीष भास्कर ने 40 रन बनाए। राफेल एकादश के शिखर नवल ने 3, जबकि मानव और बबन मबस्कर ने दो-दो विकेट लिए।

## स्केटिंग : डीपीएस भोपाल के अनंतजीत को रजत, हार्दिक ने जीता कांस्य पदक

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 63वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। विशाखापत्तनम में आयोजित प्रतियोगिता में मप्र के अनंतजीत सिंह ने रजत और हार्दिक मजूमदार ने कांस्य पदक अर्जित किया। अनंतजीत दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के छात्र हैं। अनंतजीत की इस सफलता में उनके कोच साजिद खान ने बधाई दी।



# वनडे विश्व कप के बाद पहला मैच खेल रही भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को हराया

## पहले टी-20 में आठ विकेट से जीता भारत, सीरीज में 1-0 से आगे

**विशाखपट्टनम, जेएनएन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 32 गेंद रहते आठ विकेट से हराकर पांच मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारतीय गेंदबाजों ने ओस के बावजूद श्रीलंका को छह विकेट पर 121 रन का स्कोर ही बनाने दिया। ओस के उम्मीद से पहले असर दिखाने के बावजूद मेहमान टीम की बल्लेबाज ढीली गेंदों का पूरा फायदा नहीं उठा सकीं। फिर भारतीय टीम ने यह लक्ष्य 14.4 ओवर में दो विकेट पर 122 रन बनाकर हासिल कर लिया। जेमिमा रॉड्रिग्स ने 44 गेंदों में 69 रनों की नाबाद पारी खेली और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 25 रन का योगदान दिया। जेमिमा ने मंधाना के साथ दूसरे विकेट के लिए 54 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर (16 गेंद में नाबाद 15 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी निभाई। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद श्रीलंका की ओर से सलामी बल्लेबाज विष्मी गुणरत्ने 43 गेंद में 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा हसिनी परेरा ने 20 और हर्षिता समरविक्रमा ने 21 रन का योगदान दिया। भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा, श्री चरणी और क्रांति गौड़ को एक-एक विकेट मिला। नवंबर में महिला वनडे विश्व कप जीतने के बाद यह भारतीय टीम का पहला मैच था।



■ मध्यप्रदेश की वैष्णवी शर्मा ने इस मैच से डेब्यू किया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उन्हें डेब्यू कैप दी।

# भारत को हराकर पाक अंडर-19 एशिया कप चैंपियन

**दुबई, जेएनएन।** पाकिस्तान ने रविवार को अंडर-19 वनडे एशिया कप के एकतरफा फाइनल में भारत को 191 रन के बड़े अंतर से शिकस्त देकर दूसरी बार खिताब जीता। इससे पहले 2012 में पाकिस्तान की टीम भारत के साथ संयुक्त विजेता रही थी। पिछले कुछ समय से चले आ रहे रिवाज को आगे बढ़ते हुए दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैच के बाद एक-दूसरे का अभिवादन (हाथ मिलाने) करने से परहेज किया। समीर मिन्हास की 113 गेंद में बनाए 172 रन के बूते पाकिस्तान ने आठ विकेट पर 347 रन का स्कोर खड़ा करने के बाद भारत को 26.2 ओवर में 156 रन पर आउट कर दिया। अली रजा (42 रन पर चार विकेट), मोहम्मद सय्याम (38 रन पर दो विकेट) और अब्दुल सुभान (29 रन पर दो विकेट) की पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों तिकड़ी ने आठ विकेट साझा कर भारत के बल्लेबाजों को क्रीज पर समय बिताने का मौका नहीं दिया। लक्ष्य के जवाब में वैभव सूर्यवंशी ने 10 गेंदों में 26 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर टीम को तेज शुरुआत दी, लेकिन पांचवें ओवर में अली रजा ने उन्हें आउट किया। भारतीय टीम ने 4.3 ओवर में 50 का आंकड़ा पार किया था और पावरप्ले के बाद उनका स्कोर 69/5 हो गया था। भारत का स्कोर एक समय 120/9 हो गया था और यहां से नंबर 10 पर बल्लेबाजी करने आये दीपेश देवेंद्रन ने 16 गेंदों में 36 रनों की तेज पारी खेली, लेकिन अंत में रजा ने उन्हें आउट कर भारत की पारी का अंत किया।



### प्लेयर ऑफ द मैच समीर मिन्हास ने बनाए 172 रन

■ मिन्हास को फाइनल में शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अलावा 471 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।

■ एसीसी अध्यक्ष और पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी सम्मान समारोह में मौजूद रहे। उन्होंने पाकिस्तान की टीम को विनिंग मेडल दिया। हालांकि इस दौरान भारतीय टीम ने उनको नजरअंदाज किया और उनके साथ स्टेज भी शेयर नहीं किया और मेडल भी वहां मौजूद आईसीसी अधिकारी से लिया।

■ सूर्यवंशी के आउट होने पर रजा और फील्डरों ने जश्न मनाया। इस दौरान पाकिस्तान के खिलाड़ियों और सूर्यवंशी के बीच कहा-सुनी भी हुई, लेकिन वह निराश मन से मैदान से बाहर चले गए।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स 10 जनवरी से, पहली बार पारंपरिक पिट्ठू-रस्साकशी खेल और क्रिकेट शामिल

## खेल विभाग के साथ मान्यता प्राप्त संघ मिलकर करेंगे गेम्स का संचालन : खेल मंत्री

**भोपाल, खेप्र।** खेलो एमपी यूथ गेम्स नए साल में 10 से जनवरी से खेले जाएंगे। इन खेलों में पहली बार पारंपरिक खेल पिट्ठू-रस्साकशी और क्रिकेट को शामिल किया गया है। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को आयोजन की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार खेल विभाग के साथ सभी मान्यता प्राप्त खेल संघ मिलकर समन्वित रूप से प्रतियोगिताओं का संचालन करेंगे। इन खेलों का आयोजन 10 से 31 जनवरी तक किया जाएगा। सारंग ने इस आयोजन को मध्यप्रदेश का ओलंपिक करार दिया और कहा कि इस बार क्रिकेट, पिट्ठू और रस्साकशी सहित कुल 27 खेलों के लिए खेल विभाग और संघ मिलकर टीम चयन करेंगे। इन खेलों में करीब एक लाख खिलाड़ी प्रतिभागिता करेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रीवा, शिवपुरी, ग्वालियर, सागर एवं नर्मदापुरम में होगा। खेल मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस महाकुंभ की औपचारिक शुरुआत करेंगे, जबकि समापन समारोह भोपाल में होगा।



**ब्लॉक स्तर से चयन प्रक्रिया :** इस प्रतियोगिता की चयन प्रक्रिया ब्लॉक स्तर से प्रारंभ होगी, जिसमें ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं 10 से 15 जनवरी, जिला स्तरीय 16 से 20 जनवरी, संभाग स्तरीय 21 से 25 जनवरी एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 28 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को राज्य टीम के चयन में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

## सेंट मोंटफोर्ट बास्केटबॉल चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** सेंट मोंटफोर्ट ने सागर पब्लिक स्कूल को हराकर अस्मिता खेलो इंडिया बास्केटबॉल लीग टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत आयोजित स्पर्धा का आयोजन आगा क्लब बीएचईएल और भोपाल कॉरपोरेशन द्वारा मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया। फाइनल में सेंट मोंटफोर्ट ने सागर को 31-28 अंकों से पराजित किया। विजेता टीम और खिलाड़ियों को नेशनल पोल वाल्टर केएन पाण्डेय, मप्र बास्केटबॉल के उपाध्यक्ष मनोज गायकवाड़, संजय श्रीवास और आगा क्लब के सचिव वेद प्रकाश ने किया।

# डुआथलॉन में हिमांश-अनुष्का को स्वर्ण पदक

**भोपाल, खेप्र।** हिमांशु और अनुष्का ने अटल डुआथलॉन 2.0 में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित किया। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर खेल विभाग और भोपाल जिला ट्रायथलॉन संघ के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें देश के 21 राज्यों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। शहर के अटल पथ पर पांच किमी एंड्योरेंस ओपन रन में पुरुष वर्ग एससी बिस्कट चंद्रा, संजय और रविंद्र सिंह क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में राजलक्ष्मी धनंजय मोहले, सुजाता गायकवाड और मंजरी चंद्रशेखर भद्रक ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अर्जित किया। डुआथलॉन स्पर्धा (2 किमी दौड़-4 किमी साइकिलिंग-2 किमी दौड़) सब-जूनियर बालक वर्ग में महाराष्ट्र के हिमांशु नंदकिशोर नारखेडे विजेता रहे। मप्र के अर्पित निवारे और जियान अली ने दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में मप्र के अनुष्का हिंगगांवकर पहले, आरोही रैकवार दूसरे और मायाश्री अंसारी तीसरे स्थान पर रहीं। सामूहिक डुआथलॉन रेस (2 किमी रन-16 किमी साइकिलिंग-2 किमी रन) मास्टर्स पुरुष वर्ग में इमान खान, जगदीश पवार व सुरेंद्र पारीक क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में कीर्ति जैन, नैना वासनी और रजनी गौर ने क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य जीता।



## उप संचालक कृषि को संयुक्त संचालक का प्रभार

**रीवा।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक यूपी बागरी को संयुक्त संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्री बागरी द्वारा 20 दिसम्बर को रीवा में संयुक्त संचालक का पदभार ग्रहण कर लिया गया है।

## त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव में मतदान 29 दिसम्बर को

**रीवा।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त सरपंच, पंच और जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए उप निर्वाचन में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में संपन्न होगा। पंच पद के लिए मतगणना मतदान समाप्ति के तत्काल बाद की जाएगी जबकि सरपंच एवं जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए मतगणना विकासखण्ड मुख्यालय में दो जनवरी को सुबह 8 बजे से आरंभ होगी।

New Dr. Juneja's Roop Mantra® Ayurvedic Face Cream & Face Washes
No.1 BRAND
INDIA'S MOST TRUSTED BRAND
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
सुंदर Skin का मंत्रा
आयुर्वेदिक क्रीम रूप मंत्रा
Scars • Wrinkles • Pimples • Dull Skin
24x7 Helpline: 87259 66666 • www.roopmantra.com • Available at all medical & general stores

# ससुर-बहू के अवैध संबंध में पोता बना कातिल

## मां के साथ दादा को देख हुआ आग-बबूला, कर दिया कांड



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में एक दिन पूर्व बुजुर्ग की हुई हत्या का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर बेहद ही सनसनीखेज और चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक हत्या की वजह रिश्ते के ससुर और बहू के अवैध संबंध थे, जिसके चलते पोते ने अपने ही दादा की पीट पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने फिलहाल मौके से फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने पूछताछ के दौरान ऐसा खुलासा किया कि सुनकर पुलिस भी हैरत में पड़ गई। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी ने अपने इकबालिया जुर्म में भी बताया कि उसके चचेरे दादा और मां के अवैध संबंध थे। इतना ही नहीं, आरोपी के पिता ने भी इस बात पर मुहर लगाई कि उसकी पत्नी के साथ चाचा ससुर से अवैध संबंध थे। हालांकि इस बात की खबर महिला के पति को पहले से ही थी और उसने चाचा को घर आने जाने से मना किया था लेकिन वह शराब की लत का फायदा उठाकर पत्नी से अवैध संबंध बनाता था। बताया गया कि घटना दिनांक यानी शनिवार को भी ससुर और बहू दोनों ने साथ बैठकर शराब पी और बाद में दोनों घर के भीतर अनैतिक कृत्य करते मिले, जिसे देखकर आरोपी पोते करण साकेत उर्फ राजभान साकेत उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 43 बदरांव थाना बिछिया ने अपना आपा खो दिया और आवेश में आकर उसने मां और दादा दोनों के साथ मारपीट की, जिस दौरान दादा की मौत हो गई। दरअसल यह खुलासा रविवार को पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चैहान के निर्देश पर कोतवाली सीएसपी राजीव पाठक के नेतृत्व में बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने किया है। बता दें कि रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला यह मामला शहर के ही बिछिया थाना क्षेत्र बदरांव का है, जहां रहने वाले 72 वर्षीय रिश्ते के ससुर श्रीनिवास साकेत का बड़ी बहू उम्र 45 वर्ष के साथ चल रहा अवैध संबंध शनिवार को हुई हत्या की बड़ी वजह बना।

### आरोपी ने कुबूली हत्या

पुलिस द्वारा किये गए खुलासे के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि वह शनिवार की दोपहर जब घर पहुंचा तो कमरे में मां के साथ दादा को देखकर आगबबूला हो गया। आरोपी ने पहले अपनी मां के साथ ही मारपीट की, इस दौरान मौके पर मौजूद दादा की पीट पीटकर हत्या कर दी। हालांकि घटना के बाद महिला को भी अपने किए पर पछतावा था और उसने अपनी गलती भी मानी लेकिन कानून की नजरों में कत्ल महिला के पुत्र के हाथों हुआ, ऐसे में आरोपी भी उसी को माना गया। मामले में फिलहाल आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है जिसे आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
Kamta कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

# बलात्कार के दोषी को तीन माह में आजीवन कारावास

**रीवा।** जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में 9 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने त्वरित सुनवाई करते हुए आरोपी को मात्र तीन माह के भीतर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला बाल न्याय प्रणाली, पुलिस प्रशासन एवं बाल संरक्षण तंत्र की समन्वित कार्रवाई का परिणाम माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 जून 2025 को आरोपी विनोद कुमार विश्वकर्मा निवासी कुहड़ा द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर स्कूल के बहाने ले जाकर दुष्कर्म किया गया था। परिजनों की शिकायत पर नईगढ़ी पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और विवेचना पूरी कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। मामले में बाल कल्याण समिति ने अहम भूमिका निभाई। समिति द्वारा पीड़ित बालिका को तत्काल संरक्षण में लेकर उसकी काउंसलिंग, चिकित्सा परीक्षण एवं सुरक्षित देखरेख सुनिश्चित की गई। साथ ही कानूनी प्रक्रिया के दौरान बालिका के अधिकारों की निगरानी की गई। इस प्रकरण में सपोर्ट पर्सन सुमित सिंह को बालिका के साथ नियुक्त किया गया, जिन्होंने पूरे न्यायिक प्रक्रिया के दौरान पीड़िता को भावनात्मक सहयोग, काउंसलिंग एवं कोर्ट कार्यवाही में सहायता प्रदान की। सपोर्ट पर्सन की भूमिका से बालिका बिना भय के बयान दर्ज करा सकी, जिससे मामले के त्वरित निपटारे में सहायता मिली। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) पद्मा जाटव की अदालत में मामले की सुनवाई की गई। न्यायालय ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने यह भी कहा कि बच्चों के विरुद्ध अपराधों में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। प्रशासनिक व सामाजिक संगठनों ने इस फैसले को बाल संरक्षण की दिशा में एक मजबूत संदेश बताया है, जिससे समाज में अपराधियों के प्रति कड़ा संदेश जाएगा और पीड़ित बच्चों को न्याय मिलने का भरोसा मजबूत होगा।

# चोरों ने उड़ाया घर से लाखों का सामान



**रीवा।** शनिवार की रात विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंर्तगत इंदिरा नगर में अज्ञात चोरों ने घर के गेट को तोड़ लाखों का माल पार कर दिया। इस संबंध में शिकायत करते हुए अतुल त्रिपाठी पिता सच्चितानंद त्रिपाठी ने बताया कि इंदिरा नगर मे उनकी बड़ी मां का घर है, जिसकी देख-रेख वहीं करते हैं, रविवार को जब वह घर देखने गए तो वहां ताला टूटा हुआ था और घर का सामान गायब था। पीड़ित ने बताया कि लाखों रुपए के बर्तन सहित अन्य कीमती सामान चोरों ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि इसी प्रकार चोरहटा थाना क्षेत्र में भी अज्ञात चोरों ने सूने आवास पर लाखों का माल गायब कर दिया व कई घरों में घुसने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सके। बता दें कि सतेन्द्र दाहिया पिता छदीलाल दाहिया ग्राम सुमेदा थाना चोरहटा के घर चोरी हुई है। वहीं अशोक द्विवेदी पिता इंद्रमणि द्विवेदी, अच्छेलाल रजक पिता बुद्धसेन रजक व विपिन मिश्रा पिता स्व.रामसुजान मिश्रा और दीपक मिश्रा पिता स्व.मुद्रिका प्रसाद मिश्रा के घर चोरां ने घुसने का प्रयास तो किया लेकिन वह सफल नहीं हो सके।

# सेमरिया में नगरीय निकाय उप निर्वाचन में मतदान 29 को

**जागरण, रीवा।** जिले के सेमरिया नगरीय निकाय में अध्यक्ष पद तथा एक पार्षद पद के लिए निर्वाचन 29 दिसम्बर को सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। नगर परिषद सेमरिया के अध्यक्ष के लिए बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधी हाल सेमरिया, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक पाठशाला राजीव गांधी शिक्षा मिशन, प्राथमिक पाठशाला सेमरिया, प्राथमिक पाठशाला कन्या नवीन भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक वार्ड आठ बी, डॉ अम्बेडकर मांगलिक भवन, तहसील कार्यालय, न्यू हाल बालक उमावि, कार्यालय नगर परिषद, अनुसूचित जाति कन्या आश्रम, अनुविभागीय अधिकारी जरमोहरा दांयी तट नहर सेमरिया भाग एक, आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक वार्ड 13 बी, आदिवासी बालक छात्रावास तथा शासकीय प्राथमिक पाठशाला कोलउरा को मतदान केन्द्र बनाया गया है। जबकि पार्षद पद के लिए मतदान बालक उमावि सेमरिया में होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदान सामग्री 28 दिसम्बर को वितरित की जाएगी। मतगणना शासकीय नवीन महाविद्यालय सेमरिया में 31 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी।

# दिव्यांग पति की छाती पर कुल्हाड़ी भोंक कर हत्या करने वाली पत्नी को आजीवन कारावास की सजा

## संपत्ति के लिए अपने ही सुहाग का किया था कत्ल



**जागरण, रीवा।** न्यायालय दसम अपर सत्र न्यायाधीश महोदय रीवा जिला रीवा मप्र. के न्यायाधीश शशांक खरे के न्यायालय में विचाराधीन सत्र प्रकरण क्रमांक 155/2020 में निर्णय पारित कर आरोपिया पत्नी श्यामवती सिंह पति जमुना सिंह पिता जगदीश प्रसाद पटेल उम्र 71 वर्ष निवासी ग्राम मढ़ी खुर्द थाना मनगवां को धारा 302 भा.द.सं. के अपराध में आजीवन कारावास सहित 2000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सनाई है। अर्थदण्ड न अदा करने की स्थिति में छः माह का अतिरिक्त कठोर कारावास से दण्डित किया है, अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक डी.एन.मिश्रा द्वारा की गई है।

अभियोजन की कहानी अनुसार मृतक जमुना सिंह दिव्यांग था और बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। वह अपनी पूरी जायदाद अपनी लड़की ममता सिंह एवं दामाद को दे रहा था। आरोपिया देने से मना करती थी, मृतक एवं आरोपिया के मध्य हमेशा विवाद होता रहता था। इसी बात को लेकर आरोपिया ने अपने पति की 18 मई 2020 को समय करीबन 11:00 बजे दिन मृतक पति के मुह में कपड़ा ठूस कर कुल्हाड़ी से सिर एवं छाती में वार कर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक की पुत्री के अलावा अन्य कोई संतान नही थी और उसका विवाह बेवला पैकान में हुआ था। आरोपिया श्यामवती सिंह ने पुलिस चौकी गंगेव में झूठी रिपोर्ट दिनांक 18.05.2020 को दर्ज कराई कि करीबन 12:00 बजे दिन अपने घर से चाय पत्ती व सब्जी भाजी लेने गंगेव बाजार चली गई थी, बाद में घर वापस लौटने पर पति जमुना सिंह चारपाई के नीचे खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़े थे। जिस पर पुलिस चौकी मनगवां द्वारा मर्ग कायम कर जांच प्रारम्भ की गई और मर्ग जॉच में मृतक के परिजनों आरोपिया श्यामवती सिंह पुत्री ममता सिंह नाती गुंजन सिंह गवाह गोविन्द सिंह के कथन लिये गये। मर्ग जांच पश्चात चौकी गंगेव में असल नम्बर पर अपराध क्रमांक 30/2020 धारा 302 भा.द.वि. की अज्ञात आरोपी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध करते हुये विवेचना की गई। पुलिस के द्वारा विवेचना पूर्ण करते हुये मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रीवा के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से प्रकरण उपार्पित होकर दसम अपर सत्र न्यायाधीश शशांक खरे के न्यायालय में आया, जिस पर अभियोजन के द्वारा न्यायालय में 17 साक्षियों का परीक्षण कराया गया। पूरे प्रकरण का विचारण परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर किया गया। जिस पर अपर लोक अभियोजक डी.ए.मिश्रा द्वारा प्रस्तुत तथ्यों व तर्कों से अपराध प्रमाणित पाये जाने पर न्यायालय ने आरोपिया पत्नी श्यामवती सिंह को दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास सहित 2000 रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड की राशि अदा न करने की स्थिति में छः माह का अतिरिक्त कठोर कारावास से दण्डित किया है।

# अवैध वसूली का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

## यूपी-एमपी बॉर्डर में ट्रक पर चढ़ा कृषि बेरियर का कथित कर्मचारी



**रीवा।** यूपी-एमपी की सीमा के हनुमना बॉर्डर का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है, इस वीडियो को लेकर कई सवाल तो उठ ही रहे हैं बल्कि जांच की मांग भी की जा रही है। मामला अवैध वसूली से जुड़ा बताया जा रहा है। वीडियो की हकीकत क्या है यह तो जांच में ही सामने आएगा लेकिन इसको लेकर कई तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं। वायरल वीडियो को लेकर चल रही चर्चा के अनुसार यूपी-एमपी बॉर्डर हनुमना में कृषि विभाग के चेक पोस्ट से राजकुमार गुप्ता नाम का व्यक्ति अवैध वसूली करने ट्रक पर चढ़ गया। जहां अवैध वसूली से तंग आकर एक ट्रक चालक ने पैसे लेने के लिए ट्रक पर चढ़े व्यक्ति को लटकाते हुए वाहन चलाना शुरू कर दिया। जिसके बाद वसूलीबाज व्यक्ति चालक से ट्रक रोकने के लिए पांव छूते नजर आ रहा है और जीवन की दुहाई मांग रहा है। यह वीडियो सोशल साइड पर तेजी से वायरल हो रहा है जो एक जांच का विषय है। मऊगंज जिले के हनुमना कृषि चेक पोस्ट में अवैध वसूली करने ट्रक पर जैसे ही एक व्यक्ति चढ़ा तभी ट्रक ड्राइवर गाड़ी भगाने लगा। यह घटनाक्रम कई किलोमीटर तक चलाता रहा, जब वसूलीबाज चालक के पांव छूकर ट्रक रोकने की मिन्नते करने लगा तब चालक ने वाहन रोका। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि मऊगंज जिले के हनुमना में यूपी मप्र बॉर्डर पर अवैध वसूली के मामले पुराने नहीं है, यहां आए दिन ऐसी घटना देखने को मिलती है। ऐसा ही एक वीडियो 19 दिसंबर से तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि यह व्यक्ति ट्रक के बाहर लटका हुआ है, ड्राइवर खलासी गाली दे रहे हैं और कह रहे की 'तइ पैसा मगबे रे अब तोका देइत थे पैसा' कहते हुए सुना जा रहा है। वीडियो के अनुसार ऐसा घटनाक्रम कई किलोमीटर तक चलता रहा है, फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हुआ है। फिलहाल यह वीडियो जांच का विषय बना हुआ है।

# कड़कड़ाती ठंड में बेघर कर दिये गये लोही गांव के तीन परिवार, पन्नी के नीचे रहने को मजबूर

## डिक्री की आड़ में ऐसी जेसीबी चली कि सामान निकालने तक का नहीं दिया मौका

## हल्का पटवारी पर सेन परिवार कि विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही करने का लगाया आरोप



**जागरण, रीवा।** सिविल न्यायालय से डिक्री पारित होने के बाद हल्का पटवारी की मनमानी से इस भीषण सर्दी में तीन परिवारों पर कार्यवाही का कहर टूटा है। इनके कच्चे खपरैल मकानों को जेसीबी से बेहरमी के साथ तोड़ दिया गया। एक परिवार को तो घर के अंदर का सामान निकालने तक का मौका नहीं दिया गया। यह आरोप ओबीसी महासभा के संभागीय अध्यक्ष जेपी कुशवाहा ने लगाते हुए बताया कि शनिवार को उन्होंने लोही गांव का दौरा किया जहां रामनाथ सेन और उनके दो और भाइयों के मकानों को पटवारी की मनमानी के कारण बेघर कर दिया गया है। वर्तमान में ये परिवार खुले आसमान के नीचे पन्नी तन कर रहने को मजबूर है। इन परिवारों पर डिक्री की आड़ में प्रशासनिक कहर टूटा है। उन्होंने बताया कि लोही गांव के रामनाथ सेन और उनके भाइयों की घर और जमीन है। उनका और पड़ोसी वरुण मिश्रा के बीच सीमा विवाद को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। जहां से दोनों पक्ष के बीच हुए समझौते में वरुण मिश्रा के पक्ष डिक्री पारित हुई और समझौते के मुताबिक 25 बाई 30 फिट की जमीन रामनाथ सेन के परिवार से खाली कराकर वरुण मिश्रा निवासी अमहिया को देनी थी लेकिन पटवारी की मनमानी के कारण तीन जेसीबी लगाकर रामनाथ सेन और उसके भाइयों के मकान तोड़ दिये गये। एक मकान को तोड़ने के लिए इतनी जल्दी थी कि सामान तक निकालने का अवसर नहीं दिया गया। श्री कुशवाहा का आरोप है कि वरुण मिश्रा ने कोर्ट के आदेश का सहारा लेकर तहसीलदार के माध्यम से पुलिस को खड़ा कर पटवारी शैलेंद्र तिवारी ने 25 बाई 30 फिट की जगह 50 बाई 300 फिट की जमीन तीन बुलडोजर लगाकर खाली करा लिया। उसमें सेन परिवार के 10 कमरे का मकान बना हुआ था जिसमें पूरी गृहस्थी का सामान रखा हुआ था। बिना किसी पूर्व सूचना और आदेश के यह कहते हुए घर गिराया गया कि जिसको जहां जाना हो जाए, यह कार्रवाई नहीं रुकने वाली है। कार्यवाही की वीडियोग्राफी करने वाले परिवार के सदस्यों से मोबाइल छुड़ाकर पटक दिया गया। डराने के लिए हवाई फायर भी किए गए। अनहोनी के डर से परिजन बिछिया थाना पहुंचे। थानेदार से अपनी गुहार लगाई लेकिन वहां उन्हें धमकी मिली कि चुपचाप बैठो नहीं तो तुम्हें जेल में डाल देंगे। अगले दिन कलेक्टर के यहां पहुंचे वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। तहसीलदार से बात करने पर तहसीलदार का कहना है कि घर गिराने का कोई आदेश नहीं दिया गया।

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद्द दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक : शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
दिनांकः 03,04,05 जनवरी 2026
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com